ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख शुक्ल पक्ष 14 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 04 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-197 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

अरबाज और सोहेल को लेकर सलमान खान... पेज 10 पर

ओझा गुनी के आरोप में बुजुर्ग दंपती की पीट-पीटकर हत्या

घटना में शामिल 13 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

मुबारक आलम

चंदवा। लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लाधुप पंचायत के हेसला गांव में मंगलवार रात लगभग 8 बजे अंधविश्वास में आकर गांव वालों ने लाठी डंडे से पीट-पीटकर बुजुर्ग दंपती की जान ले ली। हमले में मृतकों की बहू भी घायल हो गई। वह किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाने में सफल रही। मृतकों की पहचान हेसला गांव निवासी शिबल गंझु (65) व उसकी पत्नी बवनी देवी (60) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दल बल के साथ हेसला गांव पहुंचे और दोनों शवो को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटना में शामिल 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कैसे हुई घटना : बीते 22 अप्रैल को हेसला गांव के दो युवकों की मौत लाधुप के समीप एनएच 75 पर सड़क दुर्घटना में हो गई थी। युवकों की मौत के बाद गांव में ओझा गुनी के कारण मौत होने का कयास लगाया जा रहा था। दूसरे गांव हेसालोंग का एक ओझा धीरज मुंडा पिता बुधु मुंडा हेसला गांव पहुंचा और हेसला के पाहन बुतरू पाहन के साथ मिलकर गांव वालों के साथ बैठक की। बैठक में गांव में हो रही घटनाओं और दोनों युवकों की मौत का जिम्मेदार दोनों बुजुर्ग दंपति को ठहराते हुए लोगों को भड़काने लगे। इसके बाद गांव वालों ने दोनों दंपती को बैठक में बुलाया। बैठक में गांव वाले भी ओझा की बात पर विश्वास कर दंपती पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। हमले में घायल दोनों बुजुर्ग दंपति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

जान बचाने के लिए गिड़गिड़ाती रही बहू : घटना के संबंध में मृतकों की बहू ने बताया कि घटना के वक़्त घर में मेरे सास-ससुर और मैं थी। मेरे पति बाहर कमाने गए हुए हैं। मंगलवार रात लगभग 8 बजे लोगों ने अचानक बैठक में मेरे सास ससुर को बुलाया और उनपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और उन्हें बुरी तरह से पीटने लगे। मैं लोगों के सामने दोनों की जान बचाने के लिए गिड़गिड़ाती रही पर उन्होंने मेरी एक न सुनी और मेरे सास ससुर की पीट-पीटकर जान ले ली। मैंने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। घटना के बाद से महिला इतनी डरी हुई है कि वह उस गांव में वापस नहीं जाना चाह रही है। उसे इस बात का डर है कि कहीं उसके साथ भी ऐसी घटना न दोहरा दी जाये।

क्या कहती है पुलिस : थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस हेसला गांव पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने घटना में शामिल 13 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों को कांड सं 102/23 के तहत विभिन्न धाराओं एवं डायन प्रथा प्रतिशोध अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया। मिश्रा ने बताया कि गांव वाले पहले भी मृत दंपति के ऊपर ओझा गुनी करने का आरोप लगाते थे।

गिरफ्तार व्यक्तियों की सूची : धीरज मुंडा पिता बुधु मुंडा हेसालोंग, बुतरू पाहन पिता स्व. भीषम पुजेर हेसला, संतोष गंझु पिता अयोध्या गंझु हेसला, परदेशी मुंडा पिता स्व बुधु मुंडा हेसला, सेन्धु मुंडा पिता स्व सुधु मुंडा हेसला, अमृत गंझु पिता स्व गुठु गंझू हेसला, सुलेन्द्र गंझु पिता स्व धोधिया गंझु हेसला, बिनोद सिंह पिता स्व दशरथ सिंह हेसला, भोला मुंडा पिता दिलीप मुंडा हेसला, रामचंद्र मुंडा पिता बुतरू पाहन हेसला, मुनवा मुंडा पिता स्व मंगरा मुंडा हेसला, रामधन गंझु पिता स्व. सर्वजीत गंझु हेसला, परमेश्वर मुंडा पिता स्व भीषम पाहन हेसला सभी थाना चंदवा जिला लातेहार निवासी शामिल हैं।

छापेमारी दल में शामिल : पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता,पुअनि विकास वर्मा,पुअनि जमील अंसारी,पुअनि नारायण यादव, पुअनि दिव्यप्रकाश,पुअनि सुनिल टूटी,सअनि रामप्रसाद राम समेत सैट बल,माल्हन पिकेट, सिकनी पिकेट व चेटर पुलिस पिकेट के जवान शामिल थे।

NEWS इन ब्रीफ

पलामू में स्कूल वैन में लगी आग, बच्चे सुरक्षित

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरा वन पहाड़ी के समीप लोहरसिमी एमएस पब्लिक स्कूल के एक वैन में बुधवार की दोपहर आग लग गई। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब वैन पूरी तरह जल चुकी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि वैन लोहरसिमी गांव स्थित एमएस स्कूल से बच्चों को लेकर गोरेबलहीया गांव छोड़ने जा रही थी जैसे ही वन पहाड़ी के समीप पहुची अचानक इंजन से धुआं निकलने लगा। तभी चालक वाहन को रोककर वैन में सवार सभी बच्चों को सुरक्षित उतार दिया आसपास आबादी और पानी नहीं रहने के कारण वैन को जलने से नहीं बचाया जा सका। चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि स्कूल वैन में आग लगने की सूचना पर पुलिस बल भेजकर जांच की गई। घटना सेमरा वन पहाड़ी के समीप हुई है। इंजन में खराबी के बाद आग लगी थी। इंजन से धुंआ निकलता देख चालक ने वैन में सवार बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। चालक और बच्चों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। स्कूल छुट्टी के बाद बच्चों को वैन से लेकर उनके घर तक छोड़ने जा रहा था। वाहन को थाना में लाने की कार्रवाई की जा रही है।

ईडी ने जमीन का फर्जीवाड़ा करने वालों की जानकारी मांगी

रांची। मुख्य संवाददाता। रांची जमीन घोटाले में संलिप्त सात आरोपियों के बारे में ईडी ने पुलिस मुख्यालय के आईजी मानवाधिकार को पत्र लिखा है। ईडी ने अपने पत्र में लिखा है कि रांची में जमीन के कागजातों में हेरफेर कर बिक्री करने वाले गिरोह के सात सदस्यों बड़गाई अंचल के सीआई भानु प्रताप प्रसाद, कागजात बनाने के मास्टरमाइंड अफसर अली, तलहा खान, फैयाज खान, तबरेज अख्तर, सद्दाम हुसैन, प्रदीप बागची के आपराधिक इतिहास की जानकारी दें। ईडी ने लिखा है कि रांची में जमीन के कागजातों की हेर फेर कर फजीर्वाड़ा करने के मामले में सातों आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य मिले हैं। अगर इन सभी के खिलाफ पूर्व में कोई मामला दर्ज हो, तो इसकी जानकारी मांगी गई है। अगर जमीन के कागजात के हेर फेर से जुड़ी शिकायत इन आरोपियों के खिलाफ हो तो इसकी भी जानकारी एजेंसी ने मांगी है।

आंगनबाड़ी केंद्र में 5 साल की बच्ची की गला काट कर हत्या

गुमला। बसिया थाना क्षेत्र के बम्बियारी गांव में गला रेतकर पांच साल की बच्ची की निर्मम हत्या कर दी गई। इस जघन्य हत्या कांड से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह बम्बियारी गांव निवासी रंजीत सिंह की बच्ची रितिका कुमारी को उसकी मां रुकमणी देवी घर के कुछ दूर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंचा कर लौट आई थी। इस बीच सेविका का देवर रवि सिंह बच्ची के साथ खेलने लगा। बच्ची के साथ खेलते खेलते वह सेविका की नजरों से उसे दूर कर लिया और मौका पाकर बच्ची को एक कमरे में ले जाकर तेज धारदार हथियार से बच्ची के गर्दन को काटकर उसकी हत्या कर दी। आंगनबाड़ी सेविका को जब कुछ अनहोनी की आशंका हुई तो उसने पास पड़ोस के लोगों को हल्ला मचा कर बुलाया। लेकन तबतक रवि सिंह इस हत्याकांड को अंजाम देकर फरार हो चुका था। आनन-फानन में घायल बच्ची को रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही बसिया पुलिस बम्बियारी गांव पहुंचकर रवि सिंह को गिरफ्तार कर बसिया थाना लाया और मामले की छानबीन में जुटी गई।

सीएम ने किया दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर नगर महोत्सव का उद्घाटन, बोले

राज्य में धार्मिक स्थलों का सर्किट बनेगा

गढ़वा। जिले के बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय स्थित गोसाई बाग के मैदान में बुधवार को जिला प्रशासन की ओर से आयोजित दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर नगर महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दीप प्रज्ज्वलत कर किया। इस मौके पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख व पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सीएम ने 58 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 14 विभिन्न योजनाओं उद्घाटन व 740 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जाने वाली 60 विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इससे पहले वे बंशीधर नगर स्थित हेलीपैड से सीधे वंशीधर मंदिर पहुंचे, जहां पर पूजा-अर्चना के बाद वे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने कहा कि वंशीधर नगर महोत्सव निरंतर मनाया जाएगा।। पिछले बीस वर्षों तक धार्मिक व पर्यटन के क्षेत्र मे सरकारों ने कार्य नहीं किया। झारखंड खनिज संपदा के मामले में जाना जाता था। मगर अब पूरे राज्य में धार्मिक स्थलों का सर्किट बनाया जाएगा।। धार्मिक स्थलों के साथ-साथ पर्यटन स्थल के रूप में राज्य की पहचान होगी। इस ओर प्राथमिकता के आधार पर राज्य सरकार कार्य कर रही है। देवघर मंदिर, रजरप्पा मंदिर, देवड़ी मंदिर, पारसनाथ जैसे धार्मिक स्थलों का उत्थान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बंशीधर नगर के लोगों की भावना के अनुरूप ही राज्य सरकार कार्य करेगी। नगर उंटारी से सरकारी कार्यालयों का नाम बदल कर बंशीधर नगर करने का फिर से नोटिफिकेशन किया जाएगा। गढ़वा जिले में दुग्ध के क्षेत्र में क्रांति आने वाली है। 90 प्रतिशत अनुदान पर गाय, बकरी, मुर्गी आदि सरकार मुहैया करा रही है। लोग व्यवसाय करना शुरू करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राज्य में स्कूलों की हालत बद बदतर थी। शिक्षकों का अभाव था। दो कमरों के टूटे फूटे कमरों में भगवान भरोसे पढ़ाई होती थी मगर स्थिति अब बदल चुकी है। राज्य में 80 उत्कृष्ट विद्यालय खोले गए हैं, जिनमें गढवा के तीन स्कूल शामिल हैं। आने वाले समय में राज्य में 25 हजार शिक्षकों की बहाली होगी। शिक्षा व्यवस्था ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

विपक्षियों पर बिना नाम लिए मुख्यमंत्री ने कसा तंज

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों की आदत ही लोगों को आपस में लड़वाकर राजनीति रोटी सेकने की रही है। जहां लोग एकजुट हैं, वहां पर ऐसे लोगों की पैर नही टिकती। साथ ही देश में महंगाई आसमान छू रही है। व्यापारियों के हाथ में सरकार है। रेल, हवाई जहाज, एलआईसी सब बिक रहे हैं। पांच रुपये का रेलवे प्लेटफार्म टिकट पचास रुपये में मिल रहा है। बड़े-बड़े बेंक डूब रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी कहा था फिर कह रहा हूं पैसा बैंक में नहीं रखे, बल्कि प्लास्टिक में बांधकर गाड़ कर रखें। लोग रोजगार की शुरूआत करें, जूता दुकान से लेकर व्यूटी पार्लर खोलें। सरकार की ओर से एक लाख रुपये तक का ऋण बिना किसी गारंटी के मुहैया कराएगी।

पलामू की बेटी उर्वशी गुप्ता ने किया कमाल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के डाल्टनगंज की रहने वाली उर्वशी गुप्ता ने यूट्यूब के माध्यम घर पर डांस सीखा और आज अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया। घरवाले बताते हैं कि घर में जब भी जहां भी उर्वशी को टाइम मिलता है वह डांस करती हैं। बचपन से ही उर्वशी को डांस सीखने का शौक था। उर्वशी गुप्ता ने बताया कि वह डाल्टनगंज के गिरिवर स्कूल की कक्षा बारहवीं की छात्रा है। उर्वशी ने बताया कि आज से एक साल पहले हुई क्लासिकल डांस सीखने की शुरूआत की थी और 6 महीने में अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहुंच गई। रावा आइकन में उर्वशी को मेडल और शील्ड मिला। हालांकि जिस सपने के साथ गई थी वहां वो नहीं मिला, लेकिन सपने पूरे करने के लिए मेहनत जारी है। रावा आइकन के लिए पहला ऑडिशन डाल्टनगंज में हुआ था। इसके बाद रांची में प्री नेशनल हुआ। जिसमें सफलता हासिल करने के साथ वो मुंबई तक पहुंची। जहां मेडल और शील्ड मिला। इसके बाद रावा आइकन का इंटरनेशनल वेस्ट बंगाल में आयोजित हुआ। वहां अच्छा परफॉर्मेंस था, मगर पहला स्थान नहीं ला सकी। वहां भी मेडल और शील्ड मिला। जिसके बाद अपनी कमियों पर मेहनत करने वापस डाल्टनगंज पहुंची। तभी सर्च टेलेंट शो का एक और अवसर मिला। जिसके लिए ऑडिशन देने रांची पहुंची और फाइनल राउंड तक पहुंची।

आईएएस छवि रंजन से आज दूसरी बार होगी पूछताछ

अधिकांश डील में सामने आयी प्रेम प्रकाश की भूमिका

चेशायर होम रोड की जमीन डील में प्रेम प्रकाश को मिले सर्वाधिक पैसे

रांची। मुख्य संवाददाता। रांची जमीन घोटाले में पूर्व डीसी सह आईएएस अधिकारी छवि रंजन से ईडी गुरुवार को पूछताछ करेगी। ईडी ने 24 अप्रैल को तकरीबन नौ घंटे छवि रंजन से जोनल आफिस में पूछताछ की थी। गुरुवार को आईएएस अधिकारी को रांची जोनल आफिस में दिन के 11 बजे उपस्थित होना है। ईडी ने जमीन से जुड़ी जानकारियों, कई दस्तावेजों, उनकी व उनके आश्रितों की संपत्ति व बैंक खातों के विवरण के साथ 1 मई को ही बुलाया था। लेकिन बाद में ईडी ने उन्हें चार मई को बुलाने का समन भेजा।

प्रेम प्रकाश जमीन डील का मास्टरमाइंड : ईडी की जांच में यह बात सामने आयी है कि रांची में फर्जी कागजात बनाकर उसकी डील का मास्टरमाइंड भी प्रेम प्रकाश ही है। अवैध खनन केस में जेल में बंद प्रेम प्रकाश ने जमीन की डील में करोड़ों की उगाही भी की। ईडी ने जांच में पाया है कि चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की डील में प्रेम प्रकाश को डेढ़ करोड़ रुपये मिले थे। फर्जी दस्तावेज के सहारे राजेश राय ने जमीन का पावर इम्तियाज अहमद और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

15 लाख का ईनामी इंदल आज पुलिस के समक्ष करेगा सरेंडर

रांची। मुख्य संवाददाता। भाकपा माओवादियों के रीजनल कमेटी मेंबर इंदल गंझू आज झारखंड पुलिस के समक्ष आधिकारिक रूप से सरेंडर करेगा। रांची आईजी कार्यालय में वरीय अधिकारियों के सामने इंदल का सरेंडर होगा। 15 लाख का ईनामी इंदल बीते दिनों चतरा में पुलिस मुठभेड़ में शामिल था। इस दौरान किसी तरह भाग कर वह बिहार पहुंचा था। बिहार में वह खुफिया एजेंसियों के संपर्क में आया था। इसके बाद झारखंड पुलिस के समक्ष उसने सरेंडर कर दिया। इंदल के खिलाफ बिहार- झारखंड में 100 से अधिक नक्सल कांड दर्ज हैं। उग्रवादी इंदल मूल रूप से गया के इमामगंज के असरैना गांव का रहने वाला है। इंदल के सरेंडर से माओवादियों का प्रभाव मध्यजोन में कम होगा।

शादी में डीजे बजाने गये एक युवक की मौत, एक महिला व दो युवक बेहोश मिले

महुआडांड़। प्रखंड के पंचायत सोहर के अंतर्गत ग्राम माइल में एक विवाह समारोह के घर के एक कमरे में सोए तीन युवकों में एक की मौत हो गई, अन्य दो युवक व बगल के कमरे में सोई एक महिला सुबह बेहोशी की हालत में मिले। घटना की जानकारी मिलते ही नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत दल बल साथ माइल गांव पहुंचे एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा। वहीं बेहोश दो युवक एवं महिला को बुधवार देर शाम महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उपचार के उपरांत दोनों युवक होश में आये जबकि महिला खबर लिखे जाने तक बेहोश थी।। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ चिकित्सा प्रभारी डॉ. अमित खलखो ने कहा कि अभी दोनों युवक एवं महिला खतरे से बाहर हैं। जनरेटर के धुएं से रूम में कार्बन मोनोऑक्साइड बनने की वजह से इनका ऑक्सीजन लेवल कम हुआ और बेहोश हुए। इसी दौरान पूरी तरह से ऑक्सीजन लेवल खत्म होने के बाद शायद उस युवक की मौत हो गई होगी।

भुक्तभोगी ने बताया : होश में आए साहिल केरकेट्टा ने बताया कि मंगलवार रात लगभग 11:00 बजे खाना खाने के बाद एक कमरे में तीनों सो गए। उसी रूम में जनरेटर रखा हुआ था। मुझे जब होश आया तो खुद को अस्पताल में पाया। वहीं बेहोश महिला के बारे में बताया गया कि वह हिसरी गांव की रहने वाली है।

क्या था मामला : सोहर पंचायत के माइल गांव में बंधन मुंडा के घर दो दिवसीय विवाह का कार्यक्रम था। इसमें गुमला जिले के ग्राम राजावल अंतर्गत दीना गांव के प्रेम लकड़ा का डीजे एवं जनरेटर बुक किया गया था। डीजे लेकर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

जनसभा — प्रधानमंत्री मोदी का मुख्य विपक्षी पार्टी पर बड़ा हमला

दुनिया में भारत को बदनाम करती है कांग्रेस

बंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए कहा कि कांग्रेस सरकारें आतंकवादियों को मुक्त करती हैं और दुनिया में देश को बदनाम करती हैं। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के मुदाबिद्री शहर के पास मुल्की में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कुछ साल पहले राजस्थान में बम विस्फोट की एक घटना में 50 लोग मारे गए थे। लेकिन, कांग्रेस सरकार और पुलिस ने अपराधियों को जेल से बाहर जाने दिया, कोई सजा नहीं दी गई।

पीएम ने कहा, तुष्टिकरण ही कांग्रेस पार्टी की एकमात्र पहचान है। आप उन्हें इस राज्य पर शासन करने देना चाहते हैं? कर्नाटक को बर्बाद होने देना चाहते हैं? जो भी राज्य प्रगति और समृद्धि चाहते हैं, वे पहले कांग्रेस पार्टी को बाहर करे। अगर समाज में शांति है, तो कांग्रेस को ये अच्छा नहीं लगता है। अगर देश तरक्की कर रहा है तो ये कांग्रेस को बर्दाश्त नहीं।

उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी बांटो और राज करो की नीति पर चलती है। कर्नाटक ने इसका डरावना चेहरा देखा है। वे संदिग्ध आतंकियों को बचा रहे हैं और उन्हें बाहर जाने दे रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा, मेरा देश की अर्थव्यवस्था को पांचवें से तीसरे स्थान पर ले जाने का सपना है। कर्नाटक राज्य के बिना, मैं इसे हासिल नहीं कर सकता। किसी ने भी भारत पर तब तक ध्यान नहीं दिया जब तक कि यह पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बन गया। हमने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है, जिसने 250 वर्षों तक भारत पर शासन किया और हमें गुलाम बनाया। यही मोदी सरकार कर सकती है।

पीएम मोदी ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा, आज हर शहर और कस्बे के बच्चे जी20 शिखर सम्मेलन के बारे में बात कर रहे हैं। जी20 के सम्मेलन देश भर के छोटे शहरों में भी हो रहे हैं। जी20 के एजेंडे में से एक महिला नेतृत्व वाला विकास है..

बीजेपी विकास के मामले में कर्नाटक को नंबर एक राज्य बनाना चाहती है। कांग्रेस क्या चाहती है? वह कर्नाटक को नई दिल्ली में स्थित एक परिवार का एटीएम बनाना चाहती है। पार्टी ने हर परियोजना में 85 फीसदी कटौती की थी जो राज्य को बर्बाद कर देगी। कर्नाटक के लोगों को कांग्रेस और जद (एस) से सावधान रहना चाहिए।

पीएम मोदी ने पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से अपना करियर बनाने और देश के भविष्य को संवारने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा, अगर आप एक अस्थिर सरकार चुनते हैं, तो आपका करियर भी अस्थिर हो जाएगा। कांग्रेस शांति की दुश्मन है और निवेशक उन राज्यों से भागते हैं जहां कांग्रेस का शासन है।

पीएम मोदी ने कहा, हमारा देश सैनिकों का सम्मान करता है तो कांग्रेस दुखी हो जाती है। यह हमारी सेना, सैनिकों और सेना प्रमुखों का अपमान करती है। ऐसे समय में जब पूरी दुनिया भारतीय लोकतंत्र का सम्मान कर रही है, कांग्रेस दुनिया भर में देश को बदनाम कर रही है।

बेटी की शादी कर लौट रहा परिवार सड़क हादसे का शिकार, चार की मौत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया दुःख

गुमला (झारखंड) । झारखंड के गुमला जिले में डुमरी थाना क्षेत्र के जरडा गांव के पास मंगलवार देर रात बेटी की शादी कर लौट रहा परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में माता-पिता समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि 29 अन्य घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक सभी लोग डुमरी के सारंगडीह से बेटी की शादी करके पिकअप वैन से कटारी लौट रहे थे। वैन में 55 लोग सवार थे। जरडा गांव के पास पिकअप वैन अनियंत्रित होकर तीन बार पलट गई। मृतकों में दुल्हन की मां बिरंती देवी (45), पिता सुंदर दयाल (50), एरनिस किंडो (62) और सविता नागेसिया (47) हैं। जानकारी के अनुसार डुमरी थाना क्षेत्र के कटारी गांव से मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे लड़की की शादी करने के लिए जारी थाना क्षेत्र के सारंगाडीह गांव गए हुए थे। शादी होने के बाद करीबन 8:30 बजे रात को वहां से निकले। करीब दस बजे जरडा ग्राम के समीप पिकअप गाड़ी का चालक अपना संतुलन खो दिया और गाड़ी गड्ढे में जा गिरी। गाड़ी करीबन तीन बार पलटी खाई। इसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि एक की इलाज के क्रम में मौत हो गई। घायलों को सिर, चेहरा, पैर, हाथों में चोट लगी है। घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद जारी थानेदार मनीष कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और सभी घायलों को एक बस से डुमरी अस्पताल लेकर आए, जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। नौ घायलों को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

दुष्कर्म मामले में किया आत्मसमर्पण

पाटन। जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के रुदीडीह पंचयात अंतर्गत बीते दिन 20 वर्षीय लड़की के साथ 27 अप्रैल को शाम 4 बजे दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया था। इस संदर्भ में लड़की के परिजनों ने नावा जयपुर थाना में कांड संख्या 16/32 के अभियुक्त अवधेश राम पिता स्वर्गीय उदयराम पर धारा 376 भारतीय दंड विधान के तहत प्राथमिकता दर्ज कराई गई थी। जिसे लेकर नवा जयपुर थाना प्रभारी संजय कुमार रजक के द्वारा लगातार छापामारी चलाने के दौरान शादीशुदा दो बच्चों के पिता अवधेश राम ने 3 मई को माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है।

मां देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई शोभा यात्रा

हुसैनाबाद। नगर पंचायत के नहर मोड़ स्थित चार धाम में मां देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर मां देवी की मूर्ति के साथ मंगलवार को हुसैनाबाद सिटी में शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं ,पुरुष व बच्चे शामिल हुए। इस मौके पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह,समिति के अध्यक्ष सह नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह ने संयुक्त रूप से शामिल होकर शोभा बढ़ायी। यात्रा चार धाम परिसर से शुरू होकर मुख्य सड़कों व मुख्य बाजार से होतें नगर में घुमाई गयी। मां के जयकारों से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया। अयोध्या से पहुंचे पंडित दुर्गेश शास्त्री जी महाराज ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद मूर्ति स्थापित करायी। मौके पर दुर्गेश शास्त्री महाराज ने कहा की यज्ञ के आयोजन से सिर्फ मनुष्य ही नहीं बल्कि जीव जंतुओ का भी कल्याण होता है।

टीबी मुक्त झारखंड के उद्देश्य से की गयी बैठक



नवीन मेल संवाददाता

पाटन। प्रखंड सभागार के कक्ष में टी बी मुक्त अभियान की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने की। संचालन डॉ उमेश कुमार के द्वारा किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने टीबी रोगी की सक्रियता से खोज तथा उपचार की व्यवस्था करने एवं समुदाय को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। पोषण योजना अंतर्गत टीबी रोगी को उपचार अवधि में पोषण सहायता राशि 500 रू प्रति माह का लाभ दिया जायेगा। लगातार 2 सप्ताह से खांसी होने पर है जांच करा लें। बलगम से खून आना, भूख में कमी, वजन कम होना, शाम को बुखार होना तथा रात में पसीना आना यह सब टीबी रोग के लक्षण हैं। टीबी रोगी की जांच एवं उपचार की सुविधा सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में मुफ्त उपलब्ध है। टीबी आरोग्य साथी के साथ जानकारी प्राप्त की जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए जिला पदाधिकारी नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क कर सकते हैं । बैठक में मुख्य रूप से लैब टेक्नीशियन संतोष कुमार, अंकुश कुमार, एसटीएस मनीष कुमार, एसडीएलस एवं पाटन प्रखंड के सभी एएनएम उपस्थित थे।

हुसैनाबाद नपं में अनियमितता की जांच की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने नगर विकास एवं आवास विभाग को प्रेषित पत्र भेजकर कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा व्यापक पैमाने पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की है। अन्यथा आन्दोलन की चेतावनी दी है। निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने भेजे गए पत्र में कहा है कि पूर्व में सूचनाएं देने एवं शिकायत करने के बावजूद मनमानी ढंग से खरीदी गई डस्टबिन का वितरण किया गया है। वहीं विकास योजनाओं में भी अनियमितता बरती जा रही है। और कार्यों का निपटारा मनमाने तरीके से किया जा रहा है। निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने पार्षदों के साथ दुर्व्यवहार करने का भी आरोप मढ़ा है। पत्र में कहा गया है कि इन पर विभागीय कार्रवाई नहीं होने से विकास योजनाएं या तो लंबित हैं या धन उगाही का खेल चल रहा है। उन्होंने विभागीय सचिव से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। हस्ताक्षर करने वालों में मुख्य रूप से अखिलेश यादव, सोनी देवी, राजेन्द्र पाल, सुषमा गुप्ता, अर्जुन प्रसाद गुप्ता,उमरावती देवी,नजीर अहमद,मधु अग्रवाल,लालती देवी,सरिता देवी, सुनीता देवी, ज्ञानंजय कुमार आदि का नाम शामिल हैं।

शादी की नीयत से नाबालिग किशोरी को लेकर हुआ फरार, मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। अनुमंडल क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की को शादी की नीयत से घर से भगाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में नाबालिग किशोरी के पिता ने थाना क्षेत्र के चौउआ चाट्टान गांव निवासी सूरजमल रजवार के खिलाफ हुसैनाबाद थाना मे नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि बीते एक मई को घर के सारे सदस्य गांव में ही एक शादी समारोह में चले गए थे। इस दौरान एक बोलेरो वाहन मेरे घर के पास आया और मेरी बेटी उसी बोलेरो में बैठकर चली गई। दूसरे दिन लड़का कारगिल गुप्ता के मोबाइल पर वाट्सप आया, वह वाट्सप नंबर सुरजमल रजवार का था। मैंने सारी बात सूरजमल रजवार के भाई लवकुश रजवार को बताई। उसके भाई ने कहा कि हमसे उसकी कोई बातचीत नहीं होती है। प्मुझे पुरा विश्वास है कि मेरी लड़की को शादी की नियत से लेकर कहीं फरार हो गया है। इस संबंध मे हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि लड़की के पिता की लिखित शिकायत पर सूरजमल रजवार के खिलाफ केस पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

भाजपा नेता हत्याकांड मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

जमीन विवाद में हुई थी प्रमोद की हत्या

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पुलिस ने भाजपा नेता प्रमोद सिंह हत्याकांड का उद्भेदन कर दिया है। प्रमोद सिंह पलामू के मनातू प्रखंड के एसटी मोर्चा के अध्यक्ष थे। पलामू पुलिस ने प्रमोद सिंह की हत्या के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, प्रमोद सिंह की हत्या जमीन विवाद में हुई थी। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को कई अहम जानकारी दी है। बताते चलें कि 27 अप्रैल को पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के सेमरी के इलाके में भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सिंह का शव पेड़ से लटका मिला था. प्रमोद सिंह की हत्या करने के बाद अपराधियों ने उसके शव को पेड़ से टांग दिया था। पुलिस ने हत्या के आरोप में योगेंद्र कुमार और शैलेंद्र कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। योगेंद्र और शैलेंद्र दोनों भाई हैं और मनातू थाना क्षेत्र के सेमरी के रहने वाले हैं। इस संबंध में मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि योगेंद्र और शैलेंद्र का प्रमोद सिंह के साथ जमीन का विवाद था। दोनों भाई नया घर बनवा रहे थे, घर का छज्जा बाहर निकला था। प्रमोद सिंह का कहना था कि घर का छज्जा उनकी जमीन में निकल रहा है। घटना के दिन वह काम रुकवाने गए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि इसी क्रम है योगेंद्र और शैलेंद्र के साथ मौके पर मौजूद अन्य लोगो ने प्रमोद सिंह की गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में उसके शव को पेड़ से टांग दिया था। पुलिस ने पूरे मामले में तकनीकी और अन्य बिंदुओं पर अनुसंधान करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि योगेंद्र और शैलेंद्र के अलावा हत्या में चार से पांच अन्य आरोपी शामिल थे। जिनकी तलाश के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। सभी आरोपी इलाके को छोड़ कर भाग गए हैं। दोनों भाइयों के साथ भाजपा नेता प्रमोद सिंह का सिमरी में ही दूसरी जगह पर 16 एकड़ जमीन का विवाद था। घटना के दिन स्थानीय ग्रामीणों ने काफी देर तक रोड जाम किया था। पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए हत्याकांड का खुलासा किया है।

हनुमान मूर्ति स्थापना के लिए भूमि पूजन, श्रद्धालुओं में खुशी

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। बेलबीघा पंचायत अंतर्गत ग्राम पोखरापर मे संकट मोचन हनुमान जी की दिव्य एवं भव्य प्रतिमा निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। धरवासडीह पीठाधीश्वर स्वामी केशवाचार्य जी महाराज के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं प्रवचन के साथ पूजा पाठ कराई गई । मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में भाजपा नेता कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह उपस्थित हुए। अपने संबोधन के दौरान कर्नल ने कहा कि जिस तरह हनुमान जी ने भगवान राम को मयार्दा पुरुषोत्तम राम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए थी ,ठीक उसी तरह इस क्षेत्र के इस गांव के विकास एवं समृद्धि तथा शांति के लिए इस ग्राम के राम भक्तों ने संकट मोचन हनुमान जी की दिव्य एवं भव्य प्रतिमा बनाने का जो संकल्प लिया है। यह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने हिंदुत्व की रक्षा के लिए, प्रकृति की रक्षा के लिए, एवं धर्म की रक्षा के लिए , प्रभु श्री राम के चित्रण पर विशेष प्रकाश डाला। मुख्य जजमान के रूप में जनेश्वर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी मीना देवी ने पूजन तथा महा आरती में भाग लिया। इस धार्मिक कार्यक्रम का संचालन पूर्व मेजर सूबेदार दीपक सिंह के द्वारा किया गया। विधि व्यवस्था में समाजसेवी मुकेश कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह एवं निजग्राम के राम भक्तों का योगदान सराहनीय रहा। पूजा संपन्न होने के बाद महाप्रसाद वितरण किया गया। इस पुनीत अवसर पर मुख्य रूप से बेलबीघा पंचायत के पूर्व मुखिया लखन यादव, पूर्व मुखिया महुअरी लालधन ठाकुर, शिल्पकार नारायण जी, समाजसेवी अवधेश सिंह, चंद्रदीप सिंह, हरिहर सिंह, राकेश कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, दिनेश सिंह, अखिलेश सिंह, राहुल ठाकुर ,ओम, लड्डू ,सहित सैकड़ों पुरुष एवं महिला धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

अनुमंडलीय अस्पताल में खुला मेंडाल लैब का निःशुल्क कलेक्शन सेंटर

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। अनुमंडलीय अस्पताल में मेंडाल लैब का निःशुल्क जांच केंद्र कलेक्शन सेंटर का विधायक कमलेश कुमार सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक कमलेश सिंह के द्वारा कुष्ठ रोगियों को मेडिकल किट भी प्रदान किया गया । विधायक ने कहा कि मेडॉल लैब कलेक्शन सेंटर खुलने से यहां की गरीब जनता को बहुत फायदा होगा। जो जांच कराने के लिए उन्हें यहां से डाल्टनगंज जाना पड़ता था, या प्राइवेट लैब में पैसा खर्च कर कराना पड़ता था, वह जांच अब हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में निःशुल्क होगी। मरीज अब अपना आयुष्मान कार्ड , राशन कार्ड इत्यादि दिखाकर निशुल्क जांच करा पाएंगे। इसके अलावा जिन लोगों के पास यह कागजात नहीं होंगे वह भी सरकार द्वारा निर्धारित दर पर जांच करा सकेंगे। उन्होंने मेंडाल लैब के पदाधिकारियों को जांच की गुणवत्ता एवं समय सीमा का ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से चिकित्सकों के साथ अच्छा व्यवहार करने की अपील की। चिकित्सा प्रभारी डॉ. दीपक सिन्हा ने बताया कि इस कलेक्शन सेंटर में रक्त जांच ,मल मूत्र जांच के अलावा किडनी से जुड़ी जांच ,ह्रदय रोग से जुड़ा जांच डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल, थायराइड इत्यादि हर तरह की जांच निशुल्क की जाएगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ,हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. दीपक सिन्हा ,डॉ. पीएन सिंह ,बीपीएम विभूति गुप्ता,अकाउंटेंट राजीव सिन्हा ,मेंडाल लैब से देवांशु राजशेखर, जिशान हसन, रविन्द्र कुमार कांस्यकार, रहमान के अलावा अस्पताल कर्मी एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

अररुआ खुर्द में लगी आग, भारी नुकसान

हरिहरगंज। शहर के अररुआ खुर्द दबगर मोहल्ला निवासी शिव दास के घर में मंगलवार की रात अचानक आग लग गयी। जिससे घर में रखे कई सामान जलकर खाक हो गये। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग जुटे और बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाये। इस दौरान एनएच 98 पर लगभग आधा घंटा आवागमन बाधित रहा। वहीं इस घटना में शिव दास नामक व्यक्ति मामूली रूप से झुलस गए।

कार्यालयः-
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ...../ दिनांक ...../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.04.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–पतुरा अम्बाटोली के पास से 12 पीस गम्हार बोटा, 02 पीस सागवान बोटा एवं 01 महिन्द्रा ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर विद्यासागर भगत, वनरक्षी के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 09.05.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाहन स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

:–वन है,तो जीवन है–:

PR296401 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D

समाहरणालय, लोहरदगा (उत्पाद शाखा)

खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निश्पादन हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि " झारखण्ड उत्पाद (झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली 2022" के कंण्डिका 32(i) एवं महाप्रबंधक (वित्त),झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पत्रांक– 1419 (अनु0) दिनांक– 11.10.2022 द्वारा निर्गत निर्देश के आलोक में लोहरदगा जिलान्तर्गत झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून (बडा/छोटा) के बिक्री निश्पादन के संबंध में अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किये जाते है। जिला स्तर पर निविदा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार सम्पादित की जायेगीः–

1	खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, लोहरदगा में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि।	दिनांक–06.05.2023
2	खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, लोहरदगा में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि।	22.05.2023 अप0 04:00 बजे तक
3	मुहरबंद निविदा खुलने की तिथि	23.05.2023 पूर्वाहण 11.30 बजे
4	मुहरबंद निविदा खुलने का स्थल	अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय, लोहरदगा।

उक्त नियमावली/निदेश के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्ते, आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, प्रात्रता की शर्ते, समर्पित किये जाने वाले कागजात की विवरणी एवं प्रक्रिया से सबंधित विस्तृत सूचना कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, लोहरदगा में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

PR.NO.296412 Lohardaga(23-24):D

अधीक्षक, उत्पाद, लोहरदगा।

कार्यालय झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
समाहरणालय भवन ब्लाक सी0 कमरा सं0–9
ई मेल–jepcpalamau@rediffmail.com& jepcpalamau1@gmail.com

आवश्यक सूचना

आदर्श विद्यालय योजनान्तर्गत पलामू जिले में 03 उत्कृष्ट विद्यालय (School of Excellence) में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में CBSE के तहत अंग्रेजी माध्यम से संचालित होने वाले विद्यालयों में नामांकन संबंधित आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार के अभिनव प्रयास के तहत सरकारी विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत पलामू जिले के 03 विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) के रूप में मान्यता दी गयी है। **राज्य सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) से संबद्धता (Affiliattion) प्राप्त कर विद्यालय का संचालन अंग्रेजी माध्यम से प्रारंभ किया जा रहा है। संबंधित विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा दी जायेगी।**

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक ME/01/1183/2023/1928 दिनांक 24.04.2023, एवं राज्य परियोजना, निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची द्वारा दिनांक 29.04.2023 को विडियों कॉन्फ्रेसिंग में दिये गये निदेशानुसार तथा झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक JEPC/Admin/2000 दिनांक 29.04.2023 के आलोक में निम्नांकित उत्कृष्ट विद्यालय (School of Excellence) में दिनांक 15.05.2023 तक निःशुल्क आवेदन प्रपत्र विद्यालय से प्राप्त किये जाएगें–

क्र0सं0	विद्यालय का नाम	जिस कक्षा में नामांकन लिया जाना है	सीटों की संख्या	अभ्युक्ति
1	राजकीय +2 उच्च विद्यालय (जिला स्कूल), मेदिनीनगर	कक्षा–6 कक्षा–7 कक्षा–8 कक्षा–9 कक्षा–11	80 80 80 120 120	बालक एवं बालिका दोनों के लिए
2	राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय (के0जी0 स्कूल), मेदिनीनगर	कक्षा–6 कक्षा–7 कक्षा–8 कक्षा–9	40 40 40 120	केवल बालिका के लिए
3	कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, चैनपुर	कक्षा–6	25	केवल बालिका के लिए

सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि संबंधित विद्यालय से संपर्क कर आवेदन प्राप्त करेंगे। नामांकन हेतु संबंधित विद्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 15.05.2023 है।** जिला स्तर पर परीक्षा के उपरांत मेधासूची के आधार पर नामांकन लिया जायेगा। विस्तृत विवरणी एवं आवेदन प्रपत्र का प्रारूप जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

PR 296458 District(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/47/2022-23 Re (2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

ग्रुपसं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	गुमला जिलान्तर्गत **सिसई** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य।	5,85,42,146.00	11,70,900.00	10000.00	12 माह
2	गुमला जिलान्तर्गत **बसिया** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य।	5,84,79,916.00	11,70,000.00	10000.00	12 माह
3	गुमला जिलान्तर्गत **कामडारा** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य।	5,90,82,866.00	11,81,700.00	10000.00	12 माह

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.05.2023
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 11.05.2023 से दिनांक 18.05.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 22.05.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
i)जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
ii)जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
iii)e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7.निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8.निविदा खोलने की तिथि एवं समय –23.05.2023 अपराह्न 2:00 बजे तक।
9.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11.निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 296427 (Rural Development)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या 02/2023–24

1.	विज्ञापन दाता का नाम	:–	कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला।
2	परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि	:–	दिनांक 11.05.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3	निविदा प्राप्त करने की तिथि		दिनांक 12.05.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4	निविदा खोलने की तिथि	:–	दिनांक 12.05.2023 को 3.30 बजे अपराहन में।
5	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	:–	कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला।
6	निविदा प्राप्त करने का स्थान	:–	कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला।
7	निविदा खोलने का स्थान	:–	कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला।
8	कार्य मद	:–	DMFT मद
9	कार्यो का विस्तृत विवरण	:–	

ग्रुप सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राषि	अग्रधन की राषि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	डुमरी	डुमरी प्रखण्ड में कस्तूरबा गाँधी बालीका विद्यालय, डुमरी में किचेन शेड एवं डाइनिंग हॉल का निर्माण कार्य।	24,99,500.00	50,000.00	5,000.00	03 माह
2	रायडीह	गुमला जिला अंतर्गत रायडीह प्रखण्ड परिसर में पुस्तकालय भवन हेतू पी०सी०सी० पथ एवं डीप बोरिंग का निर्माण कार्य।	7,84,000.00	15,700.00	1,250.00	03 माह

निविदा की शर्तें:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।
2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
जो निम्न है:– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 296453 (Rural Development)23-24*D

NEWS इन ब्रीफ

सामाजिक व राजनीति के तहत मुलाकात

मेदिनीनगर। शहर के नावाहाता स्थित ख्यातिप्राप्त संत मरियम आवासीय विद्यालय में विद्यालय के चेयरमैन सह झारखंड सरकार के निवर्तमान माटी कला बोर्ड सदस्य अविनाश देव से पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर उन्होंने शैक्षणिक, सामाजिक एवं राजनीतिक के विभिन्न पहलुओं पर देव के साथ काफी देर तक चर्चा की। बात-चीत के दौरान पता चला कि माटी कला बोर्ड का पुनर्गठन होनेवाला है। मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने झारखंड सरकार से अपील करते हुए कहा कि अतिशीघ्र माटी कला बोर्ड का पुनर्गठन किया जाये, ताकि झारखंड के लाखों बेरोजगार शिल्पकारों को रोजगार से जोड़ा जा सके।

बिहार कुम्हार समन्वय समिति युवा मंच का सम्मेलन

मेदिनीनगर। काका कालेलकर बीपी मंडल ने जो बंटवारा किया है वह हिस्सा किसी भी कीमत पर हमें चाहिए। इसी हिस्सेदारी के सवाल पर बिहार कुम्हार (प्रजापत्ति) समन्वय समिति युवा मंच के अरवल जिला कमिटी द्वारा माँ शाकम्भरी हॉल में सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अविनाश देव बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए।

देवीनंदन ठाकुर कथावाचक को पलामू आने का दिया न्योता

नवंबर में भक्तिमय होगा पलामू रापसे युवा वाहिनी की पहल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने विश्व प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर से मिलकर उन्हे पलामू आगमन का न्योता दिया। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय के नेतृत्व में मंगलवार को युवा वाहिनी के प्रतिनिधिमण्डल ने ठाकुर महाराज से मिलकर उन्हें पलामू में भागवत कथा के माध्यम से जीवन रूपी नैया पार कराने का आग्रह किया। इस संबंध में युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय ने बताया कि ठाकुर महाराज को व्यक्तिगत रुप से आमंत्रण देने युवा वाहिनी परिवार रोहतास आया है। ठाकुर जी महाराज ने हमारा आतिथ्य स्वीकार करते हुए सात दिवसीय भागवत कथा वाचन करने का सौभाग्य प्रदान किया है।। वहीं महराज जी ने प्राचीन,

पौराणिक, पवित्र पलामू की धरती पर आने के लिए प्रसन्नता जाहिर की। इस दौरान युवा वाहिनी परिवार के द्वारा श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज को चांदी निर्मित सवा किलो की गणपति बप्पा की प्रतिमा अर्पित करते हुए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस संबंध में युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंन्द्र तिवारी ने बताया कि आगामी कार्तिक मास में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा लक्ष्मीनारायण धनवर्षा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जो 21 नवंबर से 28 नवंबर तक संचालित होगा। यज्ञ के दौरान देवकीनंदन ठाकुर महाराज का सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। युवा वाहिनी के अनुशासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष तिवारी उर्फ पिंकू तिवारी ने बताया कि पलामू प्रमंडल में यह महायज्ञ ऐतिहासिक साबित होगा। जिसकी तैयारी अभी से ही प्रारंभ कर दी गई है। प्रतिनिधि मंडल में युवा वाहिनी के नवीन तिवारी,कृष्ण कांत चौबे, त्रिपुरारी पांडेय, शैलेश तिवारी,आशीष भारद्वाज, राकेश पांडेय, लल्लू पांडेय, सेठ चौबे, विकास दूबे, मनीष पांडेय, मुरारी पांडेय, विक्रांत त्रिपाठी, अनील दूबे, राकेश तिवारी, संजीत तिवारी व विशाल सिन्हा शामिल हुए।

बाइक दुर्घटना में भाजपा नेता की मौत

मेदिनीनगर। भाजपा नेता रामनरेश राम की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामनरेश राम मंगलवार की रात 8:00 अपने स्कूटी पर सवार होकर पाकी थाना क्षेत्र के ग्राम बछदोहर अपने किसी रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में जा रहे थे। तभी रास्ते में बसडीहा कॉलेज गेट के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए पांकी सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। रांची रिम्स जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद पाकी थाना की पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

पीजीटी नियुक्ति का आवेदन करने की आज अंतिम तिथि

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। प्लस टू स्कूलों में शिक्षकों की बहाली को लेकर आज अंतिम दिन आवेदन की तिथि है। 2137 पदों पर सीधी नियुक्ति की जाएगी। जबकि बैकलॉग में भी नियुक्ति की जानी है। लगभग 3 हजार पदों पर नियुक्ति होगी। जिन योग्यताधारी उम्मीदवारों ने अब तक आवेदन नहीं किया है, उनके पास आज ही मौका है। वे जेएसएससी की वेबसाइट पर जा कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। राज्य के प्लस 2 स्कूलों में नियुक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापन में एक प्रावधान बीएड के अपीयरिंग स्टूडेंट्स के लिए भी दिया गया है। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि वैसे उम्मीदवार जिन्होंने शिक्षक प्रशिक्षण का कोर्स पूरा कर लिया है तथा प्रशिक्षण की परीक्षा में शामिल होने वाले हैं, उन्हें भी आवेदन पत्र भरने की अनुमति होगी। लेकिन ऐसे उम्मीदवारों को अपना रिजल्ट जेएसएससी की ओर से ली जाने वाली शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के रिजल्ट से पहले या राज्य सरकार की ओर से निर्धारित समय सीमा तक दे देना होगा। ऐसा करने के बाद ही जेएसएससी उनकी नियुक्ति की अनुशंषा विभाग को करेगी। वहीं,राज्य के हाईस्कूलों में लैब असिस्टेंट के लिए भी आज ही अंतिम दिन है।690 पदों पर नियुक्ति के लिए आज तक आवेदन लिए जा रहे हैं। ऐसे में इच्छुक और योग्यता रखने वाले वैसे उम्मीदवार, जिन्होंने आवेदन नहीं किया है, वे आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन करना होगा। यह नियुक्ति स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से की जाएगी।

स्कार्पियो ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बैरियाडीह में बाइक दुर्घटना में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार को छतरपुर निवासी दशरथ विश्वकर्मा के बेटे की शादी का समारोह था। उसी शादी समारोह में घायल व्यक्ति महेश विश्वकर्मा पड़वा थाना मझिगावा ,बबलू हरिहरगंज लादी और चंचल कुमार घर रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम करकट्टा निवासी शादी समारोह में शामिल होने गए थे। तीनों व्यक्ति दशरथ विश्वकर्मा के घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर लेस्लीगंज बारात में जा रहे थे। तभी रास्ते में छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बैरियाडीह में स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और फरार हो गयी। जिसमें तीनों लोग बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी बबलू कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है उसका दाहिना पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है।

भू माफियाओं की जमीन को हड़पने की साजिश

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह अधिवक्ता रेड़मा निवासी रुचिर कुमार तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिपुरारी तिवारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण चंद्र पांडे, मणि शंकर चतुर्वेदी व चंद्रशेखर तिवारी अधिवक्ता ने रांची रोड रेड़मा जिला उद्योग विभाग के पास मथुरा बाड़ी के नाम से दान की गयी भूमि को भू माफियाओं के द्वारा जमीन को हड़पने की साजिश रच का उस पर भगवान परशुराम मंदिर का निर्माण हेतु शिलान्यास को एक बहुत बड़ी साजिश बताया है। मथुरा बाड़ी के नाम से जो भूमि दान की गई है। उसके दान पत्र में लिखी गई बातों के विपरीत जमीन पर काम किया जा रहा है जो कि सरासर गलत एवं गैर कानूनी है। वह जमीन स्वर्गीय हरिहर तिवारी की खतियानी रैयती जमीन थी। उनकी मृत्यु के बाद उनके तीन पुत्रों के बीच आपसी समझौता के अनुसार जमीन मिली और उसके पश्चात स्वर्गीय मथुरा तिवारी ने मंदिर समिति रेड़मा ठाकुरबारी मंदिर को अपनी कुछ अंश भूमि दान पत्र के माध्यम से दान कर दी गई। और उसने केवाला में वर्णित किया कि दान की गई भूमि को केवल मंदिर के राग भोग में ही उपयोग किया जाएगा। जबकि इसके विपरीत रेड़मा और बाहर के ही भू माफिया प्रवृत्ति के लोग उस जमीन को हड़पने के लिए गिद्द दृष्टि लगाए हुए हैं।

एआईएसएफ ने पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय ने एनपीयू के महाविद्यालय संयोजक विकास परिषद् (सी.सी डी.सी) को पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में कई विषय को सार्जवानिक करने की अपील की है। जिसमें निम्लिखित मांग यह है- अरङ आउट सोर्सिंग कंपनी के साथ हुये एकरार नामा (एग्रीमेंट) की कॉपी सार्वजनिक की जाए। 2021 से अभी तक हुए आउट सोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों का संख्या सार्वजनिक करें। नियुक्ति के लिए कितने सुरक्षा प्रहरी, कंप्यूटर ऑपरेटर, आदेश पाल,सफाई कर्मचारी का विज्ञापन हुआ पत्रांक और विज्ञापन संख्या सहित सार्वजनिक करें। सुरक्षा प्रहरी का चरित्र प्रमाण पत्र सार्वजनिक करें। कंप्यूटर ऑपरेटर की शैक्षणीक योग्यता, अहर्ता और अनुभव प्रमाण पत्र की छाया प्रति सार्वजनिक करें। जिला अध्यक्ष ने कहा की आउट सोर्सिंग से नियुक्त हुए कर्मचारी शोषण का शिकार होते है । इसका ताजा उदाहरण उपेंद्र कुमार है। सीसीडीसी अरविंद पांडे काफी लंबे समय से एक ही पद पर कार्यरत हैं। जो नियम विरुद्ध हैं।हमने इसकी एक प्रति कुलाधिपति सह राज्यपाल को भी भेजी है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

मेदिनीनगर। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के जगतपुरवा मोड़ के समीप बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम राजोगाड़ी निवासी उमेश तिवारी का पुत्र गौरव तिवारी उम्र 18 वर्ष मंगलवार की रात बाइक पर सवार होकर अपने दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने लेस्लीगंज गया था। उधर से घर लौटने के दौरान जगतपुरवा मोड़ हर्षइन मोड़ के बीच एक अज्ञात वाहन ने उसे धक्का मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। बुधवार की सुबह शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दी है। वही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

अपहरण कर फिरौती वसूली करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

मेदिनीनगर। नावा बाजार थाना के कांड संख्या 26/23 दिनांक 18 मार्च 2023 धारा 147 ,148, 149, 364ए, 384, 386 भा0 द0 वि 0 में नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास के द्वारा कंडा घाटी से ट्रक ड्राइवर को अपहरण कर 290000 फिरौती वसूली करने वाले दो अभियुक्त सुधीर कुमार गुप्ता पिता हरिलाल प्रसाद गुप्ता

उम्र 26 वर्ष ग्राम अरर थाना छतरपुर तथा नंदन सिंह पिता रामा सिंह उम्र 24 वर्ष ग्राम कजरी थाना पड़वा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मेदनीनगर में बुधवार को भेज दिया गया। मालूम हो कि ट्रक ड्राइवर द्वारा नावा बाजार थाना मे अपहरण व फिरौती मांग के विरुद्ध सात अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

हर वंचित व्यक्ति के साथ खड़ा है युवा जागृति केंद्र

मेदिनीनगर। शहर के स्थानीय अंबेडकर पार्क के नजदीक पड़े अज्ञात व्यक्ति की सहायता के लिए युवा जागृति केंद्र के कार्यकताओं ने एकजुट होकर प्रयास किया। युवा जागृति केंद्र के वरिष्ठ सदस्य जायद खान की दृष्टि एक जख्मी अज्ञात व्यक्ति पर पड़ी जिनका पैर अत्यंत ही दयनीय अवस्था में था। जख्म इतना बढ़ चुका था कि जख्म से कीड़े आसानी से दिखाई दे रहे थे। व्यक्ति कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं था। युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा को संपर्क किया गया। सिन्हा के निर्देश पर तत्काल दर्जनों कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क परिसर में उपस्थित हो गए। कार्यकताओं की पहल एवं प्रयास से पीड़ित व्यक्ति को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने आश्वासन दिया कि मरीज की हरसंभव सेवा एवं उपचार किया जाएगा। कार्यकताओं ने भी समय-समय पर उपरोक्त व्यक्ति की स्थिति पर नजर बनाए रखने एवं आगे भी हर संभव सहायता देने की बात कही। मौके पर जायद खान, बादल, नीरज तिवारी, मंगल सिंह, प्रिंस सिंह, श्रवण सिंह, मोहित साहू, कृष्णा यादव, रितिक, सत्यम, अभिषेक, आनंद, राहुल, चंदन सिंह, उपेंद्र यादव, एस एस खान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बारालोटा में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। राधा कृष्ण मंदिर निर्माण में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी पूर्ण सहयोग करेगी। राधा कृष्ण मंदिर का गुंबद निर्माण राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सौजन्य से कराया जाएगा। उक्त बातें राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय(गुरु पांडेय)ने कही। श्री पांडेय बुधवार को पांकी रोड बारालोटा भवानीनगर में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के आधारशिला रखने के क्रम में बोल रहे थे। मौके पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी,प्रमंडलीय संरक्षक कृष्ण कांत चौबे,किशोर दूबे,प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी,प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय जिलाध्यक्ष विकास दूबे,अनील दूबे,बृजेश शुक्ला,मनु प्रसाद तिवारी, राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के संगठन मंत्री धनंजय जयसवाल, अरविंद कुमार ठाकुर, परशुराम सोनी, राधेश्याम जयसवाल, राहुल कुमार गुप्ता, गोविंद कुमार, सोनू सिंह ,राम प्रवेश सिंह ,छोटू भारती, सुरेंद्र झा ,कयास ठाकुर, विश्वनाथ दुबे, अवध बिहारी सिंह, अवधेश सिंह, अमित कुमार यादव ,अमित कुमार जयसवाल, भास्कर पांडे, सरयू ठाकुर, अजय सिंह ,मयंक सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

पुनः विचार सर्वोच्च न्यायालय के समलैंगिक विवाह को मान्यता देने का विरोध

संगठनों ने डीसी को राष्ट्रपति के नाम सौंपा मांग पत्र

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सर्वोच्च न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने हेतु 5 सदस्यीय संवैधानिक खंडपीठ की संरचना की है। वह अयोध्या की तर्ज पर प्रतिदिन सुनवाई करेगी। इस निर्णय के पश्चात पूरे भारत भर से विभिन्न सामाजिक, महिला एवं अन्य संगठनों द्वारा इसे भारतीय परिवार व्यवस्था पर कुठाराघात बताया जा रहा है। इससे होने वाली सामाजिक विकृति के संदर्भ में चिंता जताई जा रही है। हजारों संगठनों ने राष्ट्रपति को पुनर्विचार हेतु आवेदन भी दिया है। 30 अप्रैल को स्थानीय विनय मोड़ शिव मंदिर मेदनीनगर में करीब 40 से अधिक लोग जूटे जिसमें 15 से अधिक धार्मिक एवं सामाजिक संगठन

सम्मिलित थे। इसी कार्यक्रम के दूसरे रूप में आज उपायुक्त पलामू से सभी सामाजिक संगठनों के सक्रिय सदस्य गणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की एवं राष्ट्रपति के नाम से संबोधित मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल एलजीबीटीक्यू के विषय में अपनी चिंता से राष्ट्रपति को अवगत कराने हेतु एक आवेदन भी दिया। प्रतिनिधि मंडल में श्रीराम सेना राज्य प्रमुख पंकज कुमार जयसवाल,परशुराम सेना के अध्यक्ष विकास दुबे, विश्वकर्मा युवा समाज के अध्यक्ष मंटू,गायत्री शक्तिपीठ सुदना के देवालय प्रबंधन प्रमुख योगेंद्र मंडल थे। इसी क्रम में उपायुक्त से मिलने के पश्चात प्रतिनिधीमंडल ने कहा कि 142 करोड़ के देश में चंद सौ मानसिक रूप से विकृत लोगों के आग्रह पर सर्वोच्च न्यायालय का कदम भारतीय पारिवारिक व्यवस्था पर चोट होगा। उन्हें साइकाट्रिस्ट से इलाज करवाने के व्यवस्था करने के बदले न्यायपालिका आज एक खंडपीठ की संरचना कर रही है। जोकि प्रतिदिन सुनवाई कर इन्हें विवाह के निमित्त अधिकृत करने हेतु कार्य कर रही है। जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। प्रतिनिधिमंडल ने आगे कहा कि न्यायपालिका का सर्वोच्च सम्मान इस राष्ट्र में है एवं उनके विचारों से ही समाज अत्याधिक प्रभावित होता है। अतः इस विषय में पुनर्विचार करना अति आवश्यक है उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल से आवेदन लेकर विषय को रखने का आश्वासन दिया।



मुख्यमंत्री की मौजूदगी में दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का शानदार आगाज, पहले दिन कई कार्यक्रम आयोजित

सीएम ने किया अतिथिशाला का उद्घाटन

गढ़वा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को बंशीधर मंदिर परिसर में अतिथिशाला का उद्घाटन किया। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कई जगहों पर थी सुरक्षा व्यवस्था

गढ़वा। सीएम के कार्यक्रम को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। गढ़वा की तरफ से आने वाली सभी वाहनों को रोक दिया गया था। कार्यक्रम स्थल पर 3 एंट्री गेट बनाए गए थे जहां सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। सभी लोगों की एक एक कर जांच की जा रही थी।

पहले महोत्सव में केवल बडी-बड़ी घोषणाएं होती थीं : मंत्री

गढ़वा। प्रतिनिधि

दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर नगर महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर पेजयल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि पहले महोत्सव में बड़ी-बड़ी घोषणाएं होती थी मगर अब राजकीय महोत्सव मनाई जा रही है। राज्य के धार्मिक स्थलों का देश व विदेश के मानचित्र पर दिखाई देगा। मुख्यमंत्री गढवा जिले के धार्मिक स्थलों व पर्यटन स्थलों के विकास के लिए विशेष रुचि लेते हैं।

उन्होंने गढवा के पूर्व विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने दस वर्षों तक अपने गांव के मंदिर खोंहरनाथ मंदिर तक का विकास नहीं किया। वहीं कार्यक्रम में सांसद व भवनाथपुर विधायक को कार्यक्रम से अलग रखने पर कहा कि ये लोग सनातक धर्म का ठेका ले रखा है। सिर्फ राजनीति रोटी सेकने का काम करते हैं। ऐसे जनप्रतिनिधियों को पहचानने की जरूरत है। हमलोग हर क्षेत्र का विकास व सभी जाति व धर्म के लोगो को साथ लेकर चलने का काम करते हैं। झारखंड सरकार की सवा तीन वर्षों का कार्यकाल राज्य के 18 वर्षो के कार्यकाल पर भारी पड़ेगा। वर्ष 2019 में परीक्ष में शामिल हुए हैं अब 2004 में

परिणाम मांगने आएंगे। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि पहली बार राजकीय महोत्सव बंशीधर नगर में आयोजित किया जा रहा है। झारखंड सरकार ने कई क्षेत्रों में ऐतिहासिक फेसला लिया है। वर्तमान राज्य सरकार ने पिछली सरकार के कार्यकाल के समय का लाभ किसानों को देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के करीब 11 लाख किसानों को फसल बीमा का करीब 816 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुकी है। जिसमें गढ़वा जिले के 20 हजार किसानों को योजना का लाभ दिया गया है।

बंशीधर महोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में आयोजित भव्य व आकर्षक शोभायात्रा के साथ बुधवार को दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का शुभारंभ हुआ। श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर सुबह से ही अनुमंडल मुख्यालय में चहल पहल बढ़ गई थी। पेट्रोल पंप के निकट स्थित गायत्री मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के बाद भगवान श्री कृष्ण की पालकी यात्रा प्रारंभ हुई।

पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु नाचते झूमते आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं द्वारा लगाये जा रहे जयकारे से अनुमंडल मुख्यालय गूंज रहा था। महिला, पुरुष व बच्चों में श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा था। एक तरह के भगवा वस्त्र धारण किये महिलायें व राधा कृष्ण का रूप धारण किये कलाकार शोभायात्रा में आकर्षण के मुख्य केंद्र थे। गायत्री मंदिर से प्रांभ हुई शोभायात्रा मुख्य पथ से होते हुए बाबा बंशीधर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। बंशीधर मंदिर परिसर में बाहर से आये कलाकारों ने अपने कला का प्रदर्शन करते हुए भगवान कृष्ण व राधा की लीलाओं

को प्रदर्शित किया। शोभायात्रा में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी, चैंबर अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर, सचिव गोपाल जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, ओमप्रकाश चौबे, बिरेंद्र प्रसाद, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, अनूप कुमार निराला, महमूद आलम, बबलू जायसवाल, अशोक जायसवाल, शैलेश शुक्ल, जिला परिषद सदस्य बाला रानी, रजनी शर्मा, किरण देवी, लवली आनंद, लवली आनंद, विद्या भास्कर, संतोष कमलापुरी आदि शामिल थे।

मेराल थाना क्षेत्र में मां की डांट पर किशोरी ने खाया जहर

गढ़वा। मेराल थाना क्षेत्र के चतरीदामर गांव में कजली कुमारी ने बुधवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि मानदोहर निवासी शिवनाथ मुसहर की पुत्री कजली कुमारी अपनी मां के साथ चतरीदामर गांव में बहन के ससुराल में गई थी। उसे इधर-उधर आने-जाने को लेकर उसकी मां ने कजली कुमारी को डांट फटकार कर दिया। इससे गुस्से में आकर कजली कुमारी ने कीटनाशक खा लिया। सदर अस्पताल में इलाजरत कजली कुमारी की हालत स्थिर बनी हुई है।

महिला ने खाया जहरीला पदार्थ : मेराल थाना क्षेत्र के चामा गांव निवासी आलम अंसारी की पत्नी रकीबा बीबी ने बुधवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। रकीबा बीबी व उसके परिवारवालों के बीच किसी बात को लेकर नोंकझोंक हुई थी। इससे गुस्से में आकर रकीबा बीबी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार रकीबा बीबी की हालत में सुधार हो रहा है।

राजाभाऊ स्मारक समिति के नए भवन का भूमि पूजन

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में राजाभाऊ स्मारक समिति (ट्रस्ट) के नए भवन का भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में उपस्थित अतिथि गण सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग, प्रांत सहित जिले भर के कार्यकर्ता बंधु शामिल हुए।

ज्ञात हो कि राजाभाऊ स्मारक समिति (ट्रस्ट) के द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जिला कार्यालय निर्माण हेतु भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह का संचालन जिला कार्यवाह नितेश कुमार के द्वारा किया गया वहीं समारोह की भूमिका रखते हुए जिला संचालक मा. दिनेश चौबे जी के द्वारा विषय प्रवेश कराया गया। तत्पश्चात समारोह में कई दानदाताओं ने भवन निर्माण हेतु ट्रस्ट को दान करने की घोषणा की। मौके पर प्रांत कार्यवाह संजय कुमार ने गढ़वा जिला में राजाभाऊ स्मारक समिति के द्वारा भवन निर्माण सफलतापूर्वक कराने हेतु भवन निर्माण

समिति की घोषणा की, जिसमें अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार मिश्रा, सचिव विनोद जायसवाल, कोषाध्यक्ष मनीष कमलापुरी, सहित सदस्य के रूप में अशोक पटवा, अनिल सोनी, संजय ठाकुर एवं दीनदयाल पासवान बनाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सह प्रांत कार्यवाह धनंजय जी, विद्या भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री ख्यालीराम जी, भाजपा के झारखंड प्रांत संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी, सामाजिक सद्भाव के क्षेत्र टोली सदस्य राकेश लाल जी, राजाभाऊ स्मारक समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष सह पलामू जिला मा. जिला संघचालक दिनेश कश्यप जी,गढ़वा जिला मा. सह जिला संघचालक काशी जी, विभाग कार्यवाह राजीव कुमार सिंह जी,सह विभाग कार्यवाह शशि जी, प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख ज्वाला जी, झारखंड प्रांत ग्राम विकास प्रमुख महेंद्र जी, पलामू विभाग प्रचारक व्यापक जी, गढ़वा जिला प्रचारक सत्यम जी, विभाग महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख धनंजय सिंह जी गढ़वा जिला सह कार्यवाह आशीष जी, जिला पर्यावरण प्रमुख पवन जी सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य,पलामू विभाग के जनप्रतिनिधि गण आदि अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

चतरा संक्षिप्त

सेविका व सहायिका को दिया गया प्रशिक्षण

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को मुख्यमंत्री सार्थी योजना को लेकर सेविका व सहायिकाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, मुख्यमंत्री सार्थी योजना के जिला समन्वयक प्रवेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रशिक्षण में उपस्थित सेविका व सहायिकाओं को अपने पोषक क्षेत्र में 18 से 35 वर्ष के युवक-युवतियों को योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के साथ आवेदन लेने की बात कही। यह प्रशिक्षण 3 माह का आवासीय व निःशुल्क है। प्रशिक्षण प्राप्त होने के बाद भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा प्रमाण पत्र देने के साथ कंपनी में रोजगार देने की बात कही गयी। प्रशिक्षण में महिला पर्यवेक्षिका उषा प्रसाद, पोषण आहार विशेषज्ञय अंजुम प्रवीण सहित सेविका व सहायिका उपस्थित थीं।

ब्रजेश गंझू के घर में चिपकाया गया इश्तेहार

मयूरहंड(चतरा)। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निदेर्शानुसार बुधवार को टीएसपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गांझू उर्फ सरदार जी उर्फ. बुढ़ा के जिले के लावालौंग स्थित घर में मयूरहंड थाने में दर्ज कांड को लेकर न्यायालय द्वारा जारी इश्तेहार (नोटिस) पुलिस टीम ने चिपकाया। इश्तहार पुलिस अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह व मुकेश कुमार के साथ लावालौंग थाने के पुलिस अवर निरीक्षक रोहित साव आदि ने ढोल व डुगडुगी बजाकर ग्रामीणों की उपस्थिति में फरार अभियुक्त के घर पर चिपकाया। अभियान में हवलदार सरोज मिंज, आरक्षी दिनेश रजक, चालक आरक्षी दिनेश कुमार सिंह, चौकीदार सुरेश गंझू आदि शामिल थे।

स्थापना समिति व अनुकंपा समिति की बैठक

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकम्पा समिति की बैठक हुई। जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े 11 मामलों को रखा गया। बैठक में उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों को एक-एक कर आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की गहन जांच कर पर्याप्त कागजातों वाले दो आवेदक जिनका दस्तावेज सही पाया गया है। उन दोनों को अनुकंपा के आधार पर जल्द नियुक्ति पत्र देने समेत अन्य निर्देश दिए। साथ ही शेष आवेदक जिनके दस्तावेज में कमी पाई गई है उसको पूर्ण करते हुए अगली बैठक में रखने का निर्देश दिया।

बीडीओ ने किया स्वच्छता अभियान का आरंभ

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न पंचायत सचिवालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह के निर्देश पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान का शुभारम्भ बुधवार को किया गया। साफ-सफाई पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। साथ ही उपस्थित कर्मियों को पंचायत सचिवालय के साथ साथ पंचायत क्षेत्र में सफाई अभियान चलाने की बात कही। अभियान में मखिया बेबी देवी, सुमीरा कुमारी, निर्मला देवी आदि शामिल रहीं।

आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक हुई

पार्टी की रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता : कर्मवीर सिंह

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में उत्सव गार्डन गढ़वा में संगठनात्मक बैठक हुई। दो सत्रों में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा के सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष महामंत्री भाजपा मंडल अध्यक्ष पुर्व के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकताओं को बुथ स्तर पर लोगों को पार्टी से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा में पुर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ता मिलकर संगठन से लोगों को जोड़ने का काम करें। बुथ मजबूत

पार्टी मजबूत इस मुल मंत्र के साथ कार्यकर्ता को काम करना होगा। 2024 में भाजपा केंद्र से लेकर राज्य तक पुनः पुर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि गढ़वा जिला में बुथ स्तर पर संगठन पुरी तरह मजबुत है मंडल से लेकर बुथ स्तर तक कार्यकर्ता लोगों को पार्टी से जोड़ने में लग जाए। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में हर जगह भाजपा की जीत सुनिश्चित है। मंच का संचालन जिला महामंत्री संतोष दूबे ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से पलामू सांसद बीडी राम पुर्व मंत्री रामचंद्र केशरी पुर्व सांसद बृजमोहन राम पुर्व विधायक हरेकृष्णा सिंह प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह भाजपा नेता अलख नाथ पाण्डेय जवाहर पासवान ईश्वर सागर चंद्रवंशी भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे राजीव रंजन तिवारी जिला महामंत्री विकास स्वदेशी महेंद्र सिंह जिला मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी सोशल मीडिया प्रभारी संजीत तिवारी भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे अनिता गुप्ता राजेन्द्र गुप्ता मीना गुप्ता अंजलि गुप्ता रामशीष तिवारी विकास तिवारी अविनाश पासवान सुरेन्द्र विश्वकर्मा कैलाश कश्यप जितेन्द्र दीक्षित मुरारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय यादव ठाकुर प्रसाद महतो सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

सदर अस्पताल में महिला के पैसे व गहना ले उड़े उच्चके

गढ़वा। सदर अस्पताल में इन दिनों उच्चके भी सक्रिय हैं। पलक झपकते ही सदर अस्पताल में आए मरीज व उनके स्वजनों के सामान से लेकर नकद रकम पर हाथ साफ कर रहे हैं। बुधवार को भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। अपने पोते का इलाज कराने पहुंची मेराल थाना क्षेत्र के भंडार गांव की बसंती देवी पति बाल गोविंद बियार के थैले से उच्चकों ने नकद रकम और गहना उड़ा लिया। बसंती देवी के पोते का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। काउंटर पर पर्ची कटाने से पहले बसंती देवी ने अपने कान से टॉप निकाल कर एक थैले में रख लिया, जबकि उसमें पहले से ही 600 रुपये रखे थे। बसंती देवी ने बताया कि काउंटर पर पर्ची कटाने के दौरान ही उसके थैले को काट कर पैसे व गहना। निकाल लिया गया। जब वह पर्ची कटाकर लाइन से बाहर निकली, तब उसने थैले को कटा हुआ पाया। जबकि उसमें रखा पैसा व गहना गायब था।

दोषियों को मिले फांसी की सजा: भाजपा

चंदवा में अंधविश्वास में बुजर्ग दंपती की मॉब लिंचिंग का मामला

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
चंदवा थाना क्षेत्र के लाधुप पंचायत के अति उग्रवाद प्रभावित हेसला गांव में मंगलवार की देर रात हुई वृद्ध दंपती की डायन बिसाही के नाम पर मॉब लिंचिंग की घटना की जानकारी लेने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव बुधवार को हेसला गांव पहुंचे। दंपती की हत्या पर गहरा आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि यह एक जघन्य अपराध है। इस अपराधिक घटना में शामिल सभी लोगों का मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चालकर फांसी की सजा दिलानी चाहिए। प्रतुल ने कहा प्रशासन यह सुनिश्चित करें कि एक भी दोषी बचे नहीं और एक भी निर्दोष बेवजह फंसे नहीं। प्रतुल ने कहा कि घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। अधिकांश लोगों ने गांव छोड़ दिया है।मौके पर चंदवा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष साजिद खान, प्रखंड, लाधूप पंचायत मुखिया बिफर मुंडा, गोपाल शाहदेव आदि उपस्थित थे।

चंदवा में कानून व्यवस्था पर माकपा ने उठाए सवाल

चंदवा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे अयुब खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि चंदवा में कानून व्यवस्था लागातार बिगड़ रही है। 20 दिनों में तीन हत्याओं से लोगों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो गया है। कानून का खौफ अपराधियों में नहीं है। इसी का ही नतीजा है लाधूप पंचायत के हेसला बांझी टोला गांव में अंधविश्वास के कारण दंपती की निर्मम हत्या, जो काफी निंदनीय है। इसके पहले हाका गांव में दलित छात्रा की हत्या कर दी गई थी। अंधविश्वास को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में कमी आ गई है। गिरती हुई कानून व्यवस्था को तत्काल सुधार नहीं किया गया तो स्थिति और बद से बदतर हो जाएगी।

मनिका के विधायक ने कहा-विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड विकास में अव्वल होंगे

छह करोड़ रुपये की छह योजनाओं का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
मनिका विधानसभा के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने बुधवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में छह करोड़ रुपये से अधिक की आधा दर्जन योजनाओं का पंचायत के जनप्रतिनिधियों, कांग्रेसी कार्यकताओं समेत अपने समर्थकों के साथ शिलान्यास किया। विधायक रामचंद्र सिंह ने सर्वप्रथम अपने गृह प्रखंड के छिपादोहर में बालक आवासीय विद्यालय परिसर में विशेष प्रमंडल द्वारा पीसीसी पथ का उप मुखिया दीपा देवी, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार आदि की उपस्थिति में शीला पट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया।

कार्यकर्म में विधायक ने कहा कि मनिका विधानसभा के बरवाडीह समेत सभी प्रखंड

विकास में अव्वल होंगे। क्षेत्र की सभी बुनियादी समस्याओं का क्रमबद्ध तरीके से निवारण किया जा रहा है। सभी पंचायतों में उप स्वास्थ्य केंद्र, ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली पीसीसी सड़क निर्माण, पुल पुलिया समेत सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इसके उपरांत विधायक ने उक्कामड़ पंचायत के मुरू ग्राम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए जाने वाली उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। विधायक ने छेंचा में पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र, केचकी पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र, खुरा पंचायत में पीसीसी सड़क निर्माण, मंगरा पंचायत में मंगरा अमडीहा के बीच धरधरी नदी में विशेष प्रमंडल द्वारा दो करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुल निर्माण का शिलान्यास किया। इस शिलान्यास कार्यक्रम में 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, अजय चंद्रवंशी शिवानंद तिवारी दीपू, रविंद्र राम, सुरेश प्रसाद यादव, मोहम्मद शाहिद अंसारी,दिलावर अंसारी, जय प्रकाश रजक,हलीम अंसारी,अजीत कुमार, संजय यादव, पंचायतों के मुखिया पूनम देवी, बिपिन बिहारी सिंह, बुद्धेश्वर सिंह, कैलाश सिंह, उमेश प्रसाद, कुलेश्वर सिंह, सभी पंचायतों के गणमान्य लोगों समेत काफी संख्या में उनके समर्थक साथ थे।

NEWS इन ब्रीफ

आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर पंचायतों में लगेगा शिविर

महुआडांड़। प्रखंड की सभी पंचायतों में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर सभी पंचायतों में तिथि वार शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, 5 मई महुआडांड़, 6 मई को अम्वाटोली, 8 मई को अक्सी, 9 मई को दुरुप, 10 मई को गढ़बुढ़नी, 11 मई को परहाटोली, 12 मई को चम्पा, 13 मई को हामी, 15 मई को चटकपुर, 16 मई को ओरसा, 17 मई को चैनपुर, 18 मई को नेतरहाट, 19 मई को रेगाई और 20 मई को सोहर पंचायत में शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।

सहायक अध्यापक को दी गई विदाई

लातेहार। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय केडू, लातेहार के सहायक अध्यापक जितेंद्र प्रसाद सेवानिवृत्त हो गए। विद्यालय परिसर में विदाई समारोह हुआ, जिसमें उन्हें शॉल व भागवत गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव ने कहा कि जितेंद्र प्रसाद की कार्य एवं व्यवहार कुशलता सभी को प्रभावित करती है। समन्वयक राजेश कुमार ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हैं। समारोह में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी कुमारी, उमेश राम, संजीव कुमार चंद्र, बामशंकर सिंह, गजेंद्र पासवान, बिनेश्वर सिंह, नवीन कुमार पांडेय, केदार प्रसाद, रामू भुइयां, प्रमोद कुमार पांडेय समेत स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

इटखोरी(चतरा)। इटखोरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करनी गांव में आयोजित तीन दिवसीय 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा करनी यज्ञ मंडप से विधिवत निकला जो विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए माता भद्रकाली मंदिर स्थित मुहाने उत्तरवाहिनी नदी पहुंची, जहां मंत्रोचर के साथ कलश में जल भरकर कशधारी माता भद्रकाली का दर्शन करते हुए पुनः यज्ञ मंडप पहुंचे जहा कलशों को स्थापित किया गया।

घटिया पाइप लगाने के कारण जहां-तहां हो रही पानी की लीकेज

पानी की किल्लत से ग्रामीण परेशान

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आसपास के छोटे-मोटे तालाब सूखने लगे हैं। आदमी तो आदमी जानवरों को भी पानी पीने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में आपको बता दें कि लातेहार जिले के सभी पंचायतों के गांव-गांव तक जल नल योजना के तहत बोरिंग निर्माण कार्य बड़े जोर शोर से चल रहा हैं। लातेहार सदर प्रखंड के हेट पोचरा पंचायत के समीप मांजर ग्राम स्थित कैरा टोला पश्चिम टोला एक ऐसा गांव है जहां जल नल योजना के तहत बोरिंग का निर्माण कराया गया। 20 घरों में कनेक्शन देकर पानी पहुंचाने का कार्य भी चल रहा है, लेकिन ठेकेदारों द्वारा अपने फायदे के लिए जैसे-तैसे बोरिंग कर पैसे की बंदरबांट कर ली जा रही है। इसके कारण आज स्थिति ऐसी उत्पन्न हो गई है कि उस गांव के 20 घरों में नल देने के बजाए कुछ घरों में ही नल का कनेक्शन दिया गया है। कुछ घरों में जो कनेक्शन दिए गए हैं उनमें भी पाइप घटिया लगाने के कारण पानी लीकेज हो जा रहा है। इसका खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे हैं। लोग आधा किलोमीटर का सफर तय कर चापाकल से पानी लाने को मजबूर हो रहे हैं।

क्या कहते हैं ग्रामीण

राजेश सिंह, श्याम प्रकाश सिंह, रघुनंदन सिंह, कृष्णा सिंह, मुरारी सिंह, गोल्डन सिंह, संजय सिंह, सावन सिंह, मनोज सिंह, हीरालाल सिंह, कुलेश्वर सिंह, नरेश सिंह, दिनेश सिंह, समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पाइप घटिया होने के कारण जो नल लगाया गया था उसमें भी पानी नहीं पहुंच पा रहा है और पहले से लगे चापाकल के मुंडी को भी हटा दिया गया है। वहीं पश्चिम टोला में ना तो नल लगाया गया है न ही पाइप लगाया गया है जो टंकी भी लगाई गई थी वह भी फटी हुई थी, जिस कारण उसे भी उतार कर नीचे रख दी गई है। जो चापाकल था उसको भी खराब करके यहां से लेकर चले गए, जिस कारण हम लोगों को पानी पीने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में चंदा कर बाहर से मिस्त्री बुलवा कर चापाकल को बनाया गया। आगे उन्होंने कहा कि पश्चिम टोला में दो माह से जल मीनार ऐसे ही पड़ा हुआ है। वहीं ठेकेदार को सूचना दी गई मगर वह टालमटोल कर रहा है। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है।

काम बंद है

पंचायत समिति क्रम देव सिंह ने बताया कि यह बात सही है कि उन दो टोलों में पानी की समस्या है। ठेकेदार अपने फायदे के लिए जैसे-तैसे यहां बोरिंग की है। दो माह से काम बंद है। हमने ठेकेदार से कई बार संपर्क किया मगर उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। वहीं पीएचईडी विभाग के एक्ज्यूटिव इंजीनियर जितेंद्र कुजूर ने बताया कि अभी यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। अगर ऐसी कोई बात है तो इस मामले की जांच की जाएगी।

नल-जल योजना के निर्माण में बरती जा रही अनियमितता

अजित कुमार यादव। कुंदा(चतरा)
पीएचडी विभाग की ओर से जिले के अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा प्रखंड में नल जल योजना के अधिष्ठापन में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। इसको लेकर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा सरकारी नियमावली से हटके पाइप को जमीन के अंदर 3 फीट गहरे गड्ढे खोदकर बिछाने के बजाय, कहीं-कहीं मजदूरों द्वारा महज आधे फीट गड्ढे में पाइप को बिछाकर आधा अधूरा कार्य किया जा रहा है। इससे भविष्य में पाइप की क्षतिग्रस्त होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं ग्रामीणों ने यह भी बताया की नल-जल योजना में कार्य कर रहे संवेदक से लेकर कर्मी सभी लूटने में लगे हैं। एक वायरल ऑडियो से स्पष्ट होता है कि नल जल योजना में कार्य कर रहे मुंशी किस तरह से कम पैसे में पाइप को बेचने की बात कर रहा है। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी कार्य में हो रहे लापरवाही को लेकर मुखदर्शक बने हुए हैं। परिणाम स्वरूप संवेदक बेखौफ होकर मनमानी कर रहा है। दबे जुबान से लोग यह भी बता रहे हैं कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लिए भी परसेंटेज बंधा हुआ है। वहीं जब ग्रामीण विरोध करते हैं तब संवेदक द्वारा कार्य में थोड़ा सुधार लाया जाता है, लेकिन जैसे ही दूसरे स्थान में प्रवेश करते हैं अनियमितता की पुरानी स्थिति चालू हो जाती है। ग्रामीणों ने नल-जल योजना कार्य की जांच कराने की मांग वरीय पदाधिकारियों से की है।

पिकअप वाहन के धक्के से युवक की हुई मौत

दो लाख मुआवजे पर दो घंटे बाद हटा जाम

नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा/गिद्धौर (चतरा)
पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुबा में पिकअप वाहन के धक्के से घायल गिद्धौर थाना क्षेत्र के मारंगी गांव निवासी प्रकाश प्रजापति उर्फ पिंटू प्रजापति मौत हो गई। हालांकि ग्रामीणों और पुलिस की तत्प्रता से युवक को तत्काल 108 एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया था लेकिन उसकी मौत रास्ते में हो गयी।

बताया गया कि युवक टूटीलावा मनातू अपने ससुराल से मंगलवार को अपने घर लौट रहा था। इसी बीच पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के कुब्बा गांव स्थित तालाब के समीप प्यज लदा एक पिकअप वाहन ने युवक के मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पिकअप वाहन पत्थलगड़ा निवासी विकास साव पिता परकु साव की है। वहीं इस घटना से आक्रोशित परिजन व ग्रामीण बुधवार को शव को लेकर पत्थलगड़ा के गुंजरी गेट पहुंच कर सड़क को जाम कर दिया। साथ ही परिजनों ने पिकअप वाहन चालक व मालिक के विरुद्ध थाने में आवेदन दिया है। जाम की सूचना पर बीडीओ मोनी कुमारी और थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंच ग्रामीणों के साथ वार्ता की। परिजनों ने बताया कि लोगों ने उन्हें बताया कि विकास अग्रवाल के सब्जी वाहन से पिंटू कुमार उर्फ प्रकाश को धक्का लगा है और उसकी मौत हुई है। दोनों पक्षों में वार्ता के बाद पीड़ित परिजनों को दो लाख मुआवजा राशि दी गई। उसके बाद करीब दो घंटे बाद जाम हटाया गया।

बाइक दुर्घटना में मां सहित बेटा-बेटी घायल

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार दोपहर बालूमाथ हेरंहज मुख्य मार्ग पर मंगरदाहा नदी के पास बस से पास लेने के दौरान बाइक अनियंत्रित हो गई। इससे बालु तुम्बागड़ा ग्राम निवासी रामदेव गंझू की बाइक अनियंत्रित हो पलट गई और सवार कमिता देवी, नेहा कुमारी व प्रीतम कुमार घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम द्वारा उपचार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार रामदेव गंझू शादी समारोह से लावालोंग से वापस अपने घर बालु तुम्बागड़ा लौट रहे थे।

मोटरसाइकिल दुर्घटना में यवुक गंभीर, रेफर

कुंदा(चतरा)। बुधवार को कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुन्दा-लावालौंग मुख्य सड़क पर सिद्दकी मोड़ के समीप बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कुंदा थाना क्षेत्र के कोयलिढोढा गांव निवासी उमेश गंझू को एंबुलेंस से चतरा सदर अस्पताल भेजा गया। उमेश अपने घर कोयलिढोढा से बनियाडीह संबंधी के घर जा रहा था। उमेश की पत्नी के अनुसार दूसरे मोटरसाइकिल सवार युवक को ठोकर मारकर भाग गया।

छिपादोहर में हुआ थाना दिवस का आयोजन

बरवाडीह। प्रखंड के छिपादोहर थाना परिसर में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छिपादोहर व आसपास की सात पंचायतों के एक दर्जन से अधिक जमीन विवादों का मामला पहुंचा। अंचलाधिकारी ने दो मामलों को तत्काल हल कर दिया। वहीं बाकी मामलों में अंचलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि नया हाल सर्वे में उठे नाम पर जमीन विवाद नहीं किया जा सकता। पुराने हाल सर्वे के आधार पर ही निर्णय मान्य है। किसी भी पक्ष द्वारा विवाद करने या शांति भंग करने पर उस पर करवाई की जाए। सीओ ने ऐसे मामले में सर्वसम्मत हल पर जोर दिया।

दंपती की दर्दनाक मौत पर ग्रामीणों में उबाल, नहीं हटा कोल वाहनों का जाम

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा
पिछले कुछ दिनों से टंडवा प्रखंड क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं के कारण कई राहगीरों की असामयिक मौत से क्षेत्र के ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति उबाल है। मंगलवार देर शाम टंडवा थाना क्षेत्र के असनातरी में अज्ञात तेज रफ्तार कोल वाहन की चपेट में आने से दोपहिया सवार दंपती की हुई दर्दनाक मौत हो गई थी, जिससे आक्रोशित ग्रामीण सार्वजनिक सड़क से कोल वाहनों के स्थायी तौर पर परिचालन रोकने व मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया है। असनातरी निवासी 45 वर्षीय राजकुमार उरांव अपनी पत्नी झूबो देवी के साथ बड़गांव में शादी

समारोह गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों की सड़क हादसे में मौत हो गई। इस घटना से उनके दो छोटे नाबालिग बच्चे अनाथ हो गए। जाम से तीन किलोमीटर दूर तक वाहनों का तांता लग गया व विभिन्न कंपनियों के लगभग पांच हजार टन कोयला डिस्पैच नहीं हो सका। दूसरी ओर लगभग 16 घंटे से लगे जाम को देखते हुए इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह व रंजीत रौशन, सीओ विजय दास, बीडीओ रंथु महतो, सुभाष यादव ग्रामीणों को समझाने बुझाने के बाद पुलिस शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने अपने साथ ले गई, जबकि ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हैं व कोई ठोस निर्णय समाचार लिखे जाने तक नहीं निकल सका था।

श्रम मंत्री व सांसद ने योजना का ऑनलाइन किया शिलान्यास

कुन्दा(चतरा)। राज्य के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता और चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह ने बुधवार को कुंदा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में डीएमएफटी व अनावध योजना के अंतर्गत करीब एक करोड़ 10 लाख की लागत से बनने वाले चार आहर का जीर्णोद्धार और एक पीसीसी पथ का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इसमें कुंदा पंचायत में कुंदा मंडार, मरगड़ा पंचायत के कुटिल, नवादा पंचायत के सिंदरी, सिकीदाग पंचायत के खपिया व उमेश यादव के घर से सतेंद्र यादव के घर तक पीसीसी बनना है। मौके पर प्रतापपुर के सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र पासवान, उप प्रमुख सतेंद्र गुप्ता आदि मौजूद थे।

भ्रमण बीडीओ ने पीएम आवासों का किया निरीक्षण

अपूर्ण पीएम आवासों पर सख्त रुख

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बुधवार को पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार के साथ प्रखंड के छिपादोहर क्षेत्र में भ्रमण कर पीएम आवास का निरीक्षण किया। इस दौरान लाभुकों को 31 मई तक आवश्यक रूप से पीएम आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बीडीओ ने अपने निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान रिंकी देवी, भीम प्रसाद, महेश प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, अनिल कुमार राम, मालती देवी, पुलवा देवी और विना देवी समेत एक दर्जन से अधिकलाभुकों से मुलाकात कर पीएम आवास यथाशीघ्र प्रधानमंत्री आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर 31 मई तक प्रधानमंत्री आवास योजना पूर्ण नहीं करते हैं, तो तब वैसे लाभुकों

को चिन्हित कर सरकारी राशि हड़पने की उनके विरुद्ध थाना में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ लाभुक 2 साल पहले से प्रधानमंत्री आवास की प्रथम किस्त यानी 40000 रुपये लेकर के बैठे हुए हैं और उन्होंने अभी तक आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ भी नहीं किया है। यह वैसे लाभुक हैं जो सक्षम हैं। वास्तव में इन्हें आवास मिलना ही नहीं चाहिए था मगर चेक डाटा में नाम होने का लाभ उन्होंने उठा लिया और 40000 रुपये लेकर आवास नहीं बना रहे हैं। ऐसे लाभुकों से भी बीडीओ ने मुलाकात की और सख्त लहजे में उन्हें यह स्पष्ट निर्देश दिया यदि 31 मई तक उन्होंने आवास पूर्ण नहीं किया तो उनके विरुद्ध भी सरकारी राशि हड़पने और सरकारी राशि गबन करने का मुकदमा दर्ज किया जाएगा और जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि 39 पीएम आवास लाभुक पीएम आवास के पैसा निकासी कर आवास निर्माण नहीं कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मनरेगा योजना में हो रही अनियमितता पर बीडीओ को ज्ञापन

मनिका। मनिका में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा योजना की एंट्री में भारी अनिमिमता बरतने के खिलाफ राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन जिला लातेहार की ओर से बीडीओ वीरेंद्र किंडो को ज्ञापन सौंपा गया है। वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष संदीप राम ने बताया कि हाल में मनरेगा योजना में भारी गड़बड़ी की गई है। एक ही परिवार में दो लोगों को टीसीबी योजना का लाभ दिया गया है और किसी को एक भी योजना नहीं मिल पा रही है। जुलाई, अगस्त और सितंबर में ली जाने वाली टीसीबी योजना नियम विरुद्ध है। ऐसे में सभी योजनाओं को रद्द कर पुनः ग्रामसभा कराने की मांग की गई है।

हाथियों ने फिर मचाया उत्पात, दो मवेशियों को उतारा मौत के घाट

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जमीरा पंचायत के महुआमिलान के फूलटांड गांव में मंगलवार रात जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है। हाथियों के झुंड ने घर के बाहर बंधे हुए एक गाय और एक सुअर को मौत के घाट उतार दिया। बता दें कि हाथियों का झुंड कई दिनों से क्षेत्र में उत्पात मचा रखा है। हाथियों के सामने वन विभाग पस्त नजर आ रहा है। हाथियों ने फुलटांड़ निवासी सुरेश गंझू पिता सुकरा गंझू, चामो गंझू पिता कंचन गंझू, संतोष गंझू पिता स्व झरिया गंझू के घर को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे अनाज को चट कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही जमीरा पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी ने ग्रामीणों से फोन के माध्यम से जानकारी लेकर वन विभाग के अधिकारियों से बात कर मुआवजे

की मांग की। झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा ने चंदवा रेंजर तथा डीएफओ से बात कर अपने पंचायत के ग्रामीणों को सुरक्षित एवं तत्काल मुआवजा दिलाने को कहा। मौके पर समाजसेवी ब्रह्मदेव प्रजापति वार्ड सदस्य राजू उरांव, पंचायत समिति सदस्य बलकु मुंडा ग्राम प्रधान श्री अर्जुन मुंडा तथा ग्रामीण जनताओं उपस्थित थे। वहीं घटना की सूचना मिलते ही भाकपा नेता प्रमोद साहु पीड़ित परिवार से मिलने फूलटाँड़ गांव पहुंचे और घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की, प्रमोद साहु ने वन विभाग से हाथियों के झुंड को अविलंब ग्रामीण क्षेत्र से दूर भगाने और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

NEWS इन ब्रीफ

लड़की भगाने का आरोपी गिरफ्तार

कैरो / लोहरदगा। कैरो थाना पुलिस ने लड़की भगाने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के गाराडीह निवासी सहीद अंसारी के पुत्र मजीद अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त के खिलाफ गांव के ही लड़की को भगाकर ले जाने को लेकर कैरो थाना में कांड संख्या 22/23 धारा 363,365,366,506 भादवी 34 के तहत मामला दर्ज था।

स्वच्छता पखवाड़ा हेतु कार्यशाला आयोजित

चैनपुर (गुमला)। चैनपुर प्रखण्ड कार्यालय के कौशल विकास केन्द्र भवन में बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण गुमला अन्तर्गत ग्राम स्तर पर दिनांक 29 अप्रैल से 15 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा अभियान हेतु प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपने गांव गली मोहल्ले भर में गंदगी नहीं करने की शपथ ली। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, 15 वें वित, प्रखंड समन्वयक, कल्याण पदाधिकारी, पंचायत सचिव, जनसेवक, पर्यवेक्षक , मुखिया एव स्वास्थ्य विभाग के जल सहिया काफी संख्या में उपस्थित थे।

कौशल विकास केंद्र में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन

चैनपुर (गुमला)। प्रखंड कार्यालय के कौशल विकास केन्द्र चैनपुर में बुधवार को शिक्षा विभाग के द्वारा मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया। गया जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, डॉ. शिशिर कुमार सिंह के द्वारा गहनता पूर्वक विभागीय समीक्षा की गई, जिसमें शिक्षकों एव छात्रों की उपस्थिति, एम.डी.एम, एस.एम.सी. बैठक, स्मार्ट क्लास, आई.सी.टी. लैब, पोषण वाटिका, बच्चों का बजन एवं ऊचाई की समीक्षा की गई। बीडीओ शिशिर कुमार सिंह के द्वारा शिक्षकों को कई दिशा निर्देश दे दिए गए। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

लोक अदालत को लेकर बैठक का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार व्यवहार न्यायालय लोहरदगा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा आगामी 13 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में विभिन्न बैंक अधिकारियों के साथ बैठक हुई।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने सभी बैंक के अधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में वादों के निष्पादन के दिशा में प्रयास करने की बात कही ताकि अधिक से अधिक संख्या में आम लोग राष्ट्रीय लोक अदालत से लाभान्वित हो सके। बैठक में बैंक से संबंधित अधिकारियों ने कहा कि अब तक डालसा के सहयोग से 1000 से ज्यादा नोटिस पक्षकारों को निर्गत किए जा चुके हैं। प्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक वादों के निष्पादन के लिए पूर्ण प्रयास करने का आश्वासन दिया। बैठक का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार के द्वारा किया गया।

मुक्तिधाम में शवदाह गृह निर्माण कार्य जोरों पर

लोहरदगा। भस्को मुक्तिधाम पर हो रहे शेड एवं शवदह हेतु चूल्हा का निर्माण कार्य जोडों पर है। जिला केंद्रीय मुक्तिधाम समिति के पदाधिकारी वहाँ उपस्थित होकर सारी विधि व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि शेड का कार्य ठीक तरीके से किया जा रहा हैं और जल्द ही निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा, जिससे कि गर्मी, बरसात आदि समयों में शवदाह में कोई परेशानी नहीं आए। कोषाध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह शेड एवं चूल्हा निर्माण पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार के फंड से पांच लाख रुपये आवंटित किए गए। उसी से यह शेड का निर्माण कराया जा रहा है। शव रखने हेतु चबूतरा एवं शेड फैवर ब्लॉक लगाई जाएगी।

शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)
चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा पंचायत अंतर्गत गुलाबगंज गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में गुलाबगंज सहित आसपास के गांव के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सैकड़ों की संख्या में महिला श्रद्धालुओं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने माथे पर कलश लेकर मंदिर प्रांगण से गुलाबगंज नदी गए जहां से जल भर कर पुनः मंदिर पहुंचे। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और इस दौरान भक्ति दोनों हर हर महादेव के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। 9:00 से पुरोहित जगरनाथ शास्त्री मुन्नू पाठक गोपाल पाठक व बैगा ननकू मुंडा के द्वारा विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा कराया गया जिसके बाद 11:00 बजे भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। तत्पश्चात 2:00 बजे से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था जहां हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि संध्या 6:00 बजे से 12 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष सिंह, चमरा बैठा, अजय राम बैठा , उमेश सिंह, रामप्रसाद सिंह, राजकुमार भगत, रामचरण चिक बड़ाईक, सिबरु बड़ाईक, महेश जयसवाल, सुरेश जयसवाल, दिनेश जयसवाल, महाबीर जयसवाल, जगदीश जयसवाल सहित कई लोगों ने मुख्य भूमिका निभाई।

आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति व आम बागवानी योजनाओं का निरीक्षण किया

उपायुक्त ने किया पंचायतों का भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने लोहरदगा के विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति और आम बागवानी योजनाओं का निरीक्षण किया। इस क्रम में उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के पुराने भवन का अवलोकन किया। यह भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पाया गया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी, सेन्हा को आवश्यक निदेश दिये गये।

इसके बाद उपायुक्त द्वारा सेन्हा प्रखंड के अरूँ पंचायत स्थित भड़गांव ग्राम में आंगनवाड़ी केंद्र और आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया। उपायुक्त द्वारा अरूँ उच्च विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। सेन्हा प्रखंड में ही सिठियो ग्राम में आंगनवाड़ी केंद्र, आम बागवानी योजना, तोड़ार स्थित उच्च विद्यालय का निरीक्षण उपायुक्त द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान सदर प्रखंड के हरमू पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र, रामपुर पंचायत में आम बागवानी और भक्सो में आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया गया।

औचक निरीक्षण के दौरान डीसी ने प्रखंड परिसर में जर्जर भवन को तोड़ने का दिया निर्देश

सेन्हा। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में उपायुक्त ने प्रखंड परिसर स्थित पुराना जर्जर प्रखंड कार्यालय भवन को तोड़ कर मैदान बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड परिसर साफ सुथरा नजर आये। मॉडल ब्लॉक के रूप में देखा जा सके। उसके बाद जिला प्रशासन टीम नंदलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु का निरीक्षण कर पुस्तकालय भवन, प्रयोग शाला कमरा एवं 12 वी वर्ग का विषय अनुसार पढ़ाई की जानकारी ली। प्रयोगशाला कमरा में छात्राओं को नहीं देखने पर पढ़ाई के प्रति सजग करते हुए प्रति दिन प्रयोगशाला खोलने का निर्देश प्रधानाध्यापिका को दिया गया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक मैट्रिक परीक्षा का कापी मूल्यांकन करने दूसरे जिले गये हुए हैं। इसपर सभी शिक्षक को बुलाने की बात कहते हुए कक्षा आरंभ करने का निर्देश दिया गया। विद्यालय प्रांगण में जर्जर भवन को चार दिन के अंदर हटाकर सूचना देने की बात कही गई। विद्यालय निरीक्षण के उपरांत अरु में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और साफ सफाई रखने

की सलाह दी गई। भड़गांव में आम बागवानी का निरीक्षण के पश्चात समय समय से सिंचाई करने तथा फल उत्पादन से लाभ उठाने की सलाह लाभुकों को दिया। इस के अलावा तोड़ार पंचायत के सीठियो में विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविन्द कुमार, जिला समज कल्याण पदादिकारी नरायन राम, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा,सीओ विजय कुमार, बीपीओ नीलेन्द्र कुमार सहित सभी पदादिकारी मौजूद थे।

नक्सली हमले में शहीद हुए जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा/लोहरदगा
सेन्हा थाना क्षेत्र के धरधरिया जलप्रपात के समीप 3 मई 2011 को नक्सली हमले में जिला बल के 5 एवं सीआरपीएफ के 6 जवान समेत कुल 11 जवान शहीद हो गए थे। जिला बल के हवलदार चन्द्रशेखर सिंह, पुलिस बल दिनेश महतो, प्रमोद कुमार राय, लाल चिक बड़ाइक, राजेश कच्छप सहित सीआरपीएफ आनि प्रताप सिंह, हवलदार डीसी डेका, टी एन सिंह, पुलिस राधे कृष्ण, सतवीर सिंह, गजेंद्र सिंह नक्सलियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे। इनको याद करते हुए बुधवार को सेन्हा थाने में डीएसपी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने दो मिनट का मौन रख शहीदों का श्रधांजलि अर्पित की। वहीं घटना में पैर खोने के बाबजूद पुलिस विभाग में कार्यरत एएसआई जमशेद खान को पुलिस उपाधीक्षक ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि शहीदों की शहादत जाया नहीं होगी। उन्होंने शहीद जवानों के प्रति आभार प्रकट करते हुए बताया कि अपने कर्तव्य का पालन करते हुए 11 जवान शहीद हुए थे। शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित में पुआनि गणेश यादव, शर्मा भगत, जमशेद खान, मुकेश कुमार शर्मा, सहित पुलिस जवान एवं चौकीदार शामिल थे।

लोहरदगा में फिर मिले तीन कोरोना पॉजिटिव मरीज

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
लोहरदगा जिले में बुधवार को तीन कोरोना पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं। इस प्रकार जिला में एक्टिव केस की संख्या 13 हो गई है। सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने जानकारी देते हुए बताया कि कोविड को नियंत्रित करने के लिए लोहरदगा स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। वर्तमान में सदर अस्पताल और चिरी अस्पताल में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कर चालू कर दिया गया है। इस माध्यम से दोनों अस्पतालों में कोविड के मरीज को हाई फ्लो ऑक्सीजन वाली बेड सहज उपलब्ध रहेगा।



सेन्हा और भंडारा सीएससी ऑक्सीजन सिलेंडर से पाइप लाइन के माध्यम से कोविड-19 मरीजों को ऑक्सीजन उपलब्ध होगा। सदर अस्पताल में 20 बेड हाई फ्लो ऑक्सीजन का बनाया है। विशेष परिस्थिति के लिए 26 वेंटीलेटर, 103 नेबुलाइजर मशीन, 103 पल्स ऑक्सीमीटर, 213 ऑक्सीजन सिलेंडर, एन 95 मस्क की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त कोविड की दवा, ट्रेंड नर्स, चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ पूरी तरह तैयार है। कोविड- संक्रमण बढ़ता है तो, अब लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। जिला स्तर पर ठोस तैयारी की जा चुकी है।

जीप पलटने से आधा दर्जन लोग घायल

कुडू/लोहरदगा। लोहरदगा-चंदवा शंख लुकैया पथ में बुधवार की दोपहर एक जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में जीप में सवार आधा दर्जन लोगो के घायल होने की सूचना है। जीप नंबर सीजी 15जेडबी 1026 चंदवा की ओर से लोहरदगा जा रही थी, तभी जरियो गांव के समीप ये हादसा हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद सभी घायलों को दूसरे वाहन से लोहरदगा इलाज के लिए ले जाया गया है।

इको क्लब के कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कबाड़ से जुगाड़ के गुर सिखाए गए

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में बुधवार को विद्यार्थियों को कबाड़ से जुगाड़ के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्लास्टिक की बोतल पूरे विश्व में बड़ी समस्या है और विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनूठे उपयोग से पर्यावरण पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को कम करने का प्रयास पर्यावरण प्रेमी कर रहे हैं। इको क्लब की प्रमुख रेणु कुमारी ने कबाड़ से जुगाड़ का महत्व बताया। बच्चों ने तरह-तरह के हैंगिंग पॉट बनाए। छात्र -

छात्राओं में शशि कच्छप, सृष्टि श्रेया बागे, सुषमाभिषेक लकड़ा, सुहानी टोप्पो, राधेश्याम दास गोस्वामी, तनिषा केसरी, रौशन उरांव, अंशु उरांव, रोहित कुमार साहू, अंकित कुमार शौर्य, अमित उरांव, बबली कुमारी, निशा उरांव, सोनी उरांव, सोनाली मिंज आदि ने बड़े उत्साह के साथ सीखा और पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चेतना प्रिया, रश्मि साहू, स्नेहा शर्मा, कविता, आरती भगत, प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू आदि की भूमिका रही।

बजरंग दल से टक्कर न ले कांग्रेस : गुप्ता

लोहरदगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कार्यसमिति सदस्य अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वादा दुर्भाग्यपूर्ण है। बजरंग दल की पीएफआई से तुलना करके कांग्रेस पार्टी बुरी तरह से घिर गई है। कांग्रेस का इतिहास आतंकवाद और आतंकवादियों को खुश करने का रहा है। कांग्रेस के इस चुनावी वादे को बजरंग दल चुनौती के रूप में लेगा। लोकतांत्रिक माध्यम से इसका जवाब कांग्रेस पार्टी को देगा। आए दिन कांग्रेस पार्टी ने बजरंग दल को बदनाम करने का प्रयास किया, जिसे देश कभी माफ नहीं करेगा।

नैक मूल्यांकन | बीएस कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

'सबके सहयोग से ही मिलेगा बेहतर ग्रेड'

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
नैक के मूल्यांकन को लेकर बी एस कॉलेज लोहरदगा के बहुदेशीय भवन में एक कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला का आयोजन रुसा कोर्डिनेटर प्रोफेसर आनंद मांझी द्वारा की गई थी। नैक के इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में केओ कॉलेज गुमला के बोटनी विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ प्रसन्नजीत मुखर्जी शामिल हुए। साथ ही कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ नीता सहाय, डॉ शशि कुमार गुप्ता, नागपुरी के एच ओ डी-प्रोफेसर नइम खान, डॉ अजीत कुमार गुप्ता, डॉ सुमन कुजूर, प्रो रोशन, प्रो सारोन सुरीन, डॉ अर्जून लकड़ा, डॉ अंबिका प्रिया तिर्की, तथा सभी अतिथि शिक्षक, संविदा शिक्षक एवं कॉलेज के सारे कर्मचारी इसमें शामिल हुए।

कार्यशाला में कॉलेज को कैसे नैक में बेहतर ग्रेडिंग प्राप्त हो इस संबंध में जानकारी के लिए डॉ प्रसंजीत मुखर्जी को आमंत्रित किया गया।

डॉ. मुखर्जी नैक से संबंधित सारी बातों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा विस्तार पूर्वक समझाते हुए आशा व्यक्त की कि सभी शिक्षक, स्टाफ चाहें तो इस कॉलेज को बेहतर ग्रेडिंग मिल सकता है। डॉ शशि कुमार गुप्ता ने सारे सह कर्मियों से आग्रह किया कि ईमानदारी पूर्वक जिम्मेदारी निभाएं तो कॉलेज को नैक में बेहतर ग्रेडिंग मिल सकता है। प्रोफेसर नइम खान ने कहा कि सामुहिक प्रयास से कॉलेज को अच्छी ग्रेड की श्रेणी में लाया जा सकता है। सभी को इस पर विचार करने की आवश्यकता है। डॉ सुमन कुजूर ने अतिथि डॉ प्रसनजीत मुखर्जी व कॉलेज के सारे प्राध्यापकों को नैक से संबंधित बातों को ध्यान पूर्वक सुनने के लिए तथा समय देने के लिए धन्यवाद दिया।

वृद्ध ने युवक पर टांगी से किया हमला

कुडू। थाना क्षेत्र अंतर्गत बढकी चापी पंचायत के पिलपिलिया गांव में बुधवार की सुबह खेत में लगे फसल को बकरी के द्वारा खा जाने को लेकर उतपन्न विवाद में खेत के मालिक ने एक युवक पर टांगी से हमला कर घायल कर दिया। इसमें युवक गम्भीर रूप से जख़्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पिलपिलिया गांव निवासी संतोष लोहरा 25 पिता फूलचंद लोहरा अपने घर के समीप करंज का फल चुन रहा था, तभी हाथ मे टांगी लेकर वहां पहुंचा गांव का ही 62 वर्षीय बुजुर्ग गनुवा लोहरा ने संतोष को खेत मे लगे फसल को अपनी बकरी से चरा देने की बात कहते हुए टांगी से हमला कर दिया। जिससे उसके सर से खून बहने लगा और वे वहीं गिर गया। साथ ही गनुवा लोहरा पूरे परिवार को भी मारने की धमकी देने लगा। परिवार के बाकी सदस्य डर कर घर छोड़कर भाग गए। कुछ देर बाद संतोष को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया जहां अभी उसका इलाज चल रहा है।

टीवी मुक्त भारत के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)
प्रखंड कार्यालय चैनपुर के सभागार में बुधवार को पंचायती राज के तत्वाधान में टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत टी.बी. मुक्त भारत के निर्माण हेतु गुमला जिला के पंचायती राज सदस्यों एवं सहभागिता संस्थानों का उनमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी डा. शिशिर कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, प्रखंड सह अंचल कर्मचारी एवं ए.एन.एम भारी संख्या में उपस्थित थे। साथ पोषण कीट का भी वितरण किया गया।

गो फर्स्ट की उड़ानें तीन दिन बंद, यात्री परेशान

एजेंसी। नई दिल्ली

कैश की तंगी से जूझ रही एयरलाइन गो फर्स्ट के यात्री परेशान हो रहे हैं। एयरलाइन्स ने 3, 4 और 5 मई के लिए फ्लाइट्स सस्पेंड कर दी हैं। उसके पास फ्यूल भरने का भी पैसा नहीं है। एयरलाइन की वेबसाइट के अनुसार वो रोजाना 27 डोमेस्टिक और 8 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए 200 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती है। फ्लाइट ऑपरेशन रद्द होने के बाद एयरलाइन टिकटों का पैसा भी वापस करेगी। रिफंड ओरिजिनल पेमेंट मोड के जरिए किया जाएगा। मतलब, जिन लोगों ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से टिकट का पेमेंट किया है, उनके क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में रिफंड दिखाई देगा। वहीं जिन्होंने वढक और नेट बैंकिंग से पेमेंट किया है, उन्हें रिफंड सीधे उनके अकाउंट में मिलेगा। गो फर्स्ट की फ्लाइट पकड़ने दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे यात्री हरेंद्र सिंह ने कहा, 'मैं मेरठ से 3 बजे के आसपास दिल्ली के लिए निकला था, लेकिन यहां पहुंचने के बाद पता चला कि मेरी फ्लाइट कैंसिल हो गई है...कोई भी साफ-साफ कुछ कहने को तैयार नहीं है।' एयरलाइंस से टिकट बुक करने वाले एक अन्य यात्री ने कहा, 'हमने लेह जाने के लिए टिकट बुक कराए थे, अब फ्लाइट कैंसिल हो गई है।' एक यात्री ने ट्वीट किया कि उनकी कनेक्टिंग फ्लाइट थी, जिसके बाद उन्हें ट्रेन पकड़ना था। अब क्या मुझे रिफंड मिलेगा? अबू धाबी से दिल्ली पहुंचे एक यात्री ने कहा, 'मैं यहां फंस गया हूं। एयरलाइन ने कहा कि हमें 7 दिनों में रिफंड मिल जाएगा, लेकिन मेरे पास पटना की अगली फ्लाइट के लिए 19 हजार रुपए नहीं हैं।' ऐसे ही कई और यात्री है जो परेशान हो रहे हैं। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने भी इस मामले में नाराजगी जाहिर की है। डीजीसीए ने एयरलाइंस को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है और 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है। वहीं एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सरकार हर संभव तरीके से एयरलाइन की मदद कर रही है और स्टेकहोल्डर्स से भी बात की है। एयरलाइन ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल दिल्ली के पास समाधान कार्यवाही यानी रिजॉल्यूशन प्रोसेस के लिए एक आवेदन दायर किया है। एनसीएलटी कल यानी 4 मई को इस पर सुनवाई करेगा। एयरलाइन चीफ कौशिक खोना ने कहा- फंड की किल्लत के कारण रिजॉल्यूशन प्रोसेस के लिए जाना पड़ा है।

शेयर बाजार में आई गिरावट

एजेंसी। मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में आज यानी बुधवार (3 मई) को गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 161 अंक गिरावट 61,193 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 57 अंक की गिरावट रही, यह 18,089 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में कमजोरी और सिर्फ 12 में बढ़त देखने को मिली। आज के कारोबार में आइटी, तेल-गैस, मेटल शेयरों में बिकवाली देखने को मिली जबकि एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी रही। आज रुपया 6 पैसे मजबूत होकर 81.81 रुपए पर बंद हुआ। एमआरएफ ने चौथी तिमाही के रिजल्ट घोषित किए हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की आय सालाना आधार पर 5,305 करोड़ रुपए से 10% बढ़कर 5,842 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। वहीं मुनाफा 165 करोड़ रुपए से 106% बढ़कर 341 करोड़ रुपए हो गया। इस बीच कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। अमेरिका के कर्ज डिफॉल्ट की चिंताओं से क्रूड 5% फिसला है और क्रूड का भाव 75 डॉलर के करीब फिसला है। डब्ल्यूआइटी ने भी $71.44 का निचला स्तर छूआ है। आज भी ब्रेंट में $76 के नीचे कारोबार कर रहा है। अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने की आशंका ने कच्चे तेल में दबाव बनाया है।

गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस

एक बहुमूल्य रत्न : पीयूष गोयल

एजेंसी। नई दिल्ली

गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जीईएम) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली। इसके माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकारों, विभिन्न आधिकारिक एजेंसियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सहकारी समितियों ने किसी एक वित्तीय वर्ष में 50 लाख ऑनलाइन लेनदेन के जरिए दो लाख करोड़ रुपये (24 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक मूल्य की वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद की। यह समावेशी विकास, पारदर्शिता, दक्षता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वचनबद्धता का एक उत्कृष्ट प्रमाण है। जीईएम सही अर्थों में एक रत्न है। इसने पुराने पड़ चुके आपूर्ति और निपटान महानिदेशालय (डीजीएसएंडडी) का स्थान लिया है। उचित रूप से, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नए कार्यालय भवन, वाणिज्य भवन, का निर्माण उस भूमि पर किया गया है जहां कभी डीजीएसएंडडी हुआ करता था। इस भवन के शिलान्यास समारोह में, प्रधानमंत्री मोदी ने सही ही कहा थाः अब 100 साल से अधिक पुराने इस संगठन को बंद कर दिया गया है और इसके स्थान पर डिजिटल तकनीक पर आधारित एक नए निकाय - गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस को लाया गया है। जीईएम ने सरकार द्वारा आवश्यक वस्तुओं की खरीद के तौर-तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है। अगस्त 2016 में स्थापित होने के बाद से, जीईएम के कामकाज में असाधारण प्रगति हुई है। इस पोर्टल पर होने वाले लेनदेन का कुल मूल्य 2022-23 में लगभग दोगुना होकर पिछले वित्तीय वर्ष में 1.07 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्तीय वर्ष 2016-17 में 422 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ इसकी अनूठी यात्रा शुरू हुई थी। इस पोर्टल का शुभारंभ वस्तुओं एवं सेवाओं की सार्वजनिक खरीद को प्रधानमंत्री के न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन के मिशन और सरकारी प्रणालियों को ईमानदार, प्रभावी और सभी के लिए सुलभ बनाने हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की उनकी रणनीति के अनुरूप ढालने के उद्देश्य से किया गया था। जीईएम की प्रतिस्पर्धी बोली जैसी पारदर्शी कार्यप्रणालियों ने सरकारी विभागों एवं उपक्रमों को करदाताओं के लगभग 40,000 करोड़ रुपये बचाने में मदद की है। इस तरह की पहलों ने मोदी सरकार को राजकोषीय स्थिति से समझौता किए बिना कल्याणकारी कार्यों पर होने वाले व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि करने में मदद की है। कई अर्थों में, जीईएम लोगों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के पक्ष में जबरदस्त मतदान किए जाने के बाद से शासन-प्रशासन में लाए गए बदलावों का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है।

सोने और चांदी की कीमतों में आई तेजी

मुंबई। आज यानी बुधवार (3 मई) को सराफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, आज सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने का दाम 654 रुपए बढ़कर 61,071 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 55,941 रुपए हो गई है। आइबीजे की वेबसाइट के अनुसार आज चांदी की कीमत में भी तेजी देखने को मिली है। ये 947 रुपए महंगी होकर 75,173 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 74,226 रुपए पर थी। आइआइएफएल सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता कहते हैं कि शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 65 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। इस साल अब तक सोने में शानदार तेजी देखने को मिली है।

अप्रैल में बांग्लादेश का निर्यात 16.52 फीसदी गिरा

ढाका। बांग्लादेश के निर्यात में गिरावट का सिलसिला लगातार दूसरे महीने जारी है और इसमें एक साल पहले अप्रैल की तुलना में 16.52 फीसदी की गिरावट आई है, बुधवार को सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। वाणिज्य मंत्रालय के तहत निर्यात संवर्धन ब्यूरो (ईपीबी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में देश का कुल आउटबाउंड शिपमेंट 3.9 मिलियन डॉलर तक कम हो गया, जबकि एक साल पहले यह 4.7 मिलियन डॉलर था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में भी देश का निर्यात घटकर 4.64 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले इसी महीने की तुलना में 2.49 प्रतिशत कम है।

कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।
Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

ई–निविदा सूचना

जिला लातेहार अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थान यथा–सदर अस्पताल, लातेहार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए वित्तीय वर्ष 2023–24 अंतर्गत Group A–चिकित्सीय आपूर्ति (दवा एवं उपचार सामग्री) तथा Group B- सामग्री आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माता/प्रतिष्ठानों/ प्राधिकृत एजेंसियों से निम्नरूपेण ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है।

(Tender Notice No. 01/2023 (Estb.)

	Name of Work	Description
1	Group-A	Rate Contract for Medicine/ Upchar Samgri,
	Group-B	Rate Contract for Samgri Purtiya
2	Date of Publication of Tender on Website	06.05.2023 From 11:00 A.M
3	Last Date/time for Submission of bids (Online)	27.05.2023 till 05.00 P.M
4	Last Date/time for Submission of Hard Copy of EMD and Tender Fees. (By Hand)	27.05.2023 till 05.00 P.M in C.S. Office Latehar
5	Bid Opening Date (Technical)	29.05.2023 at 12.30 P.M (C.S. Office Latehar)
6	Bid Opening Date (Financial)	To be notified Later
7	EMD in Favoring "Civil Surgeon Cum C.M.O Latehar"	For Group-A-Medicine – 50,000.00 & For Group-B-Aapurti Samagri – 50,000.00
8	Application Fee (Non Refundable) In Favoring "Civil Surgeon Latehar"	5000.00 (Five Thousand) for Each Group
9	Name & Address of office inviting tender (Procurement Officer)	Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer, Sadar Hospital Campus, Latehar
10	Contact no. of procurement officer	9934139100
11	Helpline number.	8340654868

उक्त निहित तिथि एवं समय पर जिला क्रय समिति (स्वास्थ्य) लातेहार द्वारा ई–निविदा के तकनीकी भाग खोलते समय निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। ई–निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

Note: Further details can be seen, downloaded and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in.

Memo No. 675 Date 02.05.2023 — Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer, Latehar.

PR 296394 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

Office of the Nagar Parishad, Lohardaga
Notice Inviting Very Short Tender

e-Tender Reference No. 03/2023-24 — Date-02-05-2023

S. No.	Gr. No.	Name of the Work	Approx Value of work (in Rs.)	Earnest Money (in Rs.)	Cost of Bid Document by DD (Rs.) (non refundable)	Period of completion
1	1	Rejuvenation of Thakurain Talab near Hanuman Mandir, Gudri Bazar, Main Road, Lohardaga	16,44,718.00	33,000.00	5000.00	60 Days

Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

Sl. No.	Procurement Officer	date of tender publish on website	Last date for submission of tender fee and earnest money.	Availability of tender on line for bidding		Place, Date & time of opening bid.
A	B	C	D	E	F	G
1.	Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga	06-05-2023 Time 10:30 AM	N.P. Lohardaga 13-05-2023 up to 3:00 P.M.	Bid downloading Date-06-05-2023 Time 11:00 A.M To Date 12-05-2023 Time 5:00 P.M.	Bid submission Date- 06-05-2023 Time 11:30 P.M To Date 12-05-2023 Time 5:00 P.M.	N.P. Lohardaga Date-13-05-2023 Time 05:00 P.M

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in — Executive Officer, Nagar Parishad, Lohardaga

PR 296416 Lohardaga(23-24)D

OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER-CUM-DISTRICT MAGISTRATE, PALAMU
(District Development Section)
+Phone No. 06562-224433 E-mail :- ddc-pal@nic.in

Tender Reference No: — Date:

Expression of Interest for supply of Utensils in Anganwadi Centers, Palamu, Jharkhand.

Sl.	Information	Details
1	Name of the work	Expression of Interest for supply of Utensils in Anganwadi Centers, Palamu, Jharkhand
2	Period of Work	60 Days
3	Date of Publication of Bid on website	03.05.2023
4	Tender Cost/Document Fee	Rs 5,000/- (In the form of DD) in favor of DMFT, Palamu, Payable at Palamu (Non Refundable)
5	Earnest Money Deposit (EMD)	Rs.1,00,000/-in the form of DD(Valid for at least 6 months from the last date of submission of the bid) duly pledged in favor of DMFT, Palamu, Jharkhand
6	Last date and time of receipt of Bid	Date :25.05.2023 Time: 02:00 PM
7	Date and time of opening of Bid	Date:25.05.2023 Time: 03:00 PM
8	Bid submission Place	New Collectorate Building, Block-C, First Floor, Medininagar, Palamu
9	Bid Opening Place	

Deputy Commissioner, Palamu

PR 296461 Palamu(23-24)#D

NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT
P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under School Education & Literacy Deptt. Govt of Jharkhand)
NOTICE INVITING TENDER

Enquiry No- 561 — Dated- 29.04.2023

Sealed tenders are invited from Netarhat Residential School, Netarhat from Manufacturers, Companies, OEMs, Authorized Distributors, Dealers and Reputed firms having relevant experience under two bid system i.e. Technical Bid & Financial Bid for Supply 6 Set Colour LED TV Ashrams at Netarhat Residential School situated at Netarhat, District- Latehar.

1.	Name of the Tender	Supply of 6 set LED TV (Colour) for Ashrams at Netarhat Residential School at Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand
2.	Scope of Work	Supply of LED T.V. (Colour).
3.	Name and Address of the Office Inviting Tender	Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, District- Latehar
4.	Date of Publication of Tender on Website	03.05.2023 at 1 P.M.
5.	Last Date and Time for receipt of Bids	19.05.2023 at 11.30 A.M
6.	Date of Opening of the Tender	19.05.2023 at 12.50 P.M (Technical Bid) 20.05.2023 at 12.50P.M (Financial bid will be open only those firms who are found eligible in technical bids)
7.	Contact Persons with Details	1. Dr. Santosh kumar Singh (Principal) Official Contact No-6201750198 Email id- principal.netarhat@gmail.com

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd./- (Dr. Santosh kr. Singh) Principal Netarhat Residential School

PR 296434 Human Resource Developement (23-24)D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्याः- **08/2023-24/RWD/GARHWA** — दिनांक :- **03.05.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	RWD/ GARHWA/ 01/2023-24	ग्राम झगराखांड़ बिरसा नगर होते हुए बावरी तक पथ कालीकरण कार्य (लं– 5.800 कि0मी0)	6,00,85,100.00	छः करोड़ पचासी हजार एक सौ रू0 मात्र	15 माह
2.	RWD/ GARHWA/ 02/2023-24	पतरिया मेन रोड से कुम्बा स्कूल तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.900 कि0मी0)	3,93,31,900.00	तीन करोड़ तेरानवे लाख इकतीस हजार नौ सौ रू0 मात्र	15 माह
3.	RWD/ GARHWA/ 03/2023-24	मकरी से चैनपुर तक पथ कालीकरण कार्य (लं– 3.800 कि0मी0)	3,92,46,800.00	तीन करोड़ बानबे लाख छियालीस हजार आठ सौ रू0 मात्र	15 माह
4.	RWD/ GARHWA/ 04/2023-24	जयनगर मंदिर से नहर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.500 कि0मी0)	1,73,30,100.00	एक करोड़ तिहत्तर लाख तीस हजार एक सौ रू0 मात्र	12 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **15.05.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **26.05.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **गढ़वा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **29.05.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (29.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **30.05.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **गढ़वा** के पक्ष में एवं **गढ़वा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 296470 (Rural Work Department)23-24*D

कार्यालय, प्रभारी न्यायाधीश (प्रशासन), व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणवश पूर्व निर्धारित तीन एम्बेसडर कार की अल्पकालीन नीलामी जो दिनांक 01.05.2023 {PR 295127 (Lohardaga) 23-24*D} को होने वाली थी को अगले आदेश तक के लिए स्थगित की जाती है। नीलामी की अगली सूचना दैनिक समाचार पत्र के साथ–साथ व्यवहार न्यायालय लोहरदगा के बेवसाईट https://districts.ecourts.gov.in/lohardaga पर प्रकाशित की जायेगी।

आदेशानुसार
प्रभारी न्यायाधीश (प्रशासन)
व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा

PR 296387 Lohardaga(23-24)D

नेतरहाट विद्यालय समिति
(स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी इकाई)

NOTICE

Ref. No. : 18/NVS/2023 Date : 03.05.2023

The last date for receiving the application form for the post of Principal in Netarhat Residential School (Advertisement No. 01/2023 PR No. 294444 Human Resource Development (23-24)#D was 4th May 2023. Now it has been extended by **26.05.2023** Rest information will be same as it is given in our Vidyalaya website **www.netarhatvidyalya.com**

sd/- Chairman
Executive Committee
Netarhat Vidyalaya Samiti Ranchi

PR 296444 (Human Resource Developement)23-24*D

जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01 वर्ष 2023–24
15वें वित्त आयोग मद

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :–15.05.2023(कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 16.05.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– 16.05.2023 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

ग्रुप संख्या	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	प्रखण्ड महुआडांड पंचायत रेंगाई ग्राम सुग्गी में हेरमोर के घर से स्कूल तक नाली निर्माण।	352321.00	7500.00	750.00	02 माह
2	प्रखण्ड लातेहार पंचायत हेठपोचरा ग्राम सुकरी में चापानल से भुसडजरवा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	286700.00	6000.00	750.00	02 माह
3	प्रखण्ड लातेहार पंचायत शीशी ग्राम बारियातु में यू0पी0एस0 विद्यालय बारियातु का चाहरदिवारी निर्माण।	276150.00	6000.00	750.00	02 माह
4	प्रखण्ड हेरहंज पंचायत चीरू ग्राम लावागडा में पीच रोड से बैजनाथ सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	302400.00	6500.00	750.00	02 माह
5	प्रखण्ड गारू अन्तर्गत पंचायत रूद ग्राम गुटुवा में चर्च के पास कर्ल्भट निर्माण।	302700.00	6500.00	750.00	02 माह

8. परिमाण विपत्र का मूल्य जो सचिव, जिला परिषद, लातेहार के पदनाम से देय होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा।
9. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते है।
10. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. जिला परिषद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार संबंधित प्रखण्ड के संवेदकों को कार्य आवंटित किया जाएगा।

जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।

PR.NO.296417 Rural Development(23-24):D

ज्ञान की बात

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती। धर्म करने से पाप नहीं रहता। मौन रहने से कलह नहीं होती। आत्मविश्वास होने से भय नहीं होता। दान करने से धन नही घटता। पूजा करने से दुख नही होता। परोपकार करने से आंतरिक सुख कम नहीं होता। सुख बाँटने से सुख नहीं घटता। आपकी आभारी विमला विल्सन मेहता।
– जय सच्चिदानन्द

प्रतिभा को मिलेगा सम्मान

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक्शन मोड में हैं। यह राज्य के लिए अच्छी बात है। अगले महीने बड़े पैमाने पर शिक्षकों की नियुक्ति होने जा रही है। राज्य सरकार के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के खाली पदों को भरने की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि इस माह के अंत तक 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। वैसे तो राज्य में हजारों की संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति किया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में देखा जाये तो शिक्षा की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। बहरहाल देखा जाये तो किसी भी राज्य का विकास वहां की शिक्षा व्यवस्था से आंका जाता है। ऐसे में राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का राज्यस्तरीय शुभारंभ होना गौरव की बात है। आने वाले समय में झारखंड में और 5 हजार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में अपग्रेड करने की योजना है। झारखंड के आदिवासी, दलित, पिछड़े, मजदूर एवं किसान सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो जाने से एक नयी संस्कृति की बयार यहां बहेगी। इस बात से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ जिस प्रकार सरकार कार्य को अंजाम दे रही है। यह अच्छी सूचना राज्यवासियों के लिए है। अब जरूरत है पंचायत स्तर पर इसे ले जाने की। सबको मालूम है कि शिक्षा एक ऐसा शस्त्र है, जिसके माध्यम से हर चीज हासिल की जा सकती है। झारखण्ड में शिक्षा की बेहतरी के लिए ऐसे कार्य बहुत पहले हो जाने चाहिए थे। फिर भी विलंब से ही सही,कार्य शुरू हो गये हैं। झारखंड में 35 हजार से अधिक स्कूल हैं। इन स्कूलों में जिस तरह से वर्षों से पढ़ाई की स्थिति है,वह सही नहीं है। अब समय आ गया है कि उसे बदला जाये। बच्चों को शिक्षा देकर उन्हें दुनिया के समक्ष खड़ा करने की जरूरत है। इधर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में जुटा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग लगातार विभिन्न विषयों के शिक्षकों का अंतिम परिणाम जारी कर जिलास्तर पर शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों का सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन का कार्य करवा रहा है। ऐसे में नियोजन नीति में बदलाव के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। वर्षों के इंतजार के बाद प्रतिभा को सम्मान दिया जा रहा है। यह क्षण किसी को भी भावुक करने के लिए काफी हैं। यह देखा गया है कि पढ़े लिखे युवा आज नौकरी नहीं मिलने से हताशा के शिकार हो रहे हैं। जबकि उनके पास टैलेंट है। ऐसे में उनकी प्रतिभा को सम्मान देकर राज्य सरकार बहुत बड़ा कार्य कर रही है। किसी भी सभ्य समाज में शिक्षा वरदान है। शिक्षा एक ऐसे शेरनी का दूध है,जिसे जो जितना पियेगा,उतना ही दहाड़ेगा। ऐसे में शिक्षा की ज्योति को जलाकर राज्य के माथे पर लगे कलंग को हटाने की जरूरत है। तभी हमारा झारखंड दुनिया के नक्शे पर अपनी सार्थक उपस्थिति दर्ज करा पायेगा। एक बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत ऐसे विद्यालय हैं,जहां पढ़ाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है। कहीं शिक्षक हैं तो छात्र नहीं। कहीं छात्र हैं तो शिक्षक नहीं। ऐसी परिपाटी को बदलने की जरूरत है। आज जो अराजकता का माहौल शिक्षण संस्थानों में हैं,वह मन को दुखी करते हैं। आइये हम सब मिलकर इस व्यवस्था को बदलने में सरकार का सहयोग करें।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस माह के अंत तक 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। वैसे तो राज्य में हजारों शिक्षकों की नियुक्ति प्रस्तावित है। ऐसे में देखा जाये तो शिक्षा की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

बुद्ध पूर्णिमा: भारत कैसे आयें बुद्ध के अनुयायी

आर.के. सिन्हा

पांच मई को बुद्ध पूर्णिमा और बुद्ध जयंती है। इस मौके पर आपको राजधानी दिल्ली के कुछ बुद्ध विहारों में भारत में कार्यरत विभिन्न देशों के राजनयिक और नागरिक पूजा-अर्जना करते हुए मिल जाएंगे। भगवान बुद्ध के भले ही अनुयायी सारे संसार में हों, पर वे हैं तो हमारे ही। भारत में बुद्ध से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण स्थल जैसे लुम्बिनी- जहां भगवान बुद्ध का जन्म हुआ, बोधगया- जहां बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ, सारनाथ-जहां से बुद्ध ने दिव्यज्ञान देना प्रारंभ किया, कुशीनगर-जहां बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ और दीक्षाभूमि, नागपुर-जहां भारत में बौद्ध धर्म का पुनरुत्थान हुआ मौजूद हैं। लुम्बिनी भगवान बुद्ध के जन्म के समय भारत का ही अंग था। बाद में गोरखा रायफल्स की वीरता से प्रभावित होकर अंग्रेजों ने तराई के कुछ भागों को पूर्व गोरखा सैनिकों के पुनर्वास के लिए तराई के एक भाग को भारत से अलग कर नेपाल को सौंप दिया, जिसमें बुद्ध का जन्म स्थान लुम्बिनी भी चला गया।

इतना सब कुछ होने के बावजूद हमारे यहां दुनियाभर के बुद्ध धर्म के अनुयायी काफी कम संख्या में आते हैं। यह स्थिति हर हाल में बदलनी होगी। भारत में बौद्ध के जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थलों के साथ एक समृद्ध प्राचीन बौद्ध विरासत है। भारत बौद्ध विरासत दुनिया भर में बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत रुचिकर है। यह तो पूरी दुनिया को बताना तो होगा ही। भगवान बुद्ध को मानने वाले देशों से पर्यटकों को भारत लाना ही होगा। यह पर्यटकों का एक बहुत बड़ा समूह है। दुनियाभर में फैले करोड़ों बौद्ध धर्म के अनुयायियों को अभी तक तो हम भारत के प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थलों की तरफ लाने में कोई बहुत सफल नहीं रहे हैं। यह एक सच्चाई है। हमें भगवान बुद्ध से जुड़े कुछ नए और हाल ही में विकसित स्थलों में भी पर्यटकों को लाना होगा। मैं यहां इस बाबत राजधानी दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क का उदाहरण देना चाहता हूं। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा बीते कुछ हफ्ते पहले अपने राजधानी प्रवास के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बुद्ध जयंती पार्क में गए थे। दरअसल बुद्ध जयंती पार्क भगवान बुद्ध के निर्वाण के 2500वें वर्ष के स्मरणोत्सव के समय 1959 में तैयार किया गया था। बुद्ध जयंती पार्क में एक पीपल का वृक्ष भी है जिसका संबंध भगवान बुद्ध से माना जाता है। जिस पीपल के पेड़ के नीचे भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया था, उसकी एक टहनी सम्राट अशोक के पुत्र द्वारा श्रीलंका में भी रोपित की गई थी।

श्रीलंका की तत्कालीन प्रधानमंत्री सिरिमाओ भंडारनायके ने इस वृक्ष की एक टहनी भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को 1964 में भेंट की थी। उन्होंने उसी टहनी को 25 अक्टूबर, 1964 को यहां रोपित किया था। आज यह वृक्ष पूर्ण रूप से हरा भरा है। इसके ही भारत और जापान के प्रधानमंत्रियों ने दर्शन किए। इसके पास बैठकर जो सुख मिलता है उसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। यहां पर बुद्ध धर्म को मानने वाले देशों के राजनयिक और पर्यटकों को लाना होगा। तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने बुद्ध जयंती पार्क में स्थापित भगवान बुद्ध की सुंदर प्रतिमा को भेंट किया था। भगवान बुद्ध की यह प्रतिमा बैठी हुई अवस्था में है। दलाई लामा भी इधर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कई बार आ चुके हैं। वे जब यहां पर आते हैं तो हजारों तिब्बती भी उनके दर्शन करने के लिए पहुंच जाते हैं। राजधानी के मंदिर मार्ग पर स्थित महाबोधि मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा पर जापान, कोरिया, थाईलैंड, श्रीलंका, वियतनाम जैसे बुद्ध धर्म को मानने वाले देशों के राजनयिक आते हैं। दिल्ली के इस पहले बुद्ध विहार का उद्घाटन महात्मा गांधी ने 1939 में किया था। इस मंदिर का उद्घाटन करते हुए गांधी जी ने कहा था कि यहां पर किसी भी इंसान को उसकी जाति या अन्य किसी कारण से नहीं रोका जाए। यह बिड़ला मंदिर के ठीक साथ में है। इसके निर्माण में आई सारी लागत उद्योगपति जुगल किशोर बिड़ला ने वहन की थी। महाबोधि मंदिर में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर, इंदिरा गांधी जैसी शख्सियतें भी विशेष अवसरों पर आती रही हैं। इधर भगवान बुद्ध की एक सुंदर मूर्ति स्थापित है,जो पंडित नेहरू ने बुद्ध विहार को भेंट की थी। यह मूर्ति म्यांमार के मूर्तिशिल्पियों ने बनाई थी। महाबोधि मंदिर में काफी संख्या में श्रीलंका के पर्यटक आते रहे हैं।

बड़ा सवाल यह है कि राजधानी के महाबोधि मंदिर में और दूसरे तमाम बुद्ध विहारों में बुद्ध धर्म के करोड़ों अनुयायियों ने क्यों नहीं आना शुरू किया है? अभी तो बुद्ध धर्म को मानने वाले देशों स बहुत कम पर्यटक हमारे यहां आते हैं। कभी थाईलैंड या श्रीलंका जाइये। वहां बुद्ध मंदिरों में हर समय बौद्ध देशों के हजारों पर्यटक आ-जा रहे होते हैं। ये भगवान बौद्ध की मूर्तियों के दर्शन करके अभिभूत हो रहे होते हैं।

आपको याद होगा कि कुछ साल पहले बिहार के महाबोधि मंदिर में धमाकों के बाद विदेशी पर्यटकों की आवाजाही प्रभावित हुई थी। हर साल बिहार आने वाले करीब 8-9 लाख से अधिक विदेशी सैलानियों का सबसे बड़ा हिस्सा बोधगया पहुंचता है। इधर ही सिद्धार्थ को बुद्धत्व की प्राप्ति हुई और वे बुद्ध बने। बोधगया आने वाले पर्यटक सारनाथ अवश्य जाते हैं। सारनाथ में बुद्ध ने बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद अपना पहला उपदेश दिया था। जब केन्द्र और बिहार सरकार दुनियाभर में फैले 50 करोड़ बौद्ध धर्म के अनुयायियों को भारत के प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थलों की तरफ लाने की कोशिशें कर रही थीं,तब महाबोधि मंदिर की घटना का होना कोई बहुत शुभ संकेत नहीं था। बुद्ध के अनुयायियों का भारत को लेकर आकर्षण स्वाभाविक है। बोधगया-राजगीर-नालंदा सर्किट देश के सबसे खासमखास पर्यटन स्थलों में माना जाता हैं पर्यटकों की आमद के लिहाज से। इधर दक्षिण-पूर्व एशिया, श्रीलंका, जापान वगैरह से पर्यटक पहुंचते हैं। और उसके बाद राजगीर चले जाते हैं, जहां से बुद्ध ने आगे की यात्रा की। यूं तो ये साल भर आते रहते हैं, पर अक्टूबर से मार्च तक उनकी आमद सबसे अधिक रहती है। बोधगया और उससे सटे बुद्ध सर्किट के शहरों-राजगीर और नालंदा का दौरा करने वाले सभी पर्यटक साल भर में मोटा खर्च करते है। कुछ साल पहले पर्यटकों की बढ़ती संख्या की वजह से थाई एयरवेज, मिहिन लंका, भूटान की ड्रक एयर, म्यांमार एयरवेज इंटरनेशनल और म्यांमार एयरवेज बोधगया के लिए उड़ानें भरनी शुरू कर दी थीं। फिर कोविड के बाद हालात बदले। कुछ विदेशी एयरवेज ने अपनी उड़ानें बंद भी कर दीं। पर, जब से बुद्ध सर्किट से जुड़े स्थानों को बेहतर बनाने का सिलसिला शुरू हुआ है, तब से थाईलैंड, श्रीलंका, साउथ कोरिया, जापान और तमाम बुद्ध धर्म को मानने वाले देशों से आने वाले पर्यटकों की तादाद बढ़ी है, पर इसमें अभी और वृद्धि होनी चाहिए।

भारत में बौद्ध के जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थलों के साथ एक समृद्ध प्राचीन बौद्ध विरासत है। भारत बौद्ध विरासत दुनिया भर में बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत रुचिकर है। यह तो पूरी दुनिया को बताना तो होगा ही।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईए सुनें भगवान बटुक भैरव की कथा

के सिर को काटकर इस सृष्टि की अहंकार से रक्षा की है। अतः आज से तुम्हारा नाम भैरव होगा अब तुम जाओ और ब्रह्मा के इस सिर को लेकर सृष्टि में विचरण करो और जहाँ भी ये सिर तुम्हारे हाथ से छूट जाएगा वहीं तुम रुक जाना और स्थापित हो जाना। उसके बाद भैरव ने उस सर को हाथ में लेकर सृष्टि के चक्कर लगाने शुरू किए वो सारी सृष्टि में अनंत काल तक भ्रमण करते रहे परन्तु कही भी वो सर उनके हाथ से नहीं छूटा, परन्तु सृष्टि के चक्कर लगाते लगाते उनकी गति इतनी तीव्र हो गयी की वो समय से भी आगे निकल गए। जब भगवान नारायण के कर्ण कुण्डल गिरे और काशी नगरी स्थापित हुई तब वहां पर भगवान भैरव के हाथ से ब्रह्मदेव का वो कपाल छूट गया। तब भगवान भैरव वहीं रुक गए और तब वहां भगवान शिव प्रकट हुए उन्होंने उनसे कहाँ की ये मेरी प्रिय काशी नगरी है और आज से तुम इसके संरक्षक के रूप में यहाँ स्थापित हो परन्तु तुम्हें इस काशी नगरी में केवल पैर के एक अंगूठे के बराबर स्थान मिलेगा और तुम्हें इसी ब्रह्म कपाल में भोजन करना होगा, तुम अपनी तीव्र गति के कारण समय से भी आगे चले गए थे अर्थात तुमने कालचक्र पर भी विजय प्राप्त की है इस कारण आज से तुम काल भैरव के नाम से जाने जाओगे। तुम काशी, काशी की पवित्रता और काशी के भक्तों की रक्षा करोगे, ध्यान रहे काशी में मरने वाले को यम स्पर्श न करे, तब बाबा काल भैरव ने महादेव से पूछा की इससे तो पापी कर्म के दंड से निर्भीक हो जाएंगे तो उन्होंने कहाँ की यहाँ मृत्यु प्राप्त करने वालो को यमराज दंड नहीं दे पाएंगे परन्तु तुम उन्हें दंड दोगे, बिना काल यातना प्राप्त किए कोई भी जीवात्मा ये काशी नगरी नहीं छोड़ेगी। जिस जगह पर वो अग्नि स्तम्भ प्रकट हुआ था वो जगह आज के समय में अरुणाचल प्रदेश में स्थित है और जिस स्थान पर ब्रह्मा का कपाल छूटा था वो जगह आज के *(क्रमशः)*

बात निकलेगी तो दूर तलक जाएगी

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

प्रयागराज प्रकरण पर योगी सरकार विपक्ष के निशाने पर है। उसके लिए यह आपदा में अवसर है। भारी-भरकम शब्दों से प्रहार हो रहा है। लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दी जा रही है। यह वही प्रदेश है जहां सपा, बसपा और कांग्रेस सभी को पूर्ण बहुमत से सरकार चलाने का अवसर मिला है। ऐसे में बात चलेगी तो दूर तक जाएगी। संविधान और लोकतंत्र से संबंधित प्रश्न भी उठेंगे। फिर सबके पूरे कार्यकाल पर चर्चा होगी। उस अवधि का आकलन होगा। इस प्रकार योगी सरकार का आकलन किसी एक घटना मात्र से नहीं होगा। समीक्षा छह वर्ष की होगी। इस आधार पर पिछली सरकारों से तुलना भी होगी। इसमें कानून व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से शामिल होगा। योगी सरकार की उपलब्धियां अभूतपूर्व हैं।

वर्तमान सरकार ने उत्तर प्रदेश में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के करीब 54 लाख गरीब परिवारों को एक-एक आवास उपलब्ध कराया है। 2 करोड़ 61 लाख गरीबों को शौचालय की सुविधा दी गई। डेढ़ करोड़ से अधिक गरीबों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। प्रदेश के पंद्रह करोड़ लोगों को विगत तीन वर्षों से निःशुल्क राशन की सुविधा मिल रही है। एक जनपद, एक उत्पाद योजना की शुरूआत उत्तर प्रदेश में की गई थी। आज प्रदेश के सभी जनपदों का एक यूनिक प्रोडक्ट है। ओडीओपी योजना ने प्रदेश के निर्यात को दोगुने से अधिक किया है। आज उत्तर प्रदेश एक्सपोर्ट का हब बन रहा है। राज्य को डिफेंस कॉरिडोर भी दिया गया है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल तथा झांसी में भारत डायनामिक्स यूनिट लग रही है।

कानपुर में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में अच्छा निवेश आ रहा है। प्रदेश सर्वाधिक एक्सप्रेस-वे वाला प्रदेश बन गया है। इंसेफेलाइटिस उन्मूलन का प्रयास सफल हो रहा है। योगी सरकार की निवेश फ्रेंडली नीतियों का सकरात्मक परीणाम मिल रहा है। राजनीतिक स्थायित्व और गुड गवर्नेंस के नए दौर का सृजन हुआ है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध यूपी गुड गवर्नेंस, अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस, सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार, सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र, निवेश फ्रेंडली नीतियों के साथ ईज आफ डूइंग में अग्रणी राज्य है।

पिछले कुछ वर्षों में यहां तीन लाख करोड़ रुपये की सड़कें बनी हैं। जिस प्रदेश में कभी मात्र दो एयरपोर्ट हुआ करते थे, वहां आज वह नौ हवाई अड्डे क्रियाशील हैं। दस नए एयरपोर्ट बन रहे हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत प्रदेश के पौने दो करोड़ परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिए गए हैं। इसमें भी प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। एक्सप्रेस-वे, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा प्रदेश के श्रमिकों/स्ट्रीट वेण्डर्स को भरण-पोषण भत्ता देने में प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है। वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज़ का कार्य प्रदेश में प्रगति पर है। छह वर्ष पहले तक प्रदेश में कुल 12 राजकीय मेडिकल कॉलेज बन पाए थे। आज प्रदेश के 16 जनपदों को छोड़ दें तो शेष सभी जनपदों में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो चुकी है। सोलह जनपदों में मेडिकल कॉलेज के लिए प्रदेश सरकार युद्धस्तर पर कार्यों को आगे बढ़ा रही है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज प्रदेश के रूप में जाना जा रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पूर्वी उत्तर प्रदेश को जोड़ रहा है। बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे बुन्देलखंड क्षेत्र को जोड़ रहा है। गंगा एक्सप्रेस-वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पूर्वी उत्तर प्रदेश से जोड़ रहा है। वाराणसी से हल्दिया के मध्य देश का प्रथम राष्ट्रीय जलमार्ग प्रदेश को पूर्वी बन्दरगाह के साथ जोड़ता है। इसलिए किसी एक प्रकरण से किसी सरकार का मूल्यांकन करना गलत है।

लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दी जा रही है। यह वही प्रदेश है जहां सपा, बसपा और कांग्रेस सभी को पूर्ण बहुमत से सरकार चलाने का अवसर मिला है। ऐसे में बात चलेगी तो दूर तक जाएगी।

देश-दुनिया

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



भारत में निवेश का नया केंद्र बनता जा रहा है जम्मू-कश्मीर

प्रह्लाद सबनानी

धारा 370 को हटाए जाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में जिस तरह आधारभूत संरचना का विकास हो रहा है, कनेक्टिविटी बढ़ रही है, उससे राज्य में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार हुआ है और कैलेंडर वर्ष 2022 में रिकॉर्ड वृद्धि के साथ 26 लाख से अधिक पर्यटक वहां पहुंचे हैं। ऐसा कहा जाता है कि जम्मू एवं कश्मीर में धारा 370 लागू करना तत्कालीन नेहरू सरकार की सबसे बड़ी राजनैतिक भूल थी, क्योंकि इसके कारण जम्मू एवं कश्मीर के नागरिकों का अत्यधिक नुक्सान हुआ है। दरअसल पूरे देश में नागरिकों के हितार्थ भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं का लाभ धारा 370 के कारण जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के नागरिकों को नहीं मिल पा रहा था। साथ ही, इन क्षेत्रों का विकास भी नहीं हो पा रहा था क्योंकि अत्यधिक आतंकवाद के कारण इस क्षेत्र में कोई भी उद्योगपति अपना निवेश करने को तैयार ही नहीं होता था।

धारा 370 को लागू करने के कारण जम्मू एवं कश्मीर के नागरिकों को आर्थिक नुकसान के अलावा राजनैतिक, सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में पूरे भारत को ही भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार को रक्षा, विदेश एवं संचार जैसे कुछ क्षेत्रों को छोड़कर शेष समस्त क्षेत्रों के लिए भारत सरकार के कानून जम्मू-कश्मीर में लागू करने के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेना आवश्यक होता था। अतः भारत सरकार के कानून जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं होते थे। इसका परिणाम यह निकलता था कि भारत के अन्य राज्यों से कोई भी भारतीय नागरिक जम्मू-कश्मीर की सीमा के अंदर जमीन या सम्पत्ति नहीं खरीद सकता था। जम्मू-कश्मीर के लिए भारतीय तिरंगा के अलावा एक अलग राष्ट्रीय ध्वज भी होता था, इसलिए वहां के नागरिकों द्वारा भारतीय तिरंगा के सम्मान नहीं करने पर उन पर कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं हो सकता था। यहां तक कि जम्मू और कश्मीर के सम्बंध में भारत की सुप्रीम कोर्ट द्वारा यदि कोई आदेश दिया जाता था, तो वहां के लिए यह जरूरी नहीं है कि वे इसका पालन करें। जम्मू और कश्मीर की कोई महिला यदि भारत के किसी अन्य राज्य के किसी व्यक्ति से शादी कर लेती थी, तो उस महिला से उसके कश्मीरी होने का अधिकार छिन जाता था। इसके विपरीत यदि कोई कश्मीरी महिला पाकिस्तान में रहने वाले किसी व्यक्ति से निकाह करती थी, तो उसकी कश्मीरी नागरिकता पर कोई असर नहीं होता था। साथ ही, कोई पाकिस्तानी नागरिक यदि कश्मीरी लड़की से शादी करता था और फिर कश्मीर में आकर रहने लगता था तो उस व्यक्ति को भारतीय नागरिकता भी प्राप्त हो जाती थी। यह किस प्रकार के नियम बनाए गए थे जिनके अनुसार एक भारतीय नागरिक जम्मू कश्मीर में नहीं बस सकता था परंतु एक पाकिस्तानी नागरिक यहां बस सकता था और आतंकवाद फैला सकता था। कुल मिलाकर धारा 370 के चलते, जम्मू एवं कश्मीर के नागरिकों को लाभ के स्थान पर नुकसान ही अधिक उठाना पड़ा है। परंतु, केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद इस क्षेत्र के नागरिकों को देश में लागू की जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने, इस क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति देने एवं आतंकवाद को समूल नष्ट करने के उद्देश्य से दिनांक 5 अगस्त 2019 को भारत सरकार ने जम्मू एवं कश्मीर को खास दर्जा देने वाली धारा 370 को कानूनी रूप से खत्म कर दिया था। केंद्र सरकार का यह फैसला सचमुच में बहुत दूरदर्शी साबित हुआ है क्योंकि धारा 370 को हटाए जाने के बाद से जम्मू एवं कश्मीर में कई बदलाव दृष्टिगोचर हैं। अब केंद्र के समस्त कानूनों एवं अन्य कई आर्थिक योजनाओं को वहां लागू कर दिया गया है इससे आम नागरिकों को बहुत सुविधा एवं लाभ हुआ है।

धारा 370 को लागू करने के कारण जम्मू एवं कश्मीर के नागरिकों को आर्थिक नुकसान के अलावा राजनैतिक, सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में पूरे भारत को ही भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है।

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

मजदूर दिवस की प्रासंगिकता

आज भी माकूल है नारा
दुनिया के मजदूरों एक हो

भारत के सामंती समाज में मजदूर का मतलब दलित समाज के लोगों से था। जिन्हें अछूत समझा जाता था। सूर्योदय से सूर्यास्त तक उसे काम करना होता था। बरसात के दिनों में तो मजदूर सूर्योदय से 8:00 बजे रात तक। नाश्ता या भोजन और मजदूरी उन्हें उतना ही दिया जाता था जिससे उसका और उसके परिवार का पेट ना भरे। खान खनिजों के मजदूरों का शोषण तो भयानक था। अधिकतर मजदूर टीबी के शिकार होकर 40 के उम्र आते तक मर जाते थे। उनके लिए न रहने का धौड़ा और ना ही पीने का साफ पानी नसीब होता। इसी प्रकार की स्थिति कृषि में लगे सामंतों व जमींदारों के बंधुआ मजदूरों की थी। 12 से 14 घंटे काम, भरपेट भोजन नहीं और ऊपर से गाली।

समय के परिवर्तन होने के बाद भी उजड़ता-ढहता सामंती समाज मजदूरों को आज भी उसी रुप में देखना चाहता है। इसी प्रकार पूंजीवादी देश अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, पुर्तगाल वैगरह देशों में मजदूर दोयम दर्जे के नागरिक थे।

शुरू में खान खनिज और फैक्ट्रियों में 16 से 18 घंटे काम लिए जाते थे। चिमनियों के धुएं के जमाव को मजदूर के बच्चों को रस्सी में बांधकर साफ कराया जाता था। औरत और मर्द दोनों गुलाम थे। कहावत यह था कि 12 वर्ष तक मजदूर का बेटा अपने बाप को नहीं पहचानता था। क्योंकि जब मजदूर काम से वापस आता था तो बच्चा सो जाता था और उसके जगने से पहले ही उसे काम पर जाना पड़ता था। कारखाने का मालिक को यह पता होता था कि किसके घर का बच्चा 12 वर्ष का हो गया है। 12 वर्ष पूरा होने के बाद वह बच्चे के बाप को बाध्य करता था कि अपने बेटे को लेकर आवे और उसकी गुलामी करे। यह है सभ्य कहलाने वाले यूरोप व अमेरिका के समाज की शोषणपरस्त दास्तान।

सामंती समाज हो या पूंजीवादी समाज अपना सिद्धांत स्वयं गढ़ लेता है। पूंजी है तब तो कारखाना खुला। जमीन है तो मजदूर लगा। दोनों एक ही बात है। जमीन तो प्रकृति यानी पूंजीपति या सामंतों के भगवान की देन है। श्रम शक्ति भी भगवान ने ही बनाया। कोई भी कारखानेदार या खान का मालिक जितना मजदूरी देता है उससे अधिक काम लेता है। मान लिया कि एक मजदूर को 8 घंटे काम का 500 रुपये मजदूरी मिला। परंतु मजदूर 4 घंटे में ही 500 रुपये का कार्य कर देता है और उस कारखानेदार को 4 घंटे के उत्पादन से मजदूरी काटकर मुनाफा भी होता है लेकिन उस मुनाफे को पूंजी नहीं कहा जाता।

वह मुनाफा मालिक को खाने जीने और कारखाना चलाने तक सीमित रहता है। लेकिन 4 घंटा जो अतिरिक्त काम से उत्पादन होता है और अतिरिक्त उत्पादन से जो मुनाफा होता है वह पूंजी कहलाता है। यानी पूंजी का मतलब हराम की कमाई, श्रम की लूट की कमाई और माफियागिरी की कमाई। प्रकृति की देन है कि हर अत्याचार और शोषण का प्रतिवाद या विरोध होगा ही। इसलिए 19वीं सदी आते-आते तक दुनिया के मजदूर 16 से 18 घंटे काम का विरोध करने लगे और 8 घंटा काम की मांग और बेहतर कार्य दशाओं के लिए आवाज बुलंद करने लगे। फिर भी बेरोजगारी का फायदा लगातार पूंजीपति उठाते रहे। इसी मांग को लेकर 1 मई 1886 को अमेरिका के सबसे बड़े औद्योगिक केंद्र में मजदूरों का हड़ताल शुरू हो गया। यह हड़ताल शिकागो में व्यापक रूप धारण कर लिया। हड़ताल को तोड़ने के लिए पूंजीपति और उनकी सरकारों ने उत्तेजक कार्रवाइयों का सहारा लिया। शिकागो के हेमार्केट मैदान में मजदूरों की रैली हो रही थी। रैली के दौरान एक बम विस्फोट हुआ। इसके बाद वहां नियुक्त पुलिस और सेना हड़तालियों पर गोली चलाने लगी। कई मजदूर घायल हो गए। कुछ मारे गए। खून से लथपथ मजदूरों ने अपने कपड़ों को उठाकर कहा लाल झंडा जिंदाबाद। उन्होंने नारा दिया दुनिया के मजदूरों एक हो। उन्होंने घोष किया कि संघर्ष ही तुम्हारी जिंदगी है अन्यथा दरिद्रता और मौत हम मजदूरों के हिस्से में मिलेगी। मजदूरों और उनके नेताओं के खिलाफ न सिर्फ शिकागो में बल्कि समूचे देश में मजदूरों के खिलाफ प्रति हिंसा छेड़ दी गई। सैकड़ों मजदूरों को गिरफ्तार किया गया तथा 8 व्यक्तियों पर मुकदमा चलाया गया, जो शिकागो की सभा रैली का नेतृत्व कर रहे थे। मजदूर विरोधी प्रचार किया गया। नेताओं के बारे में झूठी खबरें छापी गई। ताकि मजदूर विरोधी अभियान तेज किया जा सके। जैसा 2021 में भारत के किसान आंदोलन के बारे में कहा जा रहा था।

ताज्जुब तो इस बात की है कि लंबे संघर्ष के बाद अमेरिकियों ने लोकतंत्र व स्वाधीनता प्राप्त किया था। लेकिन मजदूरों के सवाल पर अमेरिकी न्यायपालिका की भूमिका भी मजदूर विरोधी थी। न्यायकताओं ने मजदूरों पर मुकदमा चलाया। यद्यपि बम विस्फोट में शामिल लोगों पर लगाए गए आरोप सिद्ध नहीं हो पाए थे, फिर भी मजदूर नेता अल्बर्ट पार्संस, आगस्ट स्पाईज, सैमुएल फिल्डेन, माइकल शोएब, एडोल्फ फिशर, जॉर्ज एंगल तथा लुइस लिंग को मृत्यु दंड दिया गया और आठवें व्यक्ति ऑस्कर नीबे को 15 वर्ष का कारावास का दंड दिया गया था। जबकि बाद में साबित हो गया था कि उनमें बम विस्फोट के समय दो ही व्यक्ति रैली में थे।

शिकागो शहर का एक धनी व्यापारी बड़े ही निर्ममतापूर्वक कहा था - मैं नहीं समझता हूं कि उन लोगों को किसी भी अपराध का दोषी पाया गया है फिर भी उन्हें फांसी की सजा अवश्य देने चाहिए।

हालांकि मजदूर संगठनों ने मृत्युदंड का भारी विरोध किया था, फिर भी चार व्यक्ति पार्संस, स्पाइज, एंगल और फिशर को 11 नंबर 1887 को फांसी दी गई। लिंग जेल में मर गए। शोएब और फिल्डेन के मृत्यु दंड की सजा को कारावास में बदल दिया गया। वे शिकागो के शहीद हो गए।

लुइस लिंग ने न्यायालय में अपना पक्ष रखते हुए भाषण दिया कि जिस षड्यंत्र का उन पर आरोप लगाया गया है वह बेतुका और अनुचित है। लगाए गए आरोप पूंजीवाद प्रणाली के विचारों, भावनाओं, आकांक्षा तथा दृष्टिकोण की एकता के सिवाय और कुछ नहीं। उन्होंने अभियोग पक्ष तथा नयायाधीशों के बारे में कहा कि वे भाड़े के टट्टू हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मैं आपके आदेश, आपके कानून तथा आपके जोर जबरदस्ती वाले अधिकार का तिरस्कार करता हूं। चढ़ा दो इसके लिए मुझे फांसी पर।

तब से दुनिया में एक मई को शिकागो के शहीदों के सम्मान में मई दिवस मजदूर दिवस के रुप में मनाया जाता है। शहीद मजदूरों का मुख्य नारा था- काम के घंटे 8 घंटा करो तथा दुनिया के मजदूरों एक हो।

अमेरिका के बड़े-बड़े शहरों से लेकर कस्बों तक आंदोलन फैला, लेकिन मजदूरों का सतत संघर्ष नहीं हो सका। बल्कि उसका प्रभाव रूस और अन्य देशो में पड़ा। लेनिन के नेतृत्व में 1917 में रुस की जारशाही (राजा रानी की कहानी) का अंत कर मजदूरों की सत्ता कायम हुई। जिसने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को नैसर्गिक अधिकार बना दिया। दुनिया में मजदूरों के काम का घंटे को 8 घंटा मान लिया गया। दुनिया के मजदूरों की जिंदगी के साथ देश का किस्मत भी बदला और विकास के रास्ते खुले।

लेकिन 130 से 135 वर्ष के बाद पुनः काम के घंटे बढ़ाए जा रहे हैं। भारत सरकार ने मजदूर कानून के लिए चार कोड बनाएं हैं। इस कोड के तहत ट्रेड यूनियन के सारे अधिकार समाप्त कर दिए गए हैं। यहां तक कि हड़ताल करने के भी अधिकार को खत्म कर दिया गया है। साथ ही 8 घंटा की जगह 12 घंटा काम करने पर दबाव बनाया जा रहा है। ताज्जुब तो इस बात की है कि वर्तमान तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने भी 8 घंटे को इंडस्ट्री में धीरे-धीरे 12 घंटा मजदूरों से काम लेने का कानून बनाया है। जिस सरकार में कांग्रेस के साथ कमुनिस्ट भी शामिल हैं। रूस के साथ कई देशों से मजदूरों की सरकार समाप्त हो गई है। पुनः वहां पूंजीवादी सरकार जगह बना ली है। चीन भी दुनिया के मजदूरों एक हो के नारे से अलग होता दिखाई दे रहा है।

आज भारत में कृषि कार्य पर लगे किसान किसानी छोड़कर शहरों की ओर भाग रहे हैं। किसानी घाटे का सौदा बन गया है। अधिकतर किसान मजदूर बन गए हैं। दिहाड़ी मजदूरों की संख्या बढ़ रही है। केंद्र की सत्ता उन दिहाड़ी मजदूरों को सर्विस सेक्टर मान लिया है। मजदूर शहरों में, खासकर महानगरों में गिरते पड़ते भाग रहे हैं। उनके रहने का ठिकाना ना सरकार ने और ना ही कंपनियों ने बनाया है। फिर भी उनसे मन माना काम लिया जाता है। कंपनियों में तो इंजीनियर तक को नहीं बताया जाता है कि उन्हें क्यों हटा दिया गया। मजदूरों को कौन पूछता है? सरकार का कोई कानून कंपनियो द्वारा किए जा रहे शोषण को लेकर चिंतित नहीं है। इसलिए भी कि मजदूर इस पूंजीवादी और ढहता हुआ सामंती और नव धनाढ्य की नजर में दोयम दर्जे के नागरिक आज भी है। आखिर समाज क्यों भूल जाता है कि नदियों की धाराओं को मोड़ कर मजदूर नहर बनाता है, रेल लाइन बिछाता है, कारखानों का चक्का घुमाता है, मंदिर और मस्जिद बनाता है, समुद्र के अंदर रास्ता बनाता है और वह किसानों के साथ मिलकर देश चलाता है। फिर भी उनके प्रति हमारी सोच वही छुआछूत और भेदभाव पूर्ण मनुवादी सोच है और पुरानी सोच है।

पुरानी सोच नहीं होता तो निजामुद्दीन औलिया का कथन 'दिल्ली दूरअस्त' यानी दिल्ली दूर है जिसे मजदूरों ने गलत साबित कर दिया। कोविड-19 के कारण लॉकडाउन के दौरान बिना भोजन पानी मजदूरों को शहरों में छोड़ दिया गया। ऐसी हालत में मजदूरों ने बिना खाना पानी के परिवारों के साथ गिरते पड़ते और मरते देश के एक छोर से दूसरे छोर को नाप दिया। शायद किसी-किसी ने कहीं-कहीं दाना पानी दिया। यह भारत के इतिहास का दूसरा महाभारत था, मजदूरों का महाभारत। मई दिवस के अवसर पर याद करना है कि अब मजदूरों की सत्ता के लिए दिल्ली दूर नहीं है। जरूरी है अपनी एकता कायम रखने और एकजुटता के साथ अपने संघर्ष को जारी रखने की।

मजदूर एकता जिंदाबाद!
दुनिया के मजदूरों एक हो!!
शहीद मजदूरों को लाल सलाम!!!

❖ **केडी सिंह**

व्यायाम की शुरुआत करते समय दर्द व चोट से बचने के तरीके

व्यायाम करने की आदत डालना आसान नहीं है। लोगों के लिए न केवल व्यायाम के लिए समय निकालना एक प्रमुख कारक है बल्कि दर्द और चोटों का डर भी एक कारण है कि लोग व्यायाम शुरू करने से कतराते हैं। व्यायाम करने की आदत डालना आसान नहीं है। लोगों के लिए न केवल व्यायाम के लिए समय निकालना एक प्रमुख कारक है बल्कि दर्द और चोटों का डर भी एक कारण है कि लोग व्यायाम शुरू करने से कतराते हैं। हालांकि, जरूरी नहीं कि व्यायाम करने से दर्द हो या चोट लगे। यहां कुछ सरल चीजें दी गई हैं, जिन्हें आप व्यायाम शुरू करते समय दर्द और चोट के जोखिम से बचने के लिए कर सकते हैं। 'वार्म-अप' (व्यायाम से पहले शरीर का तापमान बढ़ाना) व्यायाम से पहले खुद को 'वार्म-अप' करना महत्वपूर्ण है। इससे मांसपेशियों और पूरे शरीर का तापमान बढ़ जाता है।

यह आपके शरीर को व्यायाम के बढ़ते बोझ के लिए भी तैयार करता है। वार्म-अप के बाद गर्म हुई मांसपेशियां लंबे समय तक व्यायाम करने में सक्षम हो पाती हैं। इससे दर्द और चोट का जोखिम भी कम हो जाता है। असल में एक प्रभावी वार्म-अप अलग-अलग व्यायाम के लिए भिन्न हो सकते हैं। लेकिन, सामान्य तौर पर आपको कसरत शुरू करने से पहले कम से कम पांच से दस मिनट का समय वार्म-अप करने के लिए देना चाहिए। उदाहरण के तौर पर दौड़ने से पहले टहलना या तेज कदमों से चलना चाहिए या भारी वजन उठाने से पहले हल्का वजन उठाना चाहिए। व्यायाम शुरू करते समय अपनी क्षमता से अधिक कसरत करना एक सामान्य गलती है। इससे व्यायाम के बाद दर्द हो सकता है और आपके चोटिल होने की आशंका भी बढ़ सकती है। जब आप पहली बार कसरत शुरू करते हैं, तो धीरे-धीरे और अपनी क्षमता अनुसार इसकी शुरूआत और आगे बढ़ना महत्वपूर्ण होता है। व्यायाम के लाभ दिखने में सप्ताह या महीने भी लग सकते हैं, इसलिए अपने स्वास्थ्य और फिटनेस में रातोंरात सुधार देखने की अपेक्षा न करें। कुछ दिनों में आपको पिछले सत्र जितना लंबा या कठिन व्यायाम करना मुश्किल लग सकता है। ऐसे में चोट से बचने के लिए अपने शरीर की सुनें और जब आप थका हुआ महसूस करें तो रुक जाएं। प्रत्येक सप्ताह आराम करने के लिए एक या दो दिन का समय देना व्यायाम की थकान से उबरने के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, इन दिनों में केवल बैठे रहना और कुछ भी नहीं करने की आवश्यकता नहीं है। मांसपेशियों को उचित आराम मिलने से दर्द और चोट के जोखिम से बचाव संभव है। आराम के दिनों में टहलना या योग जैसे कम थकाने वाले व्यायाम शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, अलग-अलग दिन भिन्न तरह की कसरत करने से यह आपकी मांसपेशियों को बार-बार एक ही तरह का काम करने से बचाएगा। उचित तरीका सीखें व्यायाम शुरू करते समय शुरूआती दौर में ही कसरत का सही तरीका विकसित करना महत्वपूर्ण है। शुरूआत में, धीमी गति बनाएं और विभिन्न प्रकार के व्यायामों को करने की आदत डालें और तुरंत बहुत अधिक वजन नहीं उठाएं। इससे आपको चोट लगने से बचने में मदद मिलेगी। यदि आप जिम या फिटनेस सेंटर में व्यायाम करना चुनते हैं, तो जिम प्रशिक्षक की मदद ले सकते हैं। यदि आप अकेले व्यायाम करना पसंद करते हैं, तो आपके मार्गदर्शन के लिए बहुत सारे विकल्प ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

सूडोकु नवताल- 6689

★★★★☆ मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल -6688 का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1

दैनिक पंचांग

04 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मेष में	वृष	06.07 बजे से
चंद्र	कन्या में	मिथुन	08.05 बजे से
मंगल	मिथुन में	कर्क	10.19 बजे से
बुध	मेष में	सिंह	12.35 बजे से
गुरु	मेष में	कन्या	14.47 बजे से
शुक्र	मिथुन में	तुला	16.57 बजे से
शनि	कुंभ में	वृश्चिक	19.12 ब.से
राहु	मेष में	धनु	21.28 बजे से
केतु	तुला में	मकर	23.33 बजे से
राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक		कुंभ	01.20 बजे से
		मीन	02.53 बजे से
		मेष	04.23 बजे से

गुरुवार 2023 वर्ष का 124 वां दिन
दिशाशूल दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म।
वक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास वैशाख **पक्ष** शुक्ल
तिथि चतुर्दशी 23.45 बजे को समाप्त।
नक्षत्र चित्रा 21.35 बजे को समाप्त।
योग वज्र 10.36 बजे को समाप्त।
करण गर 11.52 बजे तदनन्तर वणिज 23.45 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 13.8 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 15° 50'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871603
जूलियन दिन 2460068.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1444
महीना सव्वाल
तारीख 13
विशेष नृसिंह जयंती।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
शुभ	05.54 से	07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से	07.11 बजे तक
रोग	07.22 से	08.51 बजे तक	चर	07.11 से	08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से	10.19 बजे तक	रोग	08.43 से	10.15 बजे तक
चर	10.19 से	11.47 बजे तक	काल	10.15 से	11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से	01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से	01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से	02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से	02.51 बजे तक
काल	02.43 से	04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से	04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से	05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7751



बाएँ से दाएँ

1. सिंह,शेर-3
6. कृषि पैदावार-3
7. कमल सरोवर-5
8. बारीक-3
10. जरा,थोड़ा-2
12. वाराणसी-4
15. टूटना,तड़कना-4
17. शराब,मदिरा-2
19. बुद्धि,मति-3
21. सेवा,,चाकरी,देखभाल-5
23. कर्म,भाग्य-3
24. यज्ञ,होम-3

ऊपर से नीचे

2. आक्रमणकारी-5
3. समा,माहौल-3
4. आर्द्रता,नमी-3
5. चट्टान (अंग्रेजी-2)
6. अंतर,फर्क-3
9. षष्ठीपूर्ति,60 वर्ष पूरे होना-3
11. नशा,खुमार-2
13. नरम,मुलायम-3
14. एक जैसा,समान-2
16. सार-संभाल-2,3
18. अनाथ,बेसहारा-3
19. खालिस,शुद्ध-3
20. फालिज,पक्षाघात-3
22. क्रोध,खीज,गुस्सा-2

शब्द पहेली -7750 का हल

	बे	चा	रा		जी	व	न	
कि	ला		ई		न		भ	ला
ता		क	स	र	त			य
ब	द	ला		थ		ह	ल	क
		का	ष्ठ		म	नु		
म	क्का	र		रा		मा	म	ला
ही			अ	न	ब	न		न
ना	ग		द		हा		भा	त
	म	ल	ना		व	च	न	

आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिजनों के साथ दिन अच्छा बीतेगी। कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

वृष राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से सभी कार्य सफल होंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी।

कर्क राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में कठिन परिश्रम से आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। राजनीतिक क्षेत्र में भी सफलता मिलेगी।

सिंह राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

कन्या राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों की मदद से कार्यों में सफलता मिलेगी और आय के नए स्त्रोत बनेंगे।

तुला राशि : आज का सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ की स्थिति रहेगी, जिससे आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रुका हुए कार्यों को गति मिलेगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कड़ी मेहनत से काम सफल होंगे।

धनु राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसायिक क्षेत्र में आशा के अनुरूप लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति पूर्व की अपेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

मकर राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में लाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन भागदौड़ की अधिकता रहने से अनावश्यक खर्च भी बढ़ेंगे। संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें।

कुंभ राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और लाभ की स्थिति रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग हैं। कामकाज के उद्देश्य से प्रवास पर जा सकते हैं।

मीन राशि : आज का दिन लाभदायी है। कायक्षेत्र में अच्छा माहौल रहेगा और व्यापार-व्यवसाय में अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना रहेगी। आकस्मिक धनलाभ से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

युवाओं को कट्टे से कलम की ओर ले जा रहे हम : योगी

एजेंसी। आजमगढ़

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के अंदर आजगमढ़ को कभी उसके ओज और तेज के जाना जाता था। मगर 2017 पहले जिनके पास सत्ता की बागडोर थी उन लोगों ने इसका केवल दोहन करने का काम किया। हमारे युवाओं के हाथों में कलम के स्थान पर कुछ लोगों ने कट्टा देने का काम किया। आज समय बदल चुका है और हम युवाओं को कट्टे से कलम की ओर लेकर जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां एसकेपी इंटर कॉलेज मैदान से चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम

अपने युवाओं तमंचे नहीं टैबलेट दे रहे हैं। उन्हें तकनीकी से जोड़कर स्किल्ड बना रहे हैं। उन्होंने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि पांच साल पहले पूर्व मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार करने यहां आए थे, आज अगर वो सड़क मार्ग से यहां आएंगे तो इस जनपद को पहचान भी नहीं पाएंगे। आजगमढ़ आज पूरी तरह से बदल चुका है। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशियों लिए चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि आजमगढ़ बाबा भंवरनाथ की कृपा से पुष्पित पल्लवित और परम तपस्वी महर्षि दुवार्सा और श्री दत्तात्रेय जी की पावन धरा है। संतों, ऋषियों, क्रांतिकारों और साहित्यकारों ने इसे समय समय पर सींचा है। ऐसे आजमगढ़ की धरा को जिसने हरिहरपुर जैसे गांव को कला के लिए समर्पित किया है, उसे मैं कोटि-कोटि नमन करता हूं। स्वतंत्र भारत में बिना भेदभाव के विकास योजनाओं की जो आस थी, ये जनपद उससे विपरीत दिशा में चलता गया। कुछ लोगों ने युवाओं के हाथ में तमंचे देने का काम किया। 2017 से पहले आजमगढ़ पहचान के लिए मोहताज था। यहां के लोगों के दूसरे शहरों में होटल और धर्मशालाओं में कमरे तक नहीं मिलते थे। जिन लोगों ने ये संकट पैदा किया था आज उससे मुक्त करके आजमगढ़ को पूर्वांचल एक्सप्रेस से जोड़ा जा चुका है। यहां एयरपोर्ट बन रहा है और अब कट्टा नहीं कलम के लिए महाराज सुहेलदेव के नाम पर विश्व विद्यालय भी शुरू हो चुका है, शीघ्र ही उसका प्रशासनिक भवन बनने जा रहा है।

शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की आज से गोवा में बैठक

नई दिल्ली। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक गुरुवार से गोवा में प्रांरभ होगी। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर विदेश मंत्रियों की इस बैठक में शामिल होने के लिए बुधवार को गोवा पहुंचे। भारत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का वर्तमान अध्यक्ष है। एससीओ की स्थापना 15 जून 2001 को शंघाई में हुई थी। एससीओ में इस समय आठ सदस्य देश- भारत, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान हैं। चीन के विदेश मंत्री किन गैंग, रूस के सर्गेई लावरोव और पाकिस्तान के बिलावल भुट्टो-जरदारी बैठक में अन्य नेताओं के साथ शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर इस दौरान चीन और रूस के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक भी कर सकते हैं। बैठक से एक दिन पहले विदेश मंत्री तैयारियों का जायजा लेने के लिए यहां पहुंचे हैं।

फोटो ऑफ द डे

बुधवार को बर्फबारी के दौरान भक्तों ने केदारनाथ मंदिर के दर्शन किए। (फोटोः आईएएनएस)

क्रेन ने बाइक सवारों को रौंदा, 4 की मौत

इंदौर। इंदौर में शाम के बाद भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होने के बावजूद मंगलवार की देर शाम को बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक क्रेन ने कोहराम मचा दिया और दो बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने क्रेन के चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर शाम को बाणगंगा थाना क्षेत्र में पुल से उतर रही क्रेन ने पहले ऑटो को टक्कर मारी, उसके बाद खंभे में जा घुसी। इतना ही नहीं उसने दो बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया और उन्हें काफी दूर तक घसीटती ले गई। इस हादसे में दो भाइयों सहित कुल चार लोगों की मौत हुई है।

देश में अंग प्रत्यारोपण के मामलों में हुई बढ़ोतरी : मनसुख मांडविया

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश में पिछले दस वर्षों में अंग प्रत्यारोपण के मामलों में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम की 99वीं कड़ी में देशवासियों से अंगदान के लिए आगे आने का आह्वान किया था। इससे देश में अंगदान को एक नई गति मिली है। डॉ. मांडविया ने बुधवार को स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अंगदान एवं प्रत्यारोपण की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ देश में अंगदान और प्रत्यारोपण को बढ़ावा देने को लेकर नीतिगत सुधारों के लिए अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख लेने के भी निर्देश दिए। डॉ. मांडविया के मुताबिक वर्ष 2016 में 930 मृत दाताओं से 2265 अंगों का उपयोग किया गया, जबकि वर्ष 2022 में 904 मृतक दाताओं से 2765 अंगों का उपयोग किया गया। एनओटीटीओ अस्पतालों में अंगदान और प्रत्यारोपण कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका के रूप में एक प्रत्यारोपण मैनुअल पर काम कर रहा है और प्रत्यारोपण समन्वयकों के प्रशिक्षण के लिए एक मानक पाठ्यक्रम पर भी काम कर रहा है। इन दोनों दस्तावेजों को पूरा कर जल्द ही जारी कर दिया जाएगा।

राष्ट्रपति तीन दिन ओडिशा में रहेंगी

भुवनेश्वर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार गुरुवार को ओडिशा में अपने गृह जिले मयूरभंज का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राज्य में तीन दिन रहेंगीं। अपने दौरे के दौरान वह बारीपदा के महाराजा श्रीराम चंद्र भांजा देव विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह और सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व की यात्रा समेत कई कार्यक्रमों में भाग लेंगी। तय कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपित मुर्मू दिल्ली से भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा हवाई अड्डे पर पहुंचेंगी। इसके बाद यहां से वह हेलीकॉप्टर से ओडिशा जाएंगी और 4 मई को सुबह करीब 10:15 बजे मयूरभंज जिले के बादामपहाड़ हेलीपैड पर उतरेंगी।

भाजपा ने केजरीवाल से पूछा सवाल

क्या पैसा लेकर रेस्टोरेंट की टाइमिंग को बदला गया

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी घोटाले को लेकर अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अब बंद कमरे में हुई बातें भी सामने आती जा रही हैं कि मनीष सिसोदिया के सचिव ने कहा था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में कमीशन को 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने का फैसला किया गया था। इसके साथ ही भाजपा प्रवक्ता ने केजरीवाल और आम आदमी पार्टी संसदीय दल के नेता,

दोनों से यह सवाल भी पूछा कि क्या रेस्टोरेंट की टाइमिंग को बदलने का फैसला किसी व्यावसायिक डील के तहत किया गया था। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि चूंकि अब यह तथ्य बयान में आ चुका है इसलिए अरविंद केजरीवाल को यह बताना चाहिए कि उन्होंने किस आधार पर कमीशन को बढ़ाने का फैसला किया था। उन्होंने कहा कि यह भी तथ्य सामने आया है कि रेस्टोरेंट मालिकों को बुलाकर भी पैसा इकट्ठा किया गया और बदले में उनसे यह कहा गया कि रेस्टोरेंट की टाइमिंग बदल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनके संसदीय दल के नेता, दोनों को यह बताना चाहिए कि क्या टाइमिंग को बदलने का फैसला किसी व्यावसायिक डील के तहत किया गया था।

दिल्ली आबकारी नीति मामला

विजय -दिनेश से ईडी करेगा पूछताछ

नई दिल्ली। ईडी द्वारा आप के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर और बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित अरोड़ा के बयान दर्ज किए जाने की संभावना है, जो वर्तमान में दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। हाल ही में, केंद्रीय एजेंसी ने विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष याचिका दायर कर उनसे न्यायिक हिरासत में आगे पूछताछ करने की अनुमति मांगी थी। उनकी दलील सुनने के बाद अदालत ने उन्हें तिहाड़ जेल जाने और बयान दर्ज करने की अनुमति दे दी। ईडी ने इस मामले में तीसरा पूरक आरोप पत्र दायर किया है और जल्द ही चौथा फाइल करने की संभावना है।

एफआईआर के बाद भी कुछ नहीं कर रही दिल्ली पुलिस

ब्यूरो। नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के विरूद्ध कनॉट प्लेस पुलिस थाना में सात महिला खिलाड़ियों द्वारा लिखित शिकायत करने और जंतर-मंतर पर धरना देने के बाद भी दिल्ली पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर रही थी, तो खिलाड़ी सर्वोच्च न्यायालय में गए। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं की, तो खिलाड़ी फिर बीते 28 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय गए। तब न्यायालय में दिल्ली पुलिस जो केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है, की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि दिल्ली पुलिस आज एफआईआर दर्ज करेगी। फिर भी एफआईआर 28 अप्रैल बीत जाने के बाद 29 शुरू होते हुआ। लेकिन उसके बाद दिल्ली पुलिस उस पर आगे कोई कार्रवाई ही नहीं कर रही है। इसे लेकर 3 मई को महिला खिलाड़ियों के वकील नरेंद्र हुड्डा ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ व जस्टिस पी एस नरसिम्हा की बेंच में कहा कि हमारी शिकायत पर दिल्ली पुलिस कोई भी एक्शन नहीं ले रही है। पुलिस ने अब तक सीआरपीसी की धारा 161 के तहत हमारा बयान तक दर्ज नहीं किया है। इस मामले की अगली सुनवाई आज होगी। महिला खिलाड़ियों के वकील नरेंद्र हुड्डा ने इस संबंध में एक दस्तावेज सर्वोच्च न्यायालय पीठ को भी दे दिया। दिल्ली पुलिस के वकील सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता ने वह सामग्री मांगी और कहा कि आप उस सामग्री/दस्तावेज को जांच अधिकारी को दे दें, तो महिलाओं के वकील ने बेंच से कहा कि मैं यह सामग्री सॉलिसिटर जनरल को सौंप दूंगा, लेकिन यह चीजें पब्लिक में नहीं आनी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकारी वकील तुषार मेहता से कहा कि आप दस्तावेज या सामग्री मामले की जांच कर रहे अधिकारी के साथ साझा कर सकते हैं। मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी दिल्ली पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं किये जाने पर जब महिला खिलाड़ी फिर सर्वोच्च न्यायालय में 28 अप्रैल 2023 को गई थी, तब उसमें दिल्ली पुलिस ने कहा था कि वह ब्रजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध आज केस दर्ज करेगी। लेकिन पुलिस ने सर्वोच्च न्यायालय में आज दर्ज की बात कहने के बावजूद उस दिन नहीं करके, रात 12:00 बजे के बाद यानी 29 तारीख को किया। बृजभूषण पर 7 महिला पहलवानों ने यौन शोषण व गंदी हरकत करने का आरोप लगाया है। जिनमें एक नाबालिक लड़की भी है। इस तरह 29 अप्रैल शुरू होने के बाद रात में एफआईआर दर्ज तो कर लिया गया, लेकिन उस पर आगे कोई कार्यवाही नहीं कर रही। शिकायत करने वाली महिला खिलाड़ियों से अब तक कोई बयान नहीं लिया गया। बृजभूषण से भी कोई पूछताछ नहीं हुई। यह है दिल्ली पुलिस का रवैया। जिस पर अब फिर सर्वोच्च न्यायालय में आज सुनवाई होगी। इधर एफआईआर पर आगे कुछ नहीं किये जाने को लेकर महिला खिलाड़ियों द्वारा फिर 3 मई की सुबह सर्वोच्च न्यायालय में जाने की खबर के बाद और धरनारत महिला खिलाड़ियों की तरफदारी में बढ़ते जा रहे समर्थन को देखते हुए फेस सेविंग के पीटी उषा उन खिलाड़ियों से मिलने धरना स्थल मंतर पर पहुंची।

महिला खिलाड़ी फिर गईं सुप्रीम कोर्ट

निमंत्रण

केंद्रीय रक्षा मंत्री द्वीप राष्ट्र की 3 दिवसीय यात्रा पर

दो देशों को सहयोग में प्रगति का स्वागत

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मालदीव के रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच चल रहे रक्षा सहयोग में हुई प्रगति का स्वागत किया है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वर्तमान में मालदीव की रक्षा मंत्री मारिया दीदी के निमंत्रण पर द्वीप राष्ट्र की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। रढ़ाने एवं भारत और मालदीव के बीच दीर्घकालिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए द्विपक्षीय वार्ता की।

दोनों नेताओं ने आपसी चिंता के क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर विस्तृत रेंज पर बातचीत की। इस बीच उन्होंने रक्षा और सुरक्षा क्षेत्रों में अपने सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

मंत्रालय के अनुसार, राजनाथ सिंह और दीदी ने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के महत्व की पुष्टि की है। इसके अलावा उन्होंने आम सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत पर भी ध्यान दिया।

बयान के मुताबिक, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून और नियम-आधारित व्यवस्था का सम्मान करने के महत्व को रेखांकित किया एवं इन सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मंत्रियों ने रक्षा व्यापार, क्षमता निर्माण और संयुक्त अभ्यास के क्षेत्रों सहित सहयोग के लिए अतिरिक्त रास्ते तलाशने पर भी सहमति व्यक्त की, साथ ही दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच जनता से जनता के संपर्क और आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की जरूरत पर चर्चा की।

राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से शिष्टाचार मुलाकात की और वह विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद से भी मिले। इसके बाद राजनाथ सिंह और मालदीव की रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति सोलिह की उपस्थिति में हुरावी के लिए प्रतिस्थापन जहाज को चालू करने के लिए एक समारोह में भाग लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोलिह की हाल की भारत यात्रा के दौरान पुराने हुरावी के लिए प्रतिस्थापन जहाज के प्रावधान की घोषणा की थी।

सिसोदिया ने अंतरिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में लगाई याचिका

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति मामले में अंतरिम जमानत के लिए बुधवार को हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सिसोदिया ने पत्नी की बीमारी के आधार पर अंतरिम जमानत मांगी है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने अपनी नियमित जमानत याचिका के साथ गुरुवार को विचार के लिए याचिका को सूचीबद्ध करते हुए सीबीआई से कहा कि वह उसी दिन मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का प्रयास करे। पिछले हफ्ते, राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 12 मई तक बढ़ा दी थी। कोर्ट ने सीबीआई को सिसोदिया को पूरक आरोप-पत्र की ई-कॉपी मुहैया कराने का भी निर्देश दिया था।

FILMY हलचल

करण देओल ने गर्लफ्रेंड से की सगाई?

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के बेटे करण देओल बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वह न केवल फिल्म उद्योग में अपनी शुरूआत के कारण सुर्खियों में हैं, बल्कि अब वह अपनी निजी जिंदगी के कारण भी सुर्खियों में हैं। दिवंगत फिल्म निमार्ता बिमल रॉय की परपोती द्रिशा से करण की सगाई की चर्चा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, करण और दृष्टि काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। इस कपल को कई जगहों पर साथ देखा गया, लेकिन इन दोनों ने अपने रिश्ते को कबूल नहीं किया।

अरबाज और सोहेल को लेकर सलमान खान का बड़ा बयान

अभिनेता सलमान खान को बॉलीवुड में भाईजान कहा जाता है। वह बॉलीवुड के सबसे महंगे अभिनेताओं में से एक हैं। सलमान खान अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। सलमान ने हाल ही में अरबाज और सोहेल दोनों के तलाक पर अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिक्रिया दी थी। सलमान की फिल्म "किसी का भाई किसी की जान" हाल ही में रिलीज हुई है। कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो में इस फिल्म का प्रमोशन करने पहुंचे थे। शो के दौरान सलमान ने अरबाज और सोहेल के तलाक का मजाक उड़ाया।

दिनेश लाल यादव निरहुआ बनेंगे 'कन्हैया'

भोजपुरी फिल्म जगत के सफल अभिनेताओं में शुमार आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ को

दर्शकों ने हर तरह के किरदार में पसंद किया है, लेकिन इस बार निरहुआ फिल्म "हमार नाम बा कन्हैया" में कन्हैया की भूमिका में नजर आने वाले हैं। भोजपूरी में पहली बार रॉबरी, सस्पेंश और थ्रीलर का निर्माण किया जा रहा है, जिसका भव्य मुहूर्त संपन्न हो चुका है और साथ ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई है। अब "हमार नाम बा कन्हैया" सस्पेंश और थ्रीलर के कहानी पर आधारित फिल्म बन रही है, जिसका निर्देशन विशाल वर्मा कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लखनऊ उत्तर प्रदेश के खूबसूरत लोकेशन पर चल रही है। गिरिराज प्रोडक्शन के बैनर तले बनने वाली फिल्म फिल्म "हमार नाम बा कन्हैया" को लेकर जुबली स्टार दिनेश लाल यादव ने कहा कि भोजपुरी सिनेमा दिन-ब-दिन शिखर की ओर अग्रसर है। आज यह इंडस्ट्री जिस मुकाम पर है उसे देख कर गर्व होता है लेकिन अभी हमें अपनी इंडस्ट्री के लिए और भी बहुत से काम करने हैं।

मंत्री के बयान पर बिफरे सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता। रांची
कला-संस्कृति विभाग कार्य विभाग मंत्री हफीजुल हसन के द्वारा नियोजन नीति 60- 40 को अस्थाई व्यवस्था, बताने पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद बिफर पड़े और कड़ी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा कि झारखण्ड सरकार भी अस्थायी व्यवस्था के तहत भले अपना कार्यकाल पूरा कर ले ,लेकिन आगे से झारखंडी जनता सरकार को अस्थाई व्यवस्था के तहत ही बाहर कर देगी। प्रसाद ने कहा कि मंत्री को यह नहीं भूलना चाहिए कि हेमंत सरकार नियोजन नीति और स्थानीय नीति के नाम पर सरकार में आई थी। और अब झारखण्डियों के साथ धोखाधड़ी कर रही है। ज्ञात हो कि मूलवासी सदान मोर्चा नियोजन नीति और स्थानीय नीति को लेकर शुरू से ही इमानदारी पूर्वक आंदोलन किया है और मुखर रहा है। प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री ,झारखण्ड राज्य के हित में 60- 40 की नियोजन नीति को तुरंत वापस लें।प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री अच्छे आदमी हैं,

लेकिन कुछ लोग उनको गुमराह कर रहे हैं और उनके ट्रैक में मुख्यमंत्री फंस गए हैं। प्रसाद ने कहा जबतक सरकार अपनी नियोजन नीति नहीं बना लेती है तब तक संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को ही लागू करे, जो खतियान आधारित है। प्रसाद ने कहा कि संयुक्त बिहार में बने नियम कानून से झारखंड में बहुत सारे काम हो रहे हैं लेकिन नियोजन नीति के मामले में ऐसा नहीं हुआ। राज्यपाल द्वारा ओबीसी आरक्षण विधेयक लौटाने की बात मंत्री द्वारा कहे जाने पर पर बोले राजेन्द्र ओबीसी का हितैषी है, सरकार तो बिना देर किए सरकार ओबीसी का जातीय जनगणना कराए। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने ओबीसी आरक्षण विधेयक को राज्यपाल द्वारा लौटाने पर कहा कि जब सर्वोच्च न्यायालय नी ओबीसी का ट्रिपल टेस्ट कराकर आरक्षण को आबादी के अनुसार बढ़ाने की बात कह चुकी है, तो फिर सरकार ओबीसी का जातीय जनगणना क्यों नहीं करा रही है। प्रसाद ने कहा कि सरकार सच्चे मन से आबादी के अनुसार ओबीसी को आरक्षण देना चाहती है तो सरकार तुरंत ओबीसी का जातीय जनगणना कराए।

क्रिटिकल केयर अस्पताल के लिए आज भूमि पूजन करेंगे अर्जुन मुंडा

रांची। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा गुरुवार को दो सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस संबंध में जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि केंद्रीय मंत्री बुधवार को पूर्वाह्न 10.30 बजे सौ बेड वाले क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक अस्पताल निर्माण के लिए भूमि पूजन करेंगे। वहीं खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के जमुवादाग में किफायती आवास परियोजना के तहत लाभुकों को आवास-फ्लैट के आवंटन समारोह में भाग लेंगे।

हाई कोर्ट ने गैरकानूनी नेम प्लेट लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के दिए आदेश

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को प्राइवेट एवं सरकारी वाहनों पर पदनाम का बोर्ड लगाकर घूमने वालों पर रोकथाम के लिए गजाला तनवीर की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस याचिका को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि वाहनों पर अवैध रूप से नेम प्लेट लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखें, जिससे भविष्य में लोग नेम प्लेट को लेकर जागरूक रहें। कोर्ट ने इस जनहित याचिका को निष्पादित कर दिया। कोर्ट में सरकार को आदेश दिया कि नेम प्लेट कौन लोग लगा सकते हैं और कौन नहीं लगा सकते हैं इसे लेकर राज्य सरकार का जो नोटिफिकेशन जारी किया गया है, उसे पूरी तरह लागू किया जाए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता फैसल अल्लाम ने पैरवी की।
सरकार की ओर से पिछली सुनवाई में शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि पूरे राज्य में 2398 वाहनों से नेम प्लेट हटाया गया और उनसे जुमार्ना वसूला गया। इनमें से पांच गाड़ियां सरकारी भी हैं। बताया गया कि जुमार्ना के रूप में पूरे राज्य से अबतक 11 लाख 99 हजार रुपये जुमार्ने की वसूली की गई है। कोर्ट ने पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार से पूछा था कि वाहनों से पद के नाम का बोर्ड हटाने को लेकर क्या कार्रवाई हुई, कितने बोर्ड हटाए गए।

झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारियों का तबादला

रांची। राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है जबकि एक अधिकारी का ट्रांसफर स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। संयुक्त सचिव राज्यपाल सचिवालय झारखंड रांची के पद पदस्थापित अराधना को स्थानांतरित करते हुए उन्हें संयुक्त सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। विशेष दंडाधिकारी निगरानी ब्यूरो, रांची सागर कुमार को अगले आदेश तक उप सचिव राज्यपाल सचिवालय रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। कार्यपालक दंडाधिकारी जामताड़ा के कार्यपालक दंडाधिकारी पलामू के पद पर पदस्थापित आकांक्षा कुमारी का बीडीओ नाला, जामताड़ा के पद पर नियमित पदस्थापन होने तक स्थगित किया गया है। आकांक्षा कुमारी अभी कार्यपालक दंडाधिकारी जामताड़ा के पद पर बनी रहेंगी।

लकड़ी लदे ट्रक और बाइक में लगाई आग

खूंटी। बताया जा रहा है कि जिले में अवैध लकड़ी लदे एक ट्रक और बाइक में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने आग लगा दी। जिससे इलाके में दहशत है। घटना खूंटी के सायको थाना क्षेत्र के कोटना जाने वाले मुख्य पथ पर बारुडीह जंगल में घटी है। जंगल में हुई आगजनी की इस घटना में ट्रक और बाइक पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। इस घटना के बाद से क्षेत्र में भय का माहौल है।बताया जा रहा है कि देर रात जंगल से अवैध लकड़ी लदा ट्रक तमाड़ जाने के लिए निकला था, लेकिन हथियारबंद अपराधियों ने बीच रास्ते में ही घटना को अंजाम दे दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सायको थाना की पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस यह जांच कर रही है कि इस वारदात को किसने अंजाम दिया है। इस वारदात को नक्सलियों ने अंजाम दिया है या फिर स्थानीय अपराधियों ने आगजनी की वारदात को अंजाम दिया है, इसकी भी पुलिस छानबीन कर रही है।बता दें कि खूंटी घोर नक्सल प्रभावित जिला है। आए दिन यहां नक्सली वारदात को अंजाम देते रहते हैं।

राज्यपाल ने अप्रेंटिसशिप कॉन्क्लेव का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णनन ने बुधवार को राँची के आईआईएम में अप्रेंटिसशिप कॉन्क्लेव का दीप जलाकर उद्घाटन किया । इस मौके पर अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में युवाओं के कौशल विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्यपाल के अलावे पद्मश्री अशोक भगत और जॉइंट सेक्रेटरी सोनल मिश्रा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे । सोनल मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अप्रेंटिसशिप मॉडल को कैसे आगे बढ़ाया जाए इस पर ध्यान देने की जरूरत है। जॉइंट सेक्रेटरी भारत सरकार ने बतलाया आने वाले समय स्किल का होगा आने वाले समय में स्किल बहुत ही जरूरी होगा। युवा कैसे अपनी कैपेसिटी बढ़ाएं इसपर फोकस करे। अप्रेंटिसशिप मॉडल को कैसे आगे बढ़ाया जाय इसपर ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर आयोजकों की तरफ से सम्मानित भी किया गया।

पांच उत्कृष्ट स्कूलों में 1,078 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

दिल्ली के मॉडल पर होगा विकसित

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राज्य सरकार की ओर से संचालित रांची के पांच उत्कृष्ट स्कूलों (स्कूल ऑफ एक्सिलेंस) में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इनमें टीवीएस उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर, अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल, राजकीय बालिका उच्च विद्यालय बरियातू, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नामकुम और मॉडल स्कूल कांके शामिल है। इन स्कूलों में कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के लिए 1,078 सीटों के लिए नामांकन लिया जायेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई है। नामांकन के लिए विद्यालय स्तर पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। फिर मार्क्स के आधार पर बच्चों का चयन किया जायेगा। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने दिल्ली के शिक्षा मॉडल पर आधारित सरकारी स्कूलों को निजी

विद्यालयों की तर्ज पर विकसित किये जाने की योजना बनायी है। सरकार ने तय किया है कि प्रथम चरण में 80 सरकारी स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्ट विद्यालय) के रूप में विकसित किया जायेगा। प्रखंड स्तर पर 325 लीडर स्कूल और ग्राम पंचायतों में 4,091 आदर्श विद्यालयों का निर्माण किया जायेगा। राज्य भर के 15 लाख बच्चों को इंग्लिश मीडियम की तर्ज पर शिक्षा देने का लक्ष्य है। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार गठन के समय ही राज्य में सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाने की घोषणा की थी।

तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेले का आगाज कल से

नवीन मेल संवाददाता। रांची
बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा तीन दिवसीय (5 मई से 7 मई) तक बांग्ला सांस्कृतिक मेले का आगाज होने जा रहा है। मेले का उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन करेंगे। इसे लेकर आयोजन समिति के सदस्य सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। कहा कि मेले के मुख्य मंच का नामकरण बांग्ला कविता और नाटक के प्रथम रचयिता माइकल मधुसूदन दत्त के नाम पर किया गया है। उनके 200वें साल के जश्न का साक्षी रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम बनेगा। सुप्रियो ने कहा कि माइकल को पायोनियर ऑफ बंगाल लिटरेचर के नाम से जाना जाता है। संध्या 7:00 बजे आयोजन स्थल पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मेले के पहले दिन कोलकाता के डांस बाय डांसर गिल्ड के द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं कोलकाता की मौलाली रंगशिल्पी के द्वारा ड्रामा की प्रस्तुति होगी और संत कबीर का गान श्रोता सुन सकेंगे। 6 मई को विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो का आगमन बांग्ला सांस्कृतिक मेले में होगा। वहीं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश भी मौजूद रहेंगे। इस दिन कोलकाता के पंचम म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा बांग्ला आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति होगी। जबकि समापन कार्यक्रम में सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम मौजूद रहेंगे। इस दिन कोलकाता के पंकज नाटा के द्वारा कीर्तन, कार्तिक दास बाउल के द्वारा बाउल संगीत, नूर आलम के द्वारा बांग्ला सूफी और कोलकाता के डोहार बैंड की प्रस्तुति से मेले का समापन किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक सरयू राय के खिलाफ मानहानि का नोटिस भेजा

रांची। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुधवार को अधिवक्ता प्रकाश झा के माध्यम से विधायक सरयू राय के खिलाफ मानहानि का नोटिस भेजा है। झूठे और फर्जी वायरल वीडियो और कथित प्रतिबंधित पिस्टल रखने के सरयू राय के आरोप पर स्वास्थ्य मंत्री ने यह कदम उठाया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी प्रोत्साहन राशि के झूठे आरोप के जवाब में भी मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानहानि का मुकदमा सरयू राय पर दर्ज कराया था, जो न्यायालय में प्रक्रियाधीन है। इसके बाद इस तरह मानहानि का यह दूसरा मामला है। सरयू राय पर आरोप है कि वह हमेशा विभिन्न मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से मंत्री बन्ना गुप्ता पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाते हैं। इससे उनकी राजनीति और सामाजिक छवि खराब हो रही है। इस तरह के दुष्प्रचार में वह अपने सोशल मीडिया के ट्विटर और फेसबुक अकाउंट का भी इस्तेमाल करते हैं। इससे पूर्व मंगलवार को विधायक सरयू राय ने राज्यपाल से मिलकर स्वास्थ्य मंत्री के अश्लील वीडियो और हथियार रखने के मामले पर कार्रवाई करने की मांग की थी।

ईडी के पूछताछ में त्रिदिप मिश्रा ने दी कई अहम जानकारियां

नवीन मेल संवाददाता। रांची
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जमीन घोटाले में मनी लॉड्रिंग के तहत जांच कर रही हैं। इस मामले की जांच के दौरान ईडी ने मंगलवार को कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदिप मिश्रा से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान मिश्रा ने ईडी को कई जानकारियां दी है । विनय मिश्रा के लगभग नौ घंटे तक पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईडी ने त्रिदिप मिश्रा से पूछा कि तीन महीने पहले ईडी ने वहां सर्वे किया था और इस बात का खुलासा किया था कि वहां से मिले जमीन के दस्तावेज में हेराफेरी कर उसी दस्तावेज पर रांची में जमीन की खरीद-बिक्री की गई है। इस मामले में ईडी ने उन्हें लिखित शिकायत भी की थी। इसके बाद उन्होंने क्या कदम उठाया, क्या कोई प्राथमिकी दर्ज कराई ? इसपर त्रिदिप मिश्रा ने कहा कि ईडी से जालसाजी की जानकारी मिली तो उसे कोलकाता

के आइजी रजिस्ट्री को बताया था। एफआइआर दर्ज नहीं करने से संबंधित सवाल पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। पूछताछ के दौरान ईडी को त्रिदिप मिश्रा से पूछताछ में वहां के रजिस्ट्री कार्यालय के कुछ अन्य अधिकारियों-कर्मियों के बारे में जानकारी मिली है। उन सभी लोगों से भी पूछताछ कर सकती है। त्रिदिप मिश्रा से पूछताछ के दौरान आए तथ्यों के आधार पर ईडी जल्द ही कोलकाता के आईजी रजिस्ट्री से पूछताछ करने के लिए समन भेजकर बुला सकती है। उल्लेखनीय है कि रांची में सेना की जमीन की खरीद-बिक्री में कोलकाता से फर्जी दस्तावेज बनाकर की गई गड़बड़ी की जांच में ईडी आगे बढ़ी तो रांची में सैकड़ों एकड़ जमीन की डील में गड़बड़ी सामने आई है । रांची में एक गिरोह सक्रिय है, जो कोलकाता जाकर रांची की जमीन का फर्जी पेपर तैयार करता है, उसकी रजिस्ट्री कोलकाता में ही करायी जाती है। इस पूरे फजीर्वाड़े में आला अधिकारियों के साथ-साथ अंचल अधिकारी, राजस्व कर्मचारियों की बड़ी भूमिका होती है। ईडी ने जांच में पाया है कि जमीन घोटाला कर सरकारी अफसरों, कर्मियों के साथ-साथ माफियाओं ने अरबों की कमाई की है। जमीन घोटाला मामले की जांच के दौरान ईडी ने पाया था कि दोनों ही जमीन की खरीद बिक्री फर्जी दस्तावेज के माध्यम से की गई है। इसके लिए कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे गये दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ की गयी थी।

जूनियर और सब जूनियर बालक हॉकी टीम का चयन कल

रांची। जिला जूनियर और सब जूनियर बालक हॉकी टीम के लिए चयन ट्रायल पाचं मई बिरसा कॉलेज हॉकी स्टेडियम में होगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जूनियर और सब जूनियर बालक वर्ग की खूंटी जिला टीम गठन के लिए पांच मई शुक्रवार को अपराह्न तीन बजे से खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी हॉकी खूंटी के महासचिव दशरथ महतो ने दी। उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल में जूनियर टीम के लिए एक जनवरी 2005 के बाद जन्मतिथि वाले और सब जूनियर के लिए एक जनवरी 2007 के बाद जन्मतिथि वाले खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए आनेवाले खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, विद्यालय प्रमाण-पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र चयन स्थल पर लाना अनिवार्य है। चयनित खिलाड़ी आगामी सात मई को जमशेदपुर में होनेवाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खूंटी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पृष्ठ एक का शेष

राज्य में धार्मिक स्थलों का...
में और सुधार किया जाएगा, क्योंकि राज्य में अधिकांश आदिवासियों, अल्पसंख्यकों व दलितों की संख्या है। सरकारी स्कूलों में अब गरीबों के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि देश की 80 प्रतिशत आबादी सरकारी राशन पर निर्भर है। देश की आत्मा गांव में बसती है। गांवों को मजबूत बनाने में झारखंड सरकार कार्य कर रही है। मौके पर डीसी शेखर जमुआर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जिला प्रशासन सरकार की योजनाओं को धरातल उतारने का कार्य कर रहा है। मौके पलामू डीआईजी, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झामुमो नेता ताहिर अंसारी, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, परेश तिवारी, धीरज दुबे आदि मौजूद थे।

अधिकांश डील में सामने आयी...
भरत प्रसाद को दिया। इसके बाद दोनों ने यह जमीन 1.78 करोड़ में पुनीत भार्गव को बेची। पुनीत भार्गव ने बाद में यही जमीन विष्णु अग्रवाल को 1.80 लाख रुपये में बेची। पुनीत भार्गव ने पूछताछ में ईडी को बताया था कि जमीन का मालिकाना हक भले उनके नाम था, लेकिन इसका असल मालिक प्रेम प्रकाश था। प्रेम प्रकाश को 1.50 करोड़ मिले थे, जबकि उसे कुछ लाख रुपये दिए गए थे।

जमीन की अधिकांश गड़बड़ी छवि रंजन के डीसी रहते हुए : ईडी सूत्रों के मुताबिक, रांची में जमीन के कागजातों में हेर फेर व इसकी बिक्री में तत्कालीन डीसी छवि रंजन की अहम भूमिका था। छवि रंजन के डीसी रहते ही बजरा, सेना जमीन व चेशायर होम रोड की जमीन का फजीर्वाड़ा हुआ। ईडी सूत्रों के मुताबिक, जमीन घोटाले में छवि रंजन और प्रेम प्रकाश की संलिप्तता के सीधे साक्ष्य एजेंसी को मिले हैं।

शादी में डीजे बजाने गये एक युवक की...
प्रेम लकड़ा का 19 वर्षीय बेटा प्रशांत लकड़ा विवाह घर में गया था। प्रशांत लकड़ा के साथ इसके दो सहयोगी साहिल केरकेट्टा (18) और असीम एक्का (18) भी गए थे। सोमवार रात्रि को विवाह का कार्यक्रम अच्छे से संपन्न हुआ। मंगलवार की रात तीनों युवक एक कमरे में सोने गये, पर सुबह इनमें से एक मृत और दो बेहोश पाये गये। सुबह जब घरवाले कमरे में गये तो पाया कि डीजे मालिक के बेटे प्रशांत लकड़ा का सांस रुका हुआ था। अन्य सहयोगी बेहोशी की हालत में थे। इनको बाहर आंगन में लाया गया। साथ ही बगल के कमरे में भी एक महिला सरस्वती देवी जो विवाह घर की मेहमान थी, वह भी बेहोश पाई गई। इस रहस्यमय घटना से लोग आश्चर्यचकित रह गए।

बेटी शादी कर लौट रहा परिवार...
गुमला रेफर किया गया, जहां से डॉक्टर ने स्थिति गंभीर देखते हुए तीन को रांची रिम्स रेफर कर दिया। दुर्घटना में घायलों के प्रति उपायुक्त सुशांत गौरव ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के बेहतर उपचार के लिए गुमला सदर अस्पताल को आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ ही मृतकों के परिजनों को नियमानुसार सभी सरकारी लाभ यथाशीघ्र देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि गुमला के डुमरी में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत की खबर से मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति दें। साथ ही कहा कि हादसे में घायल लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कार्रवाई जा रही है।

राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का मसला एक हफ्ते में सुलझायें : झारखंड हाईकोर्ट

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य की विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का मसला एक हफ्ते में सुलझाने को कहा है। नेता प्रतिपक्ष नहीं होने के चलते राज्य की एक दर्जन संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्षों और सदस्यों के पद खाली पड़े हैं। इन पदों पर नियुक्ति के लिए निर्णय लेने वाली जो चयन समिति होती है, उसमें नेता प्रतिपक्ष भी सदस्य होते हैं। उनकी गैर मौजूदगी के कारण यह समिति डिफंक्ट है।
हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर रखी है। बुधवार को इसपर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की बेंच ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष या सबसे बड़े विरोधी दल के नेता के चुनाव का मसला हल नहीं होता है कि विधानसभा के सचिव को अगली सुनवाई के दिन सशरीर हाजिर होना होगा। कोर्ट ने झारखंड विधानसभा सचिव को निर्देश दिया कि वे विधानसभाध्यक्ष के सामने नेता प्रतिपक्ष का मसला सुलझाने की बात रखें। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष नहीं रहने के कारण कई वैधानिक संस्थाओं में नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। दलबदल का मामला विधानसभाध्यक्ष के न्यायाधिकरण में अब तक लंबित है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 11 मई को निर्धारित की है। कोर्ट में दाखिल जनहित याचिका में बताया गया है कि राज्य सूचना आयोग के अलावा बाल आयोग, मानवाधिकार आयोग और लोकायुक्त समेत 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष और सदस्यों की सूची लटकी पड़ी है। सूचना आयोग में रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर राजकुमार नामक एक शख्स की ओर से अवमानना याचिका भी दाखिल की गई है। इसमें प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विपक्ष के नेता का पद के रिक्त रहने से कोई समस्या नहीं है। कानून में ऐसा प्रावधान है कि यदि विपक्ष के नेता नहीं हैं तो विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी के नेता को कमेटी में रखकर राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त और अन्य पदों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा कुमारी बिना नोटिस के एचसी में हो गई उपस्थित

नवीन मेल संवाददाता। रांची
तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा कुमारी हाईकोर्ट में बिना व्यक्तिगत नोटिस मिले हाजिर हो गईं। एक मामले में वो वकील के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित हो गईं। जिसपर आश्चर्य जाहिर करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने कहा कि स्वतः कोर्ट के समक्ष हाजिर होना यह दिखाता है कि मामले में कुछ गड़बड़ी है। दरअसल, रांची के रहने वाले विकास कुमार सिन्हा के द्वारा झारखंड हाईकोर्ट में एक क्रिमिनल रिट दाखिल की गई है. जिसमें यह कहा गया है कि तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा कुमारी ने उन्हें गैरकानूनी ढंग से हिरासत में रखा और इस दौरान उनके साथ मारपीट भी की। इस क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई। प्रार्थी विकास कुमार सिन्हा की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने बहस की. अपनी बहस में उन्होंने अदालत को बताया कि पूरे प्रकरण के बाद डीजीपी ने एक कमिटी गठित की थी।

उपायुक्त ने गुमला सड़क हादसे में घायलों के बेहतर इलाज के दिए निर्देश

गुमला। डुमरी थाना क्षेत्र के जरडा गांव के पास मंगलवार देर रात बेटी की शादी कर लौट रहा परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में माता-पिता समेत चार लोगों की मौत हो गई। 29 अन्य घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में घायलों के प्रति उपायुक्त सुशांत गौरव ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के बेहतर उपचार के लिए गुमला सदर अस्पताल को आवश्यक निर्देश दिए हैं। वहीं इस दुर्घटना में जिन चार लोगों की मृत्यु हुयी है उनके परिजनों को नियमानुसार सभी सरकारी लाभ यथाशीघ्र देने का निर्देश दिया है। डुमरी बीडीओ एकता वर्मा ने बुधवार को बताया कि मंगलवार रात लगभग 8:45 बजे अनियंत्रित एवं ओवरलोड पिकअप के पलटने से चार लोगों की मौत हो गई थी तथा 29 लोग घायल हो गए थे।

पूर्व मध्य रेल

शुद्धि पत्र

शुद्धि पत्र सं. डब्लयु584/ई–टेंडरिंग/213/DHN/2022–23 धनबाद, दिनांक 24/04/2023 यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं. 213–DHN–2022–23 दिनांक 31.03.2023 में ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख को क्रमशः **01.05.2023** एवं **02.05.2023** के बदले में **08.05.2023** एवं **09.05.2023** पढ़ा जाये। ई – निविदा सं. 213 –DHN–2022–23 दिनांक 31.03.2023 में दर्शायी गयी अन्य विवरण, नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव एवं फेरबदल नहीं होगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/00223/डीएचएन/ईएजी./सी/23–24/20

पंजाब ने मुंबई को 215 रन का दिया टारगेट

एजेंसी। मोहाली

इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स (ढइडर) के बीच बुधवार का दूसरा मुकाबला जारी है। मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पंजाब ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 214 रन बनाए। मुंबई के सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन क्रीज पर हैं। 7 ओवर के टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 60 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा पहले ही ओवर में खाता खोले बगैर आउट हो गए। उन्हें ऋषि धवन ने कैच आउट कराया। कैमरून ग्रीन पावरप्ले की आखिरी गेंद पर कैच आउट हो गए। पहली पारी में लियाम लिविंगस्टोन ने 82 रन बनाए, उन्होंने जितेश शर्मा के साथ 119 रन की पार्टनरशिप की। जितेश 27 गेंद में 49 रन के स्कोर पर नॉटआउट रहे। मुंबई से पीयूष चावला ने 2 विकेट लिए। अरशद खान को भी एक विकेट मिला। 215 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस को पहले ही ओवर में बड़ा झटका लगा। ऋषि धवन ने कप्तान रोहित शर्मा को जीरो पर कैच आउट करा दिया। कैमरून ग्रीन और ईशान किशन ने मुंबई का स्कोर छठे ओवर में 54 तक पहुंचाया। लेकिन ग्रीन पावरप्ले की आखिरी गेंद पर ही नाथन एलिस का शिकार हो गए। पंजाब ने एक समय 95 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से जितेश शर्मा ने बड़े-बड़े शॉट्स लगाने शुरू किए। दूसरे एंड पर खड़े लियाम लिविंगस्टोन ने भी फिफ्टी पूरी करने के बाद जोफ्रा आर्चर के एक ओवर में 3 छक्के लगा दिए। लिविंगस्टोन 42 गेंद में 82 रन के स्कोर पर नॉटआउट रहे, वहीं जितेश ने 27 गेंद पर 49 रन बनाए। जितेश और लिविंगस्टोन ने 119 रन की पार्टनरशिप कर पंजाब का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। पंजाब के बाकी बैटर्स में प्रभसिमरन सिंह ने 9, शिखर धवन ने 30 और मैथ्यू शॉर्ट ने 27 रन बनाए। मुंबई से पीयूष चावला ने 2 और अरशद खान ने एक विकेट लिया। होम ग्राउंड मोहाली में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पंजाब को दूसरे ही ओवर में झटका लगा। अरशद खान ने 9 रन बनाने वाले प्रभसिमरन सिंह को कैच आउट करा दिया। दूसरे ओवर में विकेट के बाद मैथ्यू शॉर्ट और कप्तान शिखर धवन ने टीम की पारी संभाली। दोनों ने पावरप्ले में कोई और विकेट नहीं गिरने दिया और 6 ओवर में 50 रन बना दिए।

विनेश फोगाट का आरोप, अनुराग ठाकुर ने की मामले को दबाने की कोशिश

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही पहलवान विनेश फोगाट ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने ठोस कार्रवाई करने के बजाय ओवरसाइट पैनल बनाकर मामले को दबाने की कोशिश की। अपने विरोध के दूसरे चरण में पहलवान बृज भूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। बृज भूषण भाजपा सांसद भी हैं। विनेश ने संवाददाताओं से कहा, हमने केंद्रीय खेल मंत्री (अनुराग ठाकुर) से बात करने के बाद अपना विरोध समाप्त किया और सभी एथलीटों ने उन्हें यौन उत्पीड़न के बारे में बताया। वहां कमेटी बनाकर उन्होंने मामले को दबाने की कोशिश की, उस समय कोई कार्रवाई नहीं की गई। दिग्गज पहलवान ने कहा कि एक शक्तिशाली व्यक्ति के खिलाफ खड़ा होना कठिन है जो बहुत लंबे समय से अपनी शक्ति और स्थिति का दुरुपयोग कर रहा है। ओलंपियन ने आगे खुलासा किया कि पहली बार जंतर मंतर पर अपना विरोध शुरू करने से पहले पहलवानों ने एक अधिकारी से मुलाकात की थी। लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई। विनेश ने कहा, जंतर मंतर पर बैठने से तीन-चार महीने पहले, हम एक अधिकारी से मिले थे, हमने उन्हें सब कुछ बताया था कि कैसे महिला एथलीटों का यौन उत्पीड़न और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है, जब कोई कार्रवाई नहीं की गई, तब हम धरने पर बैठ गए। इस बीच, बृजभूषण ने कुश्ती संघ से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है, यह कहते हुए कि इसका मतलब यह होगा कि उन्होंने आरोपों को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा, "अगर मैं इस्तीफा देता हूं तो इसका मतलब है कि मैंने उनके आरोप को स्वीकार कर लिया है, मेरा कार्यकाल खत्म होने वाला है। जब तक नई पार्टी नहीं बनती और सरकार आईओए कमेटी का गठन नहीं करती, तब तक उस कमेटी के तहत चुनाव होते रहेंगे और उसके बाद मेरा कार्यकाल खत्म हो जाएगा।" पहलवानों का विरोध एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया है, कई विपक्षी नेताओं ने एथलीटों के साथ एकजुटता दिखाई है और डब्ल्यूएफआई प्रमुख के इस्तीफे की मांग की है।

उनादकट बायें कंधे में चोट के चलते आईपीएल से बाहर

डब्ल्यूटीसी फाइनल तक फिट होने की उम्मीद

एजेंसी। नई दिल्ली

लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट बायें कंधे में चोट लगने की वजह से आईपीएल 2023 से बाहर हो गए हैं। उन्हें यह चोट रविवार को नेट्स के दौरान लगी थी। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि वह 7 जून से इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल तक ठीक हो जाएंगे।

रविवार को नेट्स में उनादकट लखनऊ में अपनी पहली गेंद करने जा रहे रहे थे और राउंड द विकेट आते हुए उनका बायां पैर नेट में फंस गया। इसके बाद बायीं कोहनी की ओर वह जोर से गिर गए। वह जमीन पर गिरे हुए भी अपना बायां कंधा पकड़े थे। इसके बाद उन्हें एक स्लिंग लगाए और आइस पैक लगाते देखा गया।

पता चला है कि उनादकट स्कैन के लिए मुंबई गए और बीसीसीआई के द्वारा नियुक्त किए गए एक विशेषज्ञ से मुलाकात की। बोर्ड के मेडिकल स्टाफ से बातचीत के बाद लखनऊ ने उनादकट को आईपीएल से बाहर कर दिया है। उनके बेंगलुरु स्थित एनसीए में रिहैब करने की उम्मीद है जिससे वह इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल तक ठीक हो जाएं। उनादकट की चोट के अलावा लखनऊ के कप्तान केएल राहुल भी चोटिल है। राहुल सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में गेंद का पीछा करते हुए अपने दायें पैर को चोटिल कर बैठे थे। राहुल की स्कैन रिपोर्ट और चोट की गंभीरता का पता चलना अभी बाकी है। उनादकट इस सीजन खेले तीन मैचों में एक भी विकेट नहीं ले पाए और अपने आठ ओवरों में 92 रन खर्च किए। वह मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर के साथ भारतीय टीम की डब्ल्यूटीसी फाइनल टीम में तेज गेंदबाजी के पांच विकल्पों में शामिल हैं। राहुल भी डब्ल्यूटीसी टीम का हिस्सा हैं लेकिन उनके भाग लेने के बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।

एफसी बार्सिलोना के डायरेक्टर ऑफ फुटबॉल अलेमानी छोड़ेंगे क्लब

मैड्रिड। फुटबॉल क्लब बार्सिलोना को अगले सीजन के लिए अपनी योजनाओं में झटका लगा है। क्लब के डायरेक्टर ऑफ फुटबॉल मातेउ अलेमानी मौजूदा सीजन के बाद चले जाएंगे।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि क्लब ने मंगलवार देर रात एक बयान जारी कर अलेमानी के फैसले की पुष्टि की। बार्सा की वेबसाइट के अनुसार, एफसी बार्सिलोना के फुटबॉल डायरेक्टर मातेउ अलेमानी 30 जून को क्लब में अपनी सेवा समाप्त करेंगे। वो एक नई पेशेवर परियोजना शुरू करेंगे। बयान में आगे कहा गया, इसलिए 1 जुलाई को औपचारिक रूप से क्लब छोड़ने के बावजूद, एक अनौपचारिक समझौते के तहत माटेउ अलेमानी इस गर्मी में ट्रांसफर बिजनेस को पूरा करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया है।

13वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप आज से

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रतिष्ठित 13वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए भारत भर के महत्वाकांक्षी युवा हॉकी खिलाड़ियों के लिए मंच तैयार है, जो गुरुवार, 4 मई 2023 को राउरकेला, ओडिशा में शुरू होने वाली है। 14 मई, 2023 को खेले जाने वाले प्रतियोगिता के फाइनल के साथ 11 दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 28 टीमें शीर्ष सम्मान के लिए भाग लेंगी। सभी मैच विश्व स्तरीय बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। भाग लेने वाली टीमों को आठ पूल में बांटा गया है। पूल ए में हॉकी हरियाणा, तमिलनाडु की हॉकी यूनिट और त्रिपुरा हॉकी हैं, जबकि पूल बी में हॉकी झारखंड, हॉकी बंगाल और हॉकी उत्तराखंड हैं। पूल सी में उत्तर प्रदेश हॉकी, छत्तीसगढ़ हॉकी और दिल्ली हॉकी जबकि पूल डी में हॉकी मध्य प्रदेश, असम हॉकी और हॉकी

हिमाचल शामिल हैं। हॉकी मिजोरम, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, केरल हॉकी और हॉकी राजस्थान को पूल ई में रखा गया है, जबकि हॉकी पंजाब, मणिपुर हॉकी, गुजरात हॉकी और हॉकी आंध्र प्रदेश को पूल एफ में शामिल किया गया है। पूल जी में हॉकी चंडीगढ़, हॉकी बिहार, तेलंगाना हॉकी और गोवा को एक साथ रखा गया है, जबकि पूल एच में हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी कर्नाटक, ले पुडुचेरी हॉकी, और दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव हॉकी का मुकाबला होगा। खिताब का बचाव करने की अपनी संभावनाओं के बारे में बात करते हुए, हॉकी हरियाणा के कोच आजाद सिंह मलिक ने कहा, हमने हाल ही में एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया था जहां हमने अपने रक्षा, आक्रमण, सेट-प्ले और हमारे खेल के अन्य पहलुओं पर काम किया। इसलिए, हम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने का लक्ष्य बना रहे हैं और हां, हम इस बार भी अपने खिताब का बचाव करने के लिए आश्वस्त हैं।

सितसिपास क्वार्टरफाइनल में

मैड्रिड (स्पेन)। यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने बनार्बे जपाटा मिराल्स को बुधवार तड़के हराकर मैड्रिड ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सितसिपास ने विश्व के 42वें नंबर के खिलाड़ी जपाटा मिराल्स को तीन सर्विस ब्रेक दिए लेकिन सात बार विपक्षी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर मुकाबला 6-3, 6-1 से जीत लिया। सितसिपास अपने पिछले 10 क्ले कोर्ट टूर्नामेंटों में क्वार्टरफाइनल या उससे आगे पहुंचे हैं, का अगला मुकाबला जर्मनी के लकी लूजर जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा। जर्मनी के स्ट्रफ ने अर्जेंटीना के प्रेडो काचिन को कड़े संघर्ष में 7-6(7), 6-7(7), 6-3 से हराया।

मेसी को पीएसजी ने दो हफ्ते के लिए किया सस्पेंड

एजेंसी। पेरिस

फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी को क्लब की अनुमति के बिना सऊदी अरब की यात्रा करने के लिए पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने सस्पेंड कर दिया है। एक सूत्र ने इसकी जानकारी दी है। हालांकि ये नहीं पता चला है कि निलंबन की अवधि क्या होगी, लेकिन फ्रांसीसी मीडिया आरएमसी और एल'इक्विप ने बताया कि अर्जेंटीना के स्टार को दो सप्ताह का निलंबन हुआ है। इस दौरान कोई प्रशिक्षण नहीं, कोई मैच नहीं और कोई वेतन नहीं मिलेगा। मेसी अपनी टीम के प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित नहीं थे। वह एक पर्यटन राजदूत के रूप में एक व्यावसायिक गतिविधि में भाग लेने के लिए सऊदी अरब गए थे। एल'इक्विप ने बताया कि मेसी ने क्लब से हरी झंडी लिए बिना सऊदी अरब जाने का फैसला किया। दो सप्ताह के निलंबन का मतलब है कि मेस्सी ट्रॉयज के खिलाफ अपनी टीम के मैच और अजाशियो के साथ घरेलू मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे।

आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए चैपमैन

प्रभात जयसूर्या-फखर जमान हुए नामांकित

एजेंसी। दुबई

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चैपमैन, श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या और पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान को आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए नामांकित किया गया है। हालांकि अप्रैल में चैपमैन का प्रदर्शन कुछ खास नहीं था, लेकिन उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ टी20ई श्रृंखला में अपना विकेट खोए बिना 256 रन बनाए। फाइनल मैच में उनका सबसे जोरदार प्रदर्शन रहा जब सिर्फ 57 गेंदों में चैपमैन ने नाबाद 104 रन बनाकर न्यूजीलैंड को पांच मैचों की श्रृंखला में बराबरी करने में मदद की। जयसूर्या ने टेस्ट में स्पिन बॉलिंग से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जुलाई 2022 में आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता था। बाएं हाथ के स्पिनर ने अब गॉल में आयरलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में दस विकेट लिए, जिसमें पहली पारी में 52 रन पर सात विकेट शामिल थे। इसके बाद उन्होंने दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में सात विकेट लिए, जिसमें एक और पांच विकेट शामिल थे और दूसरी पारी के

दौरान खेल के इतिहास में 50 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले सबसे तेज स्पिनर बने और केवल सात टेस्ट में यह रिकॉर्ड हासिल किया। दूसरी ओर, फखर जमान न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20ई श्रृंखला में कुछ खास नहीं कर सके लेकिन एकदिवसीय श्रृंखला में स्थिति पूरी तरह बदल गई। सलामी बल्लेबाज ने 289 रनों का पीछा करते हुए इमाम-उल-हक के साथ 124 रनों की जबरदस्त साझेदारी की, और आखिरकार 114 गेंदों में 117 रनों की नियंत्रित पारी खेलकर पाकिस्तान को पांच विकेट से जीत दिलाई। दूसरे एकदिवसीय मैच में जीत के लिए 337 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए जमान ने एक बार फिर न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर हावी होकर यादगार नाबाद 180 रन बनाए और टॉप ऑर्डर में बड़ी साझेदारी की, जिससे पाकिस्तान अपना अब तक का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज करने में सफल रहा। आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए थाईलैंड की नारुमोल चायवई, यूएई की कविशा एगोडागे और जिम्बाब्वे की केलिस एनधलोवु को चुना गया है। थाईलैंड की जिम्बाब्वे पर 3-0 से सीरीज जीत के दौरान बैंकॉक में नरुएमोल ने दो निर्णायक अर्धशतक बनाए थे। कविशा ने संयुक्त अरब अमीरात के लिए आठ टी20ई मैच खेले, युगांडा में विक्टोरिया महिला टी20 सीरीज और उसके बाद नामीबिया में महिला टी20 चतुष्कोणीय सीरीज। 20 वर्षीय ने टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर के रूप में विक्टोरिया महिला टी20 सीरीज को समाप्त किया, और टी20 में 236 रन बनाने के लिए लगातार 30 से अधिक का योगदान दिया।

शतरंजः वंतिका अग्रवाल भारत में नंबर तीन रैंकिंग पर पहुंची

एजेंसी। नई दिल्ली

उभरती भारतीय शतरंज खिलाड़ी वन्तिका अग्रवाल अपने करियर में उछाल हासिल करते हुए 2428 रेटिंग अंकों के साथ भारत में महिला वर्ग में तीसरे नंबर पर पहुंच गयी हैं। 21 वर्षीय वन्तिका 2020 में ओलम्पियाड विजेता भारतीय टीम का हिस्सा थीं, का हाल में अच्छा प्रदर्शन रहा है। उन्होंने अपने पिछले चार अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटो से 61 अंक बटोरे हैं, जिसमें स्पेन में मेनोर्का ओपन में महिला चैंपियन बनना शामिल है। उन्होंने कहा, भारत में नंबर तीन बनना रोमांचक अनुभव है। ईमानदारी से कहूं तो मैं जानती थी कि मैं ऐसा कर सकती हूं लेकिन उम्मीद नहीं थी कि यह सब इतना जल्दी हो जाएगा। मैं अब यहीं नहीं रुकूंगी

और मैं कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगी जिससे मैं ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर सकूं। मेरा लक्ष्य भारत की नंबर एक खिलाड़ी बनना है। इसे हासिल करने के लिए मुझे और मजबूत टूर्नामेंट खेलने होंगे।" नोयडा की निवासी महिला ग्रैंडमास्टर वन्तिका इंटरनेशनल परिध्श्य में लगातार परफॉर्म करने वाली खिलाड़ी रही हैं। वह पिछले महीने इंटरनेशनल नॉर्म हासिल करने वाली 11वीं भारतीय महिला बनी थीं। युवा खिलाड़ी को इस वर्ष ग्रैंडमास्टर बनने का विश्वास है।

आईपीएल 2023 | **ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने कर दी भविष्यवाणी**

रिंकू सिंह जल्द ही टीम इंडिया के लिए खेलेंगे

एजेंसी। नई दिल्ली

आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह का अब तक का प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। खासकर उन्होंने इस सीजन में गुजरात टाइट्स के खिलाफ 21 गेंदों में खेली गई 48 रनों की पारी और इस मैच में आखिरी गेंद पर लगाए गए लगातार पांच छक्कों से टीम को जीत दिलाने के कारनामे के बाद सभी का ध्यान आकर्षित किया है। रिंकू इस सीजन 9 मैचों 54 की औसत से 270 रन बना चुके हैं और वह कोलकाता के लिए इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। वहीं रिंकू के इस शानदार प्रदर्शन को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड हसी ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि

वह जल्द ही भारतीय टीम में जगह बना सकते हैं। दिग्गज बल्लेबाज डेविड हसी ने रिंकू सिंह तारीफ करते हुए कहा, रिंकू एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। वह डोमेस्टिक क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आईपीएल में कोलकाता के लिए खेलते हुए उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। कोलकाता के लिए खेलकर उनके खेल का स्तर ऊपर की ओर गया है। मुझे उम्मीद है कि भारतीय टीम में जल्द ही जगह बनाएंगे।

कोलकाता का इस सीजन में अब तक रहा खराब प्रदर्शन

आईपीएल 2023 में कोलकाता के बल्लेबाज रिंकू सिंह जहां जमकर सुर्खियां बटौर रहे हैं, लेकिन उनकी टीम का इस सीजन में बेहद खराब प्रदर्शन रहा है। कोलकाता ने अब तक इस सीजन में 9 मैच खेले हैं और सिर्फ तीन जीत के साथ प्वाइंट टेबल में 8वें स्थान पर है। केकेआर का इस सीजन में प्लेऑफ का राह अब काफी मुश्किल हो गया है।